राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 08 अक्टूबर 2025
वर्ष 07, अंक 13, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जमीनी विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले 4 घायल, मुकदमा दर्ज...03

रूस ने 3000 KM तहलका मचाने वाला फाइटर जेट दुनिया के सामने पेश किया, खासियत जानें ...12

# बिहार SIR: 3.66 लाख मतदाताओं की स्थिति पर सुनवाई, SC ने EC से मांगा ब्योरा

**● सुप्रीम कोर्ट ने बिहार एसआईआर प्रक्रिया से बाहर हुए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा चुनाव आयोग से मांगा है. कोर्ट ने कहा कि यदि कोई वास्तविक पीड़ित सामने आता है तो वह चुनाव आयोग को निर्देश दे सकता है. चुनाव आयोग ने बताया कि अधिकांश नए मतदाता जोड़े गए हैं और किसी बहिष्कृत मतदाता ने शिकायत नहीं की है**

बिहार एसआईआर प्रक्रिया मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश आया है. कोर्ट ने चुनाव आयोग से एसआईआर प्रक्रिया के तहत तैयार अंतिम मतदाता सूची से बाहर रखे गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा मांगा है. चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची में जोड़े गए अधिकांश नाम नए मतदाताओं के हैं, कुछ पुराने मतदाता हैं. अब तक किसी भी बहिष्कृत मतदाता द्वारा कोई शिकायत या अपील दायर नहीं की गई है. मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को दोपहर 3:45 बजे होगी।

बिहार SIR मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकीलों से पूछा कि SIR से प्रभावित लोग कहां हैं? प्रशांत भूषण ने कहा कि मैं 100 ऐसे लोगों को ला सकता हूं. आपको कितने लोग चाहिए? मैं पहले भी ऐसा कर चुका हूं. जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति वास्तव में पीड़ित है और वह आता है तो हम चुनाव आयोग को निर्देश दे सकते हैं।

**चुनाव आयोग को बदनाम करना बंद करना चाहिए**

वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने एक आवेदक की ओर से कहा, उन्हें चुनाव आयोग को बदनाम करना बंद करना चाहिए. सार्वजनिक मीडिया में वो वोट चोरी वगैरह कहते हैं, उन्हें ऐसा करना बंद करना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट निगरानी कर रहा है, समानांतर नहीं हो सकता. जो पक्ष ये आरोप लगा रहे हैं, उनकी सुनवाई नहीं होनी चाहिए. हंसारिया ने अन्य राज्यों में भी एसआईआर शुरू करने का अनुरोध किया. जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि एक विशेष राज्य में जहां एसआईआर शुरू किया गया था, हमने निगरानी की है. बाकी राज्य, यह चुनाव आयोग का अधिकार क्षेत्र है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सभी के पास वोटर लिस्ट का मसौदा है. अंतिम सूची भी प्रकाशित हो चुकी है. इसलिए तुलनात्मक विश्लेषण से आवश्यक आंकड़े पेश किए जा सकते हैं. जस्टिस बागची ने चुनाव आयोग का पक्ष रखने के लिए पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा, अदालती आदेशों के परिणामस्वरूप चुनावी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और पहुंच बढ़ी है।

**मसौदा सूची की संख्या में इजाफा हुआ है**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, चूंकि अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या से ऐसा लगता है कि मसौदा सूची की संख्या में इजाफा हुआ है, इसलिए किसी भी भ्रम से बचने के लिए अतिरिक्त मतदाताओं की पहचान का



खुलासा होना चाहिए. जस्टिस बागची ने कहा, हमसे सहमत होंगे कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और पहुंच में सुधार हुआ है. मगर, आप किसी को लिस्ट से हटा रहे हैं तो कृपया नियम 21 और एसओपी का पालन करें।

**सूची में किनके नाम जोड़े गए, स्पष्ट करना जरूरी- जस्टिस बागची**

कोर्ट ने यह भी कहा कि अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि देखने को मिल रही है, इसलिए किसके नाम जोड़े गए हैं (पुराने हटाए गए नाम हैं या नए मतदाता हैं) यह स्पष्ट किया जाना चाहिए ताकि भ्रम न हो। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, आप भी मानेंगे कि पारदर्शिता और पहुंच में सुधार हुआ है। ऐसा लग रहा है कि आपने मसौदा सूची में 65 लाख नाम हटाए। हमने कहा था कि जो मृतक हैं या कहीं और चले गए हैं, उन्हें हटाना ठीक है। लेकिन अगर किसी का नाम हटा रहे हैं तो नियम 21 और एसओपी का पालन करें।

**नए मतदाताओं के हैं अधिकतर जोड़े गए नाम- वकील**

उन्होंने कहा, हमने यह भी कहा था कि हटाए गए नामों की जानकारी अपने दफ्तरों में लगाएं। अब अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी है कि जोड़े गए नाम पुराने हटाए गए लोगों के हैं या नए मतदाताओं के। इस पर वकील द्विवेदी ने जवाब दिया कि अधिकतर जोड़े गए नाम नए मतदाताओं के हैं। हालांकि, कुछ पुराने मतादाता भी हैं जिनके नाम मसौदा सूची के बाद जोड़े गए। उन्होंने कहा, अब तक किसी भी हटाए गए मतदाता ने कोई शिकायत या अपील दर्ज नहीं करवाई है।

**आयोग ने 30 सितंबर को जारी की थी अंतिम मतदाता सूची**

30 सितंबर को चुनाव आयोग ने बिहार की अंतिम मतदाता सूची जारी की थी। आयोग ने बताया कि कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 47 लाख घटकर 7.42 करोड़ रह गई, जो पहले 7.89 करोड़ थी। यह विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद हुआ। हालांकि, मसौदा सूची (एक अगस्त को जारी) की तुलना में अंतिम आंकड़ा 17.87 लाख बढ़ा है। मसौदा सूची में 65 लाख मतदाताओं को हटाया गया था, जिनमें वे लोग शामिल थे जो मर चुके थे, दूसरी जगह पर चले गए थे (प्रवास) या जिनके नाम सूची में दो बार दर्ज थे (डुप्लीकेट)।

# CJI पर हमला केस- देश के अटॉर्नी जनरल को पत्र, दो के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग

**● देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर कोर्ट रूम में हमले की कोशिश की घटना को लेकर मिशन अंबेडकर के संस्थापक ने देश के अटॉर्नी जनरल को पत्र लिखा है. इस पत्र में उन्होंने यूट्यूबर अजीत भारती और अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी है**




देश के अटॉर्नी जनरल के समक्ष याचिका दायर कर अनिरुद्धाचार्य और यूट्यूबर अजीत भारती के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की सहमति मांगी गई है. यह याचिका उनकी टिप्पणियों को लेकर दायर की गई जिसमें उन्होंने कथित तौर पर भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हमला करने के लिए उकसाया था.

मिशन अंबेडकर के संस्थापक सूरज कुमार बौद्ध ने भारत के अटॉर्नी जनरल को एक पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हमले के प्रयास को भड़काने में कथित रूप से शामिल दो व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी है।

**'टिप्पणियों को लेकर धमकी दी थी...'**

अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को लिखे पत्र में, बौद्ध ने इस बात का जिक्र किया है कि 6 अक्टूबर को CJI पर हुए हमले से पहले, अनिरुद्धाचार्य उर्फ अनिरुद्ध राम तिवारी नामक एक धार्मिक वक्ता ने एक वीडियो जारी कर मुख्य न्यायाधीश को विष्णु मूर्ति मामले में उनकी टिप्पणियों को लेकर धमकी दी थी।

21 सितंबर, 2025 को, धार्मिक वक्ता अनिरुद्धाचार्य उर्फ अनिरुद्ध राम तिवारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. जिसमें उन्होंने भारत के मुख्य न्यायाधीश को सीधी धमकी देते हुए कहा था कि अगर आप अपनी छाती फड़वाना चाहते हैं, तो मुझे बताएं. मुख्य न्यायाधीश द्वारा भगवान विष्णु के बारे में की गई टिप्पणी के जवाब में दिए गए इस बयान की व्यापक रूप से देश के सर्वोच्च न्यायिक प्राधिकारी के खिलाफ हिंसा भड़काने की कोशिश की गई।

**वकील ने हमले की कोशिश की**

दरअसल, देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर कोर्ट रूम में ही एक वकील ने हमले की कोशिश की. उनकी तरफ जूता फेंकने की कोशिश की थी, लेकिन समय रहते वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने पकड़कर बाहर कर दिया. घटना के बाद सीजेआई ने सुरक्षाकर्मियों से इसे नजरअंदाज करने की बात कहते हुए सुनवाई शुरू कर दी थी।

हमले के बाद अब मिशन अंबेडकर के संस्थापक सूरज कुमार बौद्ध ने देश के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को पत्र लिखकर दो व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही की अनुमति मांगी है।

3 घंटे पूछताछ के बाद पुलिस ने वकील को छोड़ा, बार ने निलंबित किया

जूता फेंकने वाले वकील को पुलिस ने सोमवार को हिरासत में लेने के बाद सुप्रीम कोर्ट कैंपस में ही 3 घंटे पूछताछ की थी। पुलिस ने कहा कि स्ट अधिकारियों ने मामले में कोई शिकायत नहीं की। उनसे बातचीत के बाद वकील को छोड़ा गया।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (SCBA) ने आरोपी वकील राकेश किशोर कुमार का लाइसेंस रद्द कर दिया है। उसका रजिस्ट्रेशन 2011 का है। इसके साथ ही बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) ने भी आरोपी को तुरंत निलंबित कर दिया।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा ने ये आदेश जारी किया था। उन्होंने कहा था कि यह वकीलों के आचरण, नियमों का उल्लंघन है। निलंबन के दौरान किशोर कहीं भी प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे। 15 दिनों में शो कॉज नोटिस भी जारी किया जाएगा।

**क्या है पूरा मामला?**

पूरा मामला खजुराहो के जवारी मंदिर से जुड़ा है. पिछले दिनों चीफ जस्टिस ने इस मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित करने वाली याचिका खारिज कर दी थी. इतना ही नहीं सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस अपने दिए गए बयानों को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गए. इसके बाद सोशल मीडिया पर उनका विरोध शुरू हो गया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### स्कूल गई छात्रा घर नहीं लौटी, परिजन रो-रोकर परेशान, तलाश शुरू



**प्रयागराज यमुनानगर(मेजा)।** तहसील क्षेत्र से एक छात्रा रहस्यमय तरीके से स्कूल से अचानक गायब होने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि रामनगर गांव निवासी छात्रा कल्पना गौड़ (12 वर्ष) गांव स्थित कन्या पाठशाला में छठवीं कक्षा की छात्रा है। उसके पिता का नाम धीरज गौड़ है। कल्पना गौड़ सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। छात्रा मेजा शिववंश राय का पूरा रामनगर की रहने वाली है। कल्पना के घर न लौटने पर परिजन रो-रोकर परेशान हो रहे हैं और उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। परिजनों ने ग्रामीणों व स्थानीय प्रशासन से कल्पना को ढूंढ़ने में मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि यदि किसी को भी कल्पना गौड़ के बारे में जानकारी मिले तो तुरन्त उसके परिवार वालों को सूचित कर दें। रामनगर चौकी प्रभारी अभिनव उपाध्याय ने बताया कि उन्हें इस मामले में पीड़िता से तहरीर मिली है और छात्रा की तलाश के लिए लगातार पहल की जा रही है।

### अखिलेश यादव आजम खान से मिलने कल जाएंगे रामपुर

**लखनऊ, 08 अक्टूबर 2025।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को पूर्व मंत्री आजम खान से मिलने रामपुर जाएंगे। वे चार्टर प्लेन से बरेली एयरपोर्ट पर उतरकर सड़क मार्ग से रामपुर पहुंचेंगे। इस मुलाकात को सपा संगठन में समरसता और आजम खान के सम्मान के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। अखिलेश यादव बरेली में हाल ही में हुए पुलिस लाठीचार्ज प्रकरण की जानकारी भी स्थानीय नेताओं से लेंगे। रामपुर और बरेली प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

# डिजिटल ई क्राप सर्वे में धीमी गति पर खंड विकास अधिकारी दुबौलिया संदीप सिंह जताई नाराजगी

**● निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत डिजिटल ई क्राप सर्वे को शत प्रतिशत न पूरा करने वाले समस्त सचिवों की वेतन होगी बाधित- बीडीओ रोजगार सेवको व पंचायत सहायकों का मानदेय रोकने के बाद सेवा समाप्ति हेतु उच्च अधिकारियों से ली जाएगी अनुमति - बीडीओ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिलेके खंड विकास अधिकारी दुबौलिया संदीप सिंह ने डिजिटल ई क्राप सर्वे में शिथिलता बरतने वाले समस्त सचिवों, समस्त रोजगार सेवकों व समस्त पंचायत सहायकों को चेतावनी पत्र जारी किया है। चेतावनी पत्र में खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने लिखा है कि तत्काल समस्त सचिव, समस्त रोजगार सेवक व समस्त पंचायत सहायक निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत डिटिजल ई क्राप सर्वे का कार्य पूर्ण कर ले नही तो डिजिटल ई क्राप सर्वे में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह के चेतावनी पत्र जारी करने को लेकर विकासखंड में हड़कंप मचा हुआ है समस्त सचिव, समस्त रोजगार सेवक व समस्त पंचायत सहायक कुंभकर्णी नींद से जग गये है। आपको बता दे कि जिलापंचायत राज अधिकारी बस्ती के कार्यालय पत्र संख्या-3581/7 पंचायत/ स्था0/2025-26 दिनांक-30.09.2025 एवं खण्ड विकास अधिकारी दुबौलिया के कार्यालय पत्र संख्या 1430/ई-क्रॉप सर्वे/2025-26 दिनांक 04.10.2025 के क्रम में समस्त सचिव ,समस्त रोजगार सेवक व समस्त पंचायत सहायकों को निर्देशित किया गया था कि डिजिटल ई-क्राप सर्वे में विकास खण्ड दुबौलिया की समुचित प्रगति न होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया है कि डिजिटल ई-क्राप सर्वे कार्य समय सीमा के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उक्त के क्रम में विकास खण्ड




दुबौलिया में डिजिटल ई-क्राप सर्वे कार्य में लगाये गये सचिव/ पंचायत सहायक/रोजगार सेवक की समीक्षा बैठकों में व्हाट्सएप के माध्यम से प्रतिदिन दूरभाष द्वारा समीक्षा किये जाने पर भी विकास खण्ड दुबौलिया की डिजिटल क्राप सर्वे कार्य की प्रगति खराब पायी गयी है जिससे यह स्पष्ट हैं कि समस्त सचिव ,समस्त रोजगार सेवक व समस्त पंचायत सहायको द्वारा उक्त कार्य में कोई रुचि नहीं ली जा रही है। खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने समस्त सचिव , समस्त रोजगार सेवक व समस्त पंचायत सहायकों को पुनः निर्देशित किया है कि सभी अपने क्षेत्र से संबंधित ग्राम पंचायतों/राजस्व ग्रामों का डिजिटल ई-काप सर्वे का कार्य समय सीमा के अन्दर शत् प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में संबंधित ग्राम पंचायत सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक स्वयं जिम्मेदार होंगे। खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने कहा है कि यदि समय सीमा के अंतर्गत डिजिटल ई क्राप सर्वे का कार्य पूर्ण नहीं होता है तो ग्राम पंचायत सचिव का वेतन बाधित करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाएगी साथ ही संबंधित रोजगार सेवकों व पंचायत सहायकों का मानदेय बाधित करते हुए संविदा समाप्त करने के संबंध में उच्च अधिकारियों के पास कार्रवाई हेतु अनुमति ली जायेगी।

# अधिवक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर किया विरोध प्रदर्शन; CJI पर हुए हमले की कड़ी निंदा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण चप्पल उछालने की घटना के विरोध में मंगलवार को प्रयागराज के सैकड़ों अधिवक्ता एकजुट हुए। उच्च न्यायालय परिसर के समीप स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और घटना की कड़ी निंदा की। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह घटना भारतीय न्याय व्यवस्था और संविधान की गरिमा पर सीधा हमला है। उन्होंने न्यायपालिका के सम्मान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संकल्प भी लिया।

**सभा के दौरान अधिवक्ताओं ने नारे लगाए—** "न्यायपालिका का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान"

"मुख्य न्यायाधीश का सम्मान, देश का सम्मान"

"बाबा साहेब का संविधान, सबसे ऊपर न्याय विधान"

सभा का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि – "इस प्रकार की घटनाएं न केवल न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुँचाती हैं, बल्कि कानून के शासन में आम जनता के विश्वास को भी कमजोर करती हैं।" अधिवक्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि इस तरह के असंवेदनशील व्यवहार पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# पृथ्वी शॉ ने शतक ठोकने के बाद की लड़ाई, बीच मैदान पर हाई वोल्टेज ड्रामा

पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में कमाल का शतक जमाया लेकिन उनके आउट होते ही मैच में बवाल हो गया. ये खिलाड़ी अपने पुराने साथियों से भिड़ गया, जानिए क्या है मामला?पृथ्वी शॉ ने एक बार फिर वो कर दिखाया है जिसके लिए वो जाने जाते हैं. रणजी ट्रॉफी से पहले महाराष्ट्र के लिए प्रैक्टिस मैच खेल रहे पृथ्वी शॉ ने तूफानी शतक लगाया है. बड़ी बात ये है कि शॉ के बल्ले से ये शतक अपनी पुरानी रणजी टीम मुंबई के खिलाफ निकला है जिसे वो इसी साल छोड़कर गए हैं. एमसीए में खेले जा रहे इस मुकाबले में पृथ्वी ने मुंबई के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर दी. शॉ ने तूफानी बैटिंग करते हुए 219 गेंदों में 181 रन बनाए. हालांकि पृथ्वी शॉ के इस शतक के बाद मैच में जबरदस्त विवाद हो गया. ये खिलाड़ी मुंबई के खिलाड़ियों से भिड़ गया।

**पृथ्वी शॉ की लड़ाई**

पृथ्वी शॉ ने मुंबई के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की, वो 73.2 ओवर तक क्रीज पर रहे और इस दौरान उन्होंने 219 गेंदों में 181 रन कूट दिए. शॉ के इस शतक की मदद से महाराष्ट्र की टीम 430 रनों तक पहुंच चुकी थी लेकिन जैसे ही ये खिलाड़ी आउट हुआ बीच मैदान पर बड़ा बवाल हो गया. पृथ्वी शॉ को मुशीर खान ने आउट किया और इसके बाद मुंबई के खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ स्लेजिंग की. स्लेजिंग सुनते ही पृथ्वी शॉ ने आपा खो दिया और वो मुंबई के खिलाड़ियों पर चिल्लाते नजर आए. जब मामला बढ़ गया तो अंपायर को बीच-बचाव करना पड़ा।

**पृथ्वी शॉ ने की 305 रनों की साझेदारी**

पृथ्वी शॉ ने अपनी पारी में कमाल बैटिंग की. इस खिलाड़ी ने ऑलराउंडर अर्शीन कुलकर्णी के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 305 रन जोड़े. बड़ी बात ये है कि पृथ्वी शॉ ने इस मैच में अपने अंदाज से जुदा बैटिंग की. उन्होंने 84 गेंदों में अर्धशतक लगाया और 144 गेंदों में वो शतक तक पहुंचे.शॉ ने अपनी बैटिंग से साफ कर दिया है कि इस रणजी सीजन वो महाराष्ट्र के लिए कमाल करने वाले हैं।

# 10 Rupee Coin: 10 रुपये के सिक्के को लेकर आई बड़ी खबर, RBI ने दी ये जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**10 Rupee Coin:** आजकल अगर आप किसी दुकान पर 10 रुपये का सिक्का लेकर जाएं, तो अक्सर दुकानदार यह कहता नजर आता है - "साहब, यह सिक्का नहीं चलता, दूसरा दीजिए।" यह समस्या अब आम होती जा रही है। दरअसल, अलग-अलग डिज़ाइन वाले 10 रुपये के सिक्कों को देखकर आम लोग ही नहीं, कई व्यापारी भी कंफ्यूज हो जाते हैं कि कौन सा असली है और कौन सा नकली। इसी भ्रम की वजह से लोग इन सिक्कों को लेने से झिझकने लगे हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या वाकई में 10 रुपये के सिक्के को आरबीआई या सरकार ने बंद कर दिया है?

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने पहली बार 10 रुपये का सिक्का 2005 में तैयार किया और इसे 2006 में आम जनता के लिए जारी किया गया था। यह भारत का पहला "द्विधात्विक" सिक्का है, यानी दो धातुओं से बना हुआ। इस सिक्के का केंद्रीय हिस्सा तांबा-निकल (Copper-Nickel) का होता है, जबकि बाहरी रिंग एल्युमीनियम-कांसे (Aluminium-Bronze) की बनी होती है। इस सिक्के के शुरुआत से लेकर अब तक RBI ने 14 से अधिक डिज़ाइन जारी किए हैं। ये बदलाव अक्सर विशेष अवसरों, महापुरुषों की स्मृति या फिर जनहित से जुड़ी वजहों से किए जाते हैं। हालांकि डिज़ाइन में अंतर होता है, लेकिन ये सभी सिक्के कानूनी रूप से मान्य और वैध मुद्रा हैं

2011 में जब भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर रुपये का प्रतीक चिह्न (?) जारी किया, तो उसके बाद ढाले गए सभी सिक्कों में यह चिह्न शामिल किया गया। लेकिन इससे पहले के सिक्कों में यह चिह्न नहीं होता। इसी के चलते एक अफवाह फैल गई कि रुपये के प्रतीक के बिना वाले सिक्के नकली हैं, और नोटबंदी के समय यह भ्रम और भी अधिक बढ़ गया।

RBI को इस झूठ को खत्म करने के लिए कई बार सार्वजनिक तौर पर बयान देना पड़ा।




आरबीआई ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि 10 रुपये का सिक्का वैध मुद्रा है, और इसे लेने से इनकार करना न सिर्फ गलत, बल्कि कानूनी रूप से भी अनुचित है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति इन सिक्कों को लेने से इनकार करे, तो उन्हें सही जानकारी दें और जागरूक बनाएं। अब अगर कोई आपसे कहे कि "ये सिक्का नहीं चल रहा", तो बेझिझक कहिए, ÷चल रहा है - 100% - और RBI ने खुद कहा है।" साथ ही, WhatsApp या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर आने वाली किसी भी अफवाह पर भरोसा करने से पहले, सरकारी और आधिकारिक स्रोतों की पुष्टि जरूर करें।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि 10 रुपये के सभी सिक्के, चाहे उनका डिज़ाइन कैसा भी हो, और चाहे उनमें का चिह्न हो या न हो- सभी असली और पूरी तरह वैध हैं। आम जनता और व्यापारी दोनों को यह सिक्के बिना किसी झिझक के स्वीकार करने चाहिए।

दुर्भाग्यवश कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर झूठी अफवाहें फैलाकर जनता में भ्रम फैला रहे हैं। पुराने और नए डिज़ाइनों का एक साथ बाजार में चलन में होना बिल्कुल सामान्य बात है, लेकिन लोग इसी बात को आधार बनाकर शक करने लगते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर श्रवण धाम में हुआ सुन्दरकाण्ड पाठ



**अम्बेडकरनगर।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विकास खंड कटेहरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत चिउटीपारा स्थित धार्मिक स्थल श्रवण धाम में मंगलवार को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कटेहरी दुर्गा प्रसाद पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था सचिव आनन्द कुमार पाण्डेय, ग्राम प्रधान मूसेपुर गिरण्ट, पूर्व प्रधान कुड़ियां चितौना अरुण कुमार सिंह, तथा श्रवण धाम महंत बच्ची दास की देखरेख में हुई।कार्यक्रम में शैलेश कुमार तिवारी, सुनील कुमार तिवारी, सचिव माण्डवी उपाध्याय, शिवकुमार मोर्या, सोमनाथ कनौजिया, अनिल कुमार शर्मा और पंडित सुनील कुमार मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।सैकड़ों श्रद्धालु श्रीराम भक्तों ने भक्ति भाव से सुन्दरकाण्ड पाठ का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे परिसर में जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### शौच को निकली किशोरी की लाश मिली



**बलरामपुर/** उतरौला।थाना रेहरा बाजार क्षेत्र के ग्राम सकड़रिया में बीती शाम घर से शौच के लिए निकली एक किशोरी का शव मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में खेत के किनारे पानी भरे गड्ढे में मिला। घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया।सकड़रिया निवासी जानकी देवी पत्नी हरिहर प्रसाद विश्वकर्मा ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी रेशमी सोमवार की शाम करीब छह बजे शौच के लिए घर से निकली थी। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार की सुबह 07 बजे ग्रामीणों ने उसका शव गांव के पास स्थित नहर के बगल खेत के किनारे पानी भरे गड्ढे में देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने किया मूर्ति विर्सजन तैयारियों का निरीक्षण



**बस्ती।** बस्ती शहर और आसपास के देवी प्रतिमाओं का विर्सजन मंगलवार को अमहट घाट पर विधि विधान से परम्परानुसार होगा। सोमवार को हवन सम्पन्न हुआ। नगर पालिका परिषद की ओर से देवी प्रतिमाओं का विर्सजन हेतु व्यापक तैयारियां की गई है। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा ने वरिष्ठ भाजपा नेता अंकुर वर्मा के साथ तैयारियों का निरीक्षण किया। कुंआनो तट पर प्रकाश व्यवस्था आदि सुविधाओं का निरीक्षण करते हुये उन्होने निर्देश दिया कि मूर्ति विर्सजन में किसी प्रकार का व्यवधान न आने पाये। पुलिस व्यवस्था अलर्ट मोड पर है किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना घटे इसके लिए प्रशासन कमर कस लिया है पुलिस का पहरा लगा हुआ है किसी प्रकार की अप्रिय घटना कितना घाट में पाए इसके लिए सिविल ड्रेस में पुलिस व्यवस्था की गई है जिससे चोरोचकों से सावधान रहना है मगर पालिका क्षेत्र में लगभग शहर से ग्रामीण क्षेत्र की मूर्तियां आकर के विसर्जित होती है किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन मौके पर मुस्तैद है नगर पालिका प्रशासन तथा सफाई कर्मी मौखिक मौजूद रहेंगे अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने बताया कि मूर्ति विर्सजन की नगर पालिका की ओर से तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। निरीक्षण के दौरान कृष्ण कुमार पाण्डेय 'सोनू', राम स्नेही यादव,, अर्पित निगम, दुर्गेश त्रिपाठी, विवेक श्रीवास्तव, राजाराम, बब्लू श्रीवास्तव, अरुण तिवारी के साथ ही अनेक सभासद और नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। जगह-जगह प्रकाश की व्यवस्था की गई है और सीरियल नंबर से मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। सभी भक्तगण से अनुरोध है कि पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन की मदद करें और शांति व्यवस्था में विसर्जन करें।

# कोतवाल की मनमानी के चलते न्याय के लिये दर दर भटक रही है यौन उत्पीड़न की शिकार युवती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में मिशन शक्ति के 5 वें फेज में बस्ती पुलिस स्कूल कालेजों, पुलिस थानों और बाजारों में महिलाओं तथा बच्चियों को जागरूक करने के लिये तरह तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है, वहीं शहर कोतवाल की मनमानी के चलते एक युवती न्याय के लिये दर दर भटकने को विवश है। युवती कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है जो वर्तमान में बस्ती शहर में रहकर जीवनयापन कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक युवती ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर खुद के साथ हुये यौन उत्पीड़न की जानकारी देते हुये कार्यवाही की मांग किया था। लेकिन कोतवाल ने इस मामले में कोई रूचि नही दिखाई। मजबूर होकर युवती ने पुलिस उप महानिरीक्षक से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराया और न्याय की फरियाद की। युवती द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के मुताबिक उसकी शादी बनकटी मे हुई थी, वैचारिक मतभेद के कारण वह साल 2012 से अपने पति से अलग हो गई। वर्ततान में ससुराल से उसका कोई सम्बन्ध नही है। पति ने दूसरी शादी भी कर लिया। शहर में एक संस्था में कार्य करने के दौरान भूवर निरंजनपुर का रहने वाला गैर समुदाय का एक युवक उसके संपर्क में आया। बार बार मुलाकात से उसकी निकटता बढ़ती गई। युवक ने शादी का वादा कर अनेकों बार शारीरिक सम्बन्ध बनाया। युवती का पहले पति से एक बच्चा है जिसकी परवरिश के लिये वह प्राइवेट नोकरी करती है और किराये का मकान लेकर रहती है। गैर समुदाय का युवक उसके साथ पति की तरह रहा। युवती के मुताबिक जब उसने शादी का दबाव बनाया तो वह वादे से मुकरने लगा। कहा अपने पिता से कहो दो लाख रूपया और एक बीघा खेत उसके नाम करे तब शादी करेगा। युवती द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के मुताबिक गैर समुदाय के युवक ने उसे धमकी देते हुये कहा ज्यादा दबाव बनाने की कोशिश किया तो हम मुसलमान हैं तुमको बोटी बोटी काटकर फेंक देंगे। युवती डरी हुई है। उसके साथ एक बेटा है, बाकी खुद को अकेला और अनहोनी की आशंकाओं से घिरा हुआ महसूस कर रही है। ये मामला हिन्दू युवती और गैर समुदाय के युवक से जुड़ा होने के कारण अन्य मामलों से गंभीर है लेकिन कोतवाल ने इसे कूड़ेदान में डाल दिया है। दबी जुबान से पीड़िता ने कहा कि उसके या बेटे के साथ कोई घटना हुई तो इसके जिम्मेदार कोतवाल खुद होंगे।

## चांदी के करवों की बिक्री 25 फीसदी बढ़ी

**बलरामपुर।** करवा चौथ पर्व करीब आते ही शहर के सर्राफा बाजारों में चांदी की चमक बढ़ गई है। इस बार महिलाएं डिजाइनर और कम वजन वाले चांदी के करवों की खरीदारी कर रही हैं। बाजार में 50 ग्राम से लेकर 250 ग्राम तक वजन के चांदी के करवे उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 6 हजार से लेकर 30 हजार रुपये तक है। शहर निवासी रीना वर्मा ने बताया कि महंगाई जरूर बढ़ी है, पर करवा चौथ पर चांदी का करवा खरीदना शुभ माना जाता है। इस बार मैंने 100 ग्राम का करवा खरीदा है जो 14 हजार रुपये का मिला है। पिछले साल की तुलना में इस बार करवा महंगा पड़ा है, लेकिन परंपरा से समझौता नहीं किया जा सकता। कविता मिश्रा ने कहा कि डिजाइनर करवों की इतनी वैरायटी है कि चुनना मुश्किल हो गया है, हर डिजाइन आकर्षक है। वहीं पूजा श्रीवास्तव ने कहा कि भीड़ से बचने के लिए मैंने पहले ही बुकिंग करा ली थी, ताकि मनपसंद डिजाइन मिल सके। सर्राफा व्यापारी ने बताया कि इस बार करवों की मांग में करीब 25 फीसदी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब छोटे वजन के करवों को प्राथमिकता दे रही हैं। वहीं व्यापारी गुड्डू सर्राफ ने बताया कि चांदी के भाव में तेजी के बावजूद खरीदारी में कोई कमी नहीं आई है।

# एक करोड़ से गैसड़ी में होगा सड़कों का निर्माण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** नगर पंचायत गैसड़ी के वार्डों में विकास कार्यों को रफ्तार मिलेगी। नगर पंचायत क्षेत्र में पांच सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। निर्माण कार्य पूरा होने पर 20 हजार लोगों का आवागमन सुगम होगा। नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ लठावर में राम निवास मौर्य के खेत से फैजामुल हक के खेत तक सीसी सड़क निर्माण पर 21.21 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह राम अवतार मौर्य के खेत से फैजामुल हक के खेत तक 20.48 लाख रुपये से सड़क का निर्माण होगा। पुलिया से राम सरोज मौर्य के बाग तक सड़क निर्माण पर 18.28 लाख रुपये खर्च होंगे। सुखना मौर्य के खेत तक पर 18.09 लाख रुपये तथा राम निवास के खेत तक सीसीरोड का निर्माण 21.94 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा।

नगर पंचायत गैसड़ी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि नगर क्षेत्र में सड़कों और नालियों का निर्माण प्राथमिकता में शामिल है। इन परियोजनाओं से नागरिकों को बरसात के मौसम में जलभराव और आवागमन की दिक्कतों से राहत मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस वर्मा ने कहा कि गैसड़ी नगर पंचायत के सभी वार्डों में विकास कार्य लगातार चल रहे हैं। हर मोहल्ले तक सीसी सड़क और नाली का निर्माण कराया जा रहा है।

# कोयलाबास से नेपाल को भी तरक्की की उम्मीद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** बलरामपुर के जरवा के साथ ही नेपाल के कोयलाबास सीमा पर भी व्यावसायिक गतिविधि की तैयारी शुरू हो गई है। भंसार सीमा में वृद्धि के साथ ही इसके अंतरराष्ट्रीय व्यापार का प्रमुख केंद्र बनने से नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में तेजी से विकास की उम्मीद है। इसके लिए नेपाली व्यापारियों ने भी आवाज बुलंद की है। इसका असर तुलसीपुर क्षेत्र के तीन ब्लॉकों के 52 गांवों में भी दिखेगा। रोजगार बढ़ेगा। पलायन रुकेगा। दोनों देशों के व्यापारियों की मंशा है कि कोयलाबास सीमा को तरक्की का द्वार बनाया जाए। नेपाल के लमही उद्योग वाणिज्य संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को कहा कि कोयलाबास से कारोबार की असीम संभावनाएं हैं। बढ़नी और रूपईडीहा से ज्यादा प्रभावी क्षेत्र जरवा है। यहां पर कारोबार के साथ ही पर्यटन से जुड़े उद्योग को भी बढ़ावा मिल सकेगा। मीडिया प्रभारी राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि सीमा पर बैंक भी स्थापित किया जाए। इसके लिए भारत और नेपाल के वरिष्ठ अधिकारियों की जल्द ही संयुक्त बैठक होने की उम्मीद है।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रहरि और महामंत्री रूपचंद्र गुप्ता ने बताया कि हाल ही में हुई वार्ता के बाद कई अहम मुद्दे हल होते दिख रहे हैं। अब नेपाल सरकार की पहल का इंतजार है। वहां के व्यापारी भी सक्रिय हो गए हैं। नेपाल के उद्योग वाणिज्य संघों ने भरोसा जताया कि कारोबार की पहल से कोयलाबास के साथ ही लमही, घोड़ाही और गढ़वा क्षेत्र के लोगों का व्यापार तेज होगा। पदाधिकारी बसंत जोशी, नरेश श्रेष्ठ, ओम प्रकाश बैसाल कहते हैं कि व्यापारिक कार्य बढ़ाने की पहल हो रही है। इसकी ज्यादातर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि जरवा कस्टम में भंसार की सीमा बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। जरवा और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के व्यापारी हीरालाल यादव, सत्यनारायण गिरी, रामजी, राघव राम थारू ने कहा कि यह बॉर्डर सिर्फ व्यापार नहीं बल्कि तरक्की का दरवाजा है। इसे दोबारा खोलने से दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्र विकास की नई राह पर चल सकेंगे।

**चावल व आलू का निर्यात भी बढ़ेगा**

नेपाल सीमा पर कारोबार बढ़ने की उम्मीद से किसान भी उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है कि चावल और आलू का निर्यात बढ़ेगा, जिससे आमदनी बढ़ेगी। किसान हीरालाल ने बताया कि नेपाल में आलू व चावल की काफी मांग है। इसके अलावा हस्तशिल्प व मसाला उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। तुलसीपुर के व्यापारियों में इस बात से उत्साह है कि अब उनके साथ ही नेपाल में भी भंसार सीमा वृद्धि की मांग तेज हो गई है।

# स्वदेशी अपनाएं भारत को मजबूत बनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अंबेडकर नगर।** विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में सहायक स्वदेशी अपनाने की संकल्प पर भाजपा तेजी से काम कर रही है। भाजपा ने स्वदेशी अपनाने पर विभिन्न आयामों को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। भाजपा ने मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत विषय पर जिला कार्यालय अटल भवन में प्रेस वार्ता आयोजित किया। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं है, यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। कहा कि हमें विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय अपने जड़ों को पहचानना चाहिए। आज दुनियां में योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प, परंपरागत उद्योग, यह सब आज वैश्विक पहचान बना चुके हैं। कहा कि 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में स्वदेशी आंदोलन ने बंगाल विभाजन के विरोध में बहिष्कार से लेकर महात्मा गांधी के रचनात्मक कार्यों तक,स्वतंत्रता संग्राम में ऊर्जा भर दिया था। खादी आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश बन गया था। देश से स्थापित कुछ संघ संस्थाओं ने स्वदेशी को बढ़ावा देने में निरंतर अपना योगदान दिया है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने पश्चिमी विकास मॉडल और आयात पर निर्भर मिश्रित अर्थव्यवस्था अपनाई, जिससे स्थानीय उद्योग कमजोर हुए और विदेशी निर्भरता बढ़ गई। वर्ष 1964 में दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने स्वदेशी चेतना को पुनर्जीवित किया। उन्होंने ने हमें सिखाया आर्थिक आत्मनिर्भरता ही सुरक्षा है। यही प्रेरणा 1991 में आत्म निर्भर भारत के आंदोलन का आधार बनी, जिसे आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत का आवाहन किया था। आज मेक इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल अवसंरचना और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियान इसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। त्रयंबक तिवारी ने कहा कि आज भारत मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया से आगे बढ़ते हुए वेड इन इंडिया के मंत्र को अपना रहा है। कहा कि यह तब होगा जब हम स्वदेशी संकल्प को अपनाएं, देश में बनी हुई चीजों को गर्व से खरीदेंगे। हमें हर दुकान पर " गर्व से कहो ये स्वदेशी है " का बोर्ड अभियान चला कर लगाना चाहिए। हम सब मिलकर प्रतिज्ञा लें कि हम स्वदेशी अपनाएंगे, हम गर्व से कहेंगे यह स्वदेशी हैं। हम अपने भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाएंगे। प्रेस वार्ता में विधायक धर्म राज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष/जीएसटी अभियान संयोजक विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू,अभियान जिला संयोजक सुरेश कन्नौजिया,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय मुख्य रूप से शामिल रहे।

# कफ सिरप और पेन किलर देने में गाइडलाइन का करें पालन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए सोमवार को डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। डीएम ने चिकित्सालयों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा कि सभी अस्पतालों में बेड ऑक्युपेंसी बढ़ाई जाए, साफ-सफाई, शीतल पेयजल और स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीएम ने सभी चिकित्सकों को निर्देश दिया कि कफ सिरप और पेन किलर दवाओं को लिखते समय केंद्र सरकार की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करें। किसी भी स्तर पर गाइडलाइन की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नियमित टीकाकरण, आशा भुगतान, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान, आयुष्मान भारत, आभा आईडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की।

**बीपीएम की संविदा समाप्त करने का निर्देश**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार में स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही सामने आई। इस पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने पीएचसी के बीपीएम शैलेंद्र कुमार यादव की संविदा समाप्त करने का निर्देश दिया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल, सीएमएस डॉ. शारदा रंजन, एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव व जिला मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

# विकासखंड कुदरहा की सोशल ऑडिट को आनन फानन में समाप्त कर ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम प्रधान एवं ऑडिटर हुए तलब

**●आज सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद जिला विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह ब्लॉक मुख्यालय पर कई घंटों रहे उपस्थित**

**ब्लॉक मुख्यालय पर अवकाश के दिन ऑडिट में लगी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान /प्रतिनिधि एवं सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर घंटों रहे उपस्थित सफाई कर्मचारी मिराज जिला विकास अधिकारी कार्यालय में कार्यरत होकर ग्राम पंचायत सोशल ऑडिट मैं लगी ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को फोनकरताहैं क्या है इसका राज - सूत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिलेकेग्राम पंचायत सोशल ऑडिट का कार्य प्रगति पर चल रहा है जिसमें आज 7 अक्टूबर 2025 को विकासखंड कुदरहा के गोसइसीपुर, जनवल,ठेकवा, एवं जगन्नाथपुर में सोशल हुआ सोशल ऑडिट की उपस्थिति गांव पंचायत में हुई और जिला विकास अधिकारी की उपस्थिति ब्लॉक के मुख्यालय पर हुई ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर जिला विकास अधिकारी एवं उनके कार्यालय में कार्यरत सफाई कर्मचारी मेंराज द्वारा लगातार ग्राम प्रधान, सचिव टेबल सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर को फोन करके ब्लॉक मुख्यालय पर बुलाया गया जिसके कारण लगभग 11:00 बजे तक सभी ग्राम पंचायत में सोशल ऑडिट कार्य का औपचारिक गुणवत्ता विहीन कोरम पूरा कर ऑडिट से संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव एवं ऑडिटर ब्लॉक मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति जिला विकास अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किऐ बारी-बारी से एक एक ग्राम पंचायत के लोग जिला विकास अधिकारी से मुलाकात किए ग्राम पंचायत सोशल ऑडिट के दिन जिला विकास अधिकारी से ऑडिट भी लगी ग्राम पंचायत के ऑडिटर एवं प्रतिनिधियों सहित कुछ सचिवों का मिलना कुछ गड़बड़ घोटाले की तरफ संकेत करता है आखिर मामला क्या है इस पर उच्च अधिकारियों को संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि जिला विकास अधिकारी के इस प्रकार भ्रमण करने से ग्राम पंचायत सोशल ऑडिट में रिकवरी का परसेंटेज घटा है जिसका आश्चर्य जिला विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह को जाता है इस प्रकार जिले स्तर से कई पर्यवेक्षक अधिकारियों के लगने के बावजूद केवल जिला विकास अधिकारी ही ब्लॉक ब्लॉक ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत सोशल ऑडिट के दिन ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों से खास मुलाकात क्यों करते हैं क्या है इसका राज मेल मिला हो जाने के कारण ग्राम पंचायत सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर रिकवरी नहीं लिख रहे हैं यह एक जांच और निगरानी का विषय है बस्ती जनपद के सम्मानित जिला अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की जागरूकता के बावजूद यह भ्रष्टाचार भरा कदम सूत्रों के मुताबिक क्यों पनप रहा है कब होगी इस पर कार्यवाही।

# मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला

**●भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष ने की बैठक**

**शुकुल बाजार पुलिस द्वारा किए गए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी अमेठी के तेज तर्रार जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला जनपद के अंतिम छोर पर बसे शुकुल बाजार कस्बा पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। साथ ही साथ कार्यकर्ताओं की समस्याओं को भी सुना और उसका निस्तारण कराया संगठनात्मक दृष्टिकोण से बैठक हम रही। वहीं शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर सुकुल बाजार कस्बे में रखी गई दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन भी था जिसको लेकर मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में भी जिला अध्यक्ष शामिल हुए। तथा उन्होंने देवी माता से अमेठी वासियों के सुख समृद्धि व खुशहाली तथा अमेठी के विकास की कामना की। मूर्ति विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे, स्वयं थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने सुरक्षा की कमान संभाल रखी थी। प्रशासन द्वारा मूर्ति विसर्जन स्थल पर गोताखोर, रस्सा, नाविक आदि आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। सौहार्दपूर्ण शांतिपूर्ण ढंग से मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। वही अमेठी जनपद के तेज तर्रार जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला द्वारा कार्यकर्ताओं से मंडल कार्यालय पर बैठक करते हुए अपील की गई की जनमानस के बीच में जाकर केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए यह भी सुनिश्चित किया जाए की सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का शत् प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीड की हड्डी बताते हुए कहा कि किसी भी संगठन के कार्यकर्ता संगठन की रीड की हड्डी होते हैं, कार्यकर्ताओं के हित की रक्षा के लिए सदैव तत्पर हूं और रहूंगा कार्यकर्ताओं का मान सम्मान मेरा मान सम्मान है कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में भागीदार रहा हूं और रहूंगा। वहीं कार्यकर्ताओं में भी जिला अध्यक्ष को लेकर काफी उत्साह रहा कार्यकर्ताओं ने बताया कि जिला अध्यक्ष शुकुल बाजार आते रहते हैं और कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करते रहते हैं। कम समय में अधिक बार शुकुल बाजार की यात्रा करने वाले तेज तर्रार जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह रहा। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ल, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ ओंकारनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, मंडल मंत्री उदय नारायण मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक शुक्ला, शक्ति केंद्र संयोजक विनय चौरसिया, शक्ति केंद्र संयोजक रमेश शुक्ला, सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनपद में हर्षोल्लास व भक्तिमय वातावरण में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती, आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**●महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर मन्दिरों में आयोजित हुआ अखंड रामायण पाठ/भजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** शासन के निर्देश के क्रम में एवं जिलाधिकारी संजय चौहान व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के मार्गदर्शन में आदि काव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकी की जयन्ती जनपद में हर्षोल्लास व भक्तिमय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर जनपद में कई आयोजन किये गए। श्रीराम/जानकी, हनुमान जी के मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान तथा माल्यार्पण के साथ ही अखंड रामायण का पाठ हुआ। बताते चलें कि महर्षि बाल्मीकि विश्व के आदि कवि हैं जिन्होंने प्रभु श्री राम के जीवन काल में ही कालजयी कृत रामायण की रचना कर मानवता को धर्म, नीति और आदर्श जीवन का मार्ग दिखाया। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि मानव जीवन, समाज और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों की दिशा तय करने वाला आदर्श ग्रंथ है। इस ग्रंथ में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का व्यापक प्रचार प्रसार आज के समय में भी समाज को मार्गदर्शन प्रदान करता है। जन सामान्य को इससे जोड़ने के लिए आज महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद के सभी 13 विकासखंडों में स्थित 19 प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन मंदिरों में देवी पाटन मंदिर अमेठी, हनुमान मंदिर सराय महेशा और फरीदपुर, रायपुर रामगंज का हनुमान मंदिर, घोरहा का हनुमान मंदिर, उल्टा गढ़ा माफी का हनुमान मंदिर, पालपुर, कठौरा और हुसैनगंज कला के हनुमान मंदिर, गौरा की हनुमानगढ़ी, मुसाफिरखाना के राम-जानकी मंदिर और पिंडारा करनाई के हनुमान मंदिर, संग्रामपुर का कालीकन धाम मंदिर, शाहगढ़ का जलामा हनुमान मंदिर, शुकुल बाजार के मवैया रहमतगढ़ स्थित हनुमान मंदिर व राम-जानकी मंदिर, तिलोई की हनुमानगढ़ी तथा सिंहपुर के रामपुर हनुमान मंदिर और अहोरवा भवानी मंदिर प्रमुख रहे। इन सभी स्थलों पर दीपदान, दीप प्रज्वलन, अखंड रामायण पाठ और संकीर्तन का आयोजन कर श्रद्धालुओं ने महर्षि वाल्मीकि जी के उपदेशों को आत्मसात किया। जनपद भर में सजीव भक्ति माहौल और सामूहिक सहभागिता ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव की अद्भुत झलक प्रस्तुत की। महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्श आज भी समाज में सदाचार, कर्तव्य निष्ठा और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करते हैं हम सभी को उनके विचारों को जीवन में उतारकर समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना चाहिए।

# तीन बंदियों का मुकदमा मुफ्त में लड़ेंगे अधिवक्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से गरीबी के चलते मुकदमे की पैरवी न कर पाने वाले बंदियों को अधिवक्ता की व्यवस्था कराई जा रही है। जिला कारागार के तीन बंदियों का मुकदमा अधिवक्ता मुफ्त में लड़ेंगे। जनपद न्यायाधीश/जिला विधि सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देश पर सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण करके व्यवस्था की जानकारी ली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अतुल कुमार नायक ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन हुआ। जिला कारागार में संबद्ध विधिक स्वयं सेवकों को लीगल क्लीनिक के प्रपत्रों को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। कारागार में छोटे अपराधों, वृद्ध व असाध्य रूप से बीमार बंदियों को विधिक सहायता का लाभ लेने के बारे में बताया। कहा कि ऐसे बंदी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से निशुल्क व्यवस्था कराई जा रही है। महिला बंदियों के साथ रहने वाले बच्चों को दूध व पौष्टिक भोजन की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कारागार के बंदियों की समस्याएं सुनीं। परिजनों से विधि के अनुसार बात करने का सुझाव दिया। उन्होंने बंदियों के विधिक अधिकारों का हनन न होने पर जोर दिया। इस दौरान कारागार अधीक्षक विजय कुमार शुक्ल, जेलर शैलेश कुमार सिंह सोनकर व डिप्टी जेलर अभय यादव आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जवाबी कीर्तन का हुआ शुभारंभ



**बिसवा सीतापुर** नव दुर्गा जागरण समिति के तत्वावधान में अमरनगर मे स्थित दुर्गा माता मंदिर के प्रांगण में भव्य जवाबी कीर्तन रणजीत राज प्रयागराज व सचदेवा शरारती कानपुर के मध्य देर रात तक जोरदार जवाबी कीर्तन हुआ जो बराबरी पर छुटा। जवाबी कीर्तन का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष बिसवा लायर्स एसोसिएशन अश्वनी कुमार त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ बंकिम चंद्र,व सांसद प्रतिनिधि रिजवान अहमद ने आरती करके किया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संस्थापक विजय बाजपेयी ने अतिथियों को माल्यर्पण व शाल भेंटकर किया।मुख्य अतिथि अश्वनी कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आयोजन संस्कृति का बोध करवाने मे लाभकारी साबित होते हैं। उन्होंने ऐसे आयोजन को अनवरत करवाये जाने को लेकर युवाओ का आह्वाहन किया।कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यापक पवन द्विवेदी ने किया।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल, गजेंद्र शुक्ल, सुशील मिश्रा, पवन मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, मूल बाबू, प्रदीप शुक्ल, मुकुट बिहारी वाजपेयी, राजा बाजपेयी, दिलीप मिश्रा, गौरव बाजपेयी, संदीप वर्मा, राजा शर्मा, सहित काफी संख्या में कीर्तन प्रेमी मौजूद रहे।


### घंटों बंद रही रेलवे क्रासिंग, वाहनों की लगीं लम्बी कतार

**बाईपास की सर्विस रोड में जाकर फंसे वाहन, भटकते रहे राजगीर**



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के रायबरेली रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग गेट संख्या 71बी पर रविवार को पटरी की मरम्मत के चलते करीब पांच घंटे तक गेट बंद रहा। दोपहर एक बजे से लेकर शाम पांच बजे तक हुए इस मरम्मत कार्य के दौरान रायबरेली की ओर जाने वाले वाहनों को बाईपास से होकर गुजरना पड़ा। हालांकि बाईपास की सर्विस रोड पहले से ही जर्जर होने के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। बाइक सवारों से लेकर चारपहिया वाहन चालकों तक सभी को कीचड़ और गड्ढों से जूझना पड़ा। स्थानीय लोगों ने रेलवे विभाग और एनएचएआई को कोसते हुए कहा कि अगर सर्विस रोड की हालत पहले सुधारी जाती तो लोगों को इतनी दिक्कत नहीं होती। स्टेशन अधीक्षक श्यामलाल ने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान दोपहर 13:00 बजे से 17:10 बजे तक रेलवे गेट बंद रखा गया था। कार्य पूर्ण होने के बाद शाम को आवागमन सामान्य रूप से बहाल कर दिया गया।

### श्रीकृष्ण जन्म के बाद का प्रसंग सुनकर भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालु



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर परिसर के उत्सव लॉन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सीतापुर से आए प्रख्यात कथा वाचक पं. आशुतोष तिवारी ने सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद का प्रसंग सुनाया। सांगितमय कथा प्रसंग सुनकर पूरा स्थल भक्ति और आनंद से भर गया। उन्होंने बताया कि कारागार में जन्म लेने के बाद जब वासुदेव जी बालक कृष्ण को टोकरी में रखकर यमुना नदी पार कर रहे थे तब पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। तेज वर्षा हो रही थी। बिजली चमक रही थी। भगवान के प्रताप से वासुदेव के कदमों के आगे यमुना शांत हो गई। नदी बासुदेब को खुद रास्ता देने लगी थी। टोकरी में लेटे नन्हें कृष्ण का चेहरा मुस्कुरा रहा था। वासुदेव जी बालक को लेकर नंदगांव पहुंचे। जहां यशोदा के घर भगवान को सुलाकर वह लौट आए। कथा ब्यास ने बताया कि यही क्षण था जब संसार ने जाना कि ईश्वर अन्याय पर जीत का संदेश लेकर आया है। इस मौके पर डॉ. ओपी सिंह, राकेश द्विवेदी, हिमांशु मिश्रा, रवी बाजपेई, गोविंद पांडेय, लक्ष्मी बाबा, निशांत पांडेय, राकेश दीक्षित, ज्योति पांडेय, शिखा पांडेय, छोटू माली प्रभा शंकर, खन्ना, राजू सहित अनेक भक्त मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले 4 घायल, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खड़ौहा मजरे संतनगर में एक जमीनी विवाद ने मंगलवार सुबह खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले, जिसमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह घटना तब हुई जब संतनगर निवासी किशन लाल अपने धान की फसल देखने गए थे। आरोप है कि गांव के बाहर कबीर पंथ के निरंकारी मंदिर के पास बैठे रविंद्र कुमार ने किशन लाल को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया और फिर लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया।झगड़े की सूचना मिलते ही किशन लाल की बहन सुनीता और चाचा नन्हक्के बीच-बचाव के लिए मौके पर पहुंचे।

सुनीता की तहरीर के अनुसार, रविंद्र के साथ आजाद, विनोद लोधी, और ज्ञानेंद्र संतनगर,खड़ौहा निवासी ने मिलकर सुनीता, किशन लाल और नन्हक्के को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। इस दौरान, आरोप है कि किशन लाल को मौके पर एक बांका मिल गया जिसका इस्तेमाल उन्होंने आत्मरक्षा में रविंद्र पर हमला करने के लिए किया।इस मारपीट में दोनों पक्षों से कुल चार लोग घायल हुए हैं जिनमें रविंद्र एक पक्ष से और किशन लाल, सुनीता, और नन्हक्के दूसरे पक्ष से शामिल हैं।रहीमाबाद पुलिस ने रविंद्र और सुनीता दोनों की तरफ से मामला एनसीआर दर्ज कर लिया है और घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**● छात्राओं ने रंगोली और गीतों में दिखाई प्रतिभा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत कंपोजिट विद्यालय धन्नीपुर में सोमवार को आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई।अभियान की प्रभारी एसआई अर्चना यादव और कांस्टेबल पूजा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और पंपलेट भी वितरित किए। कार्यक्रम में छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर भाषण, गीत, अभिनय और मीना की इच्छाएं व गुड टच बैड टच जैसे प्रस्तुतिकरण किए। नोडल मीना मंच वंदना



शुक्ला ने बालिका शिक्षा और महिला कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। विद्यालय की छात्राओं की ओर से बनाई गई रंगोली की सभी ने सराहना की। मीना मंच की नोडल शशिबाला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन अंकिता ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका मिथिलेश कुमारी, वंदना सिंह, आशीष प्रताप सिंह, अनूप सिंह, सोनिका सिंह, पुष्पांजलि पांडे, पूनम सिंह, रेखा देवी, वैशाली सिंह, स्वाती, शिवदेवी और धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

### फल व सब्जी व्यापारियों ने सौंपा प्रभारी मंत्री को ज्ञापन

**चित्रकूट:** गल्ला मण्डी परिसर के फल व सब्जी व्यापारियों ने खुले टीन शेड में व्यापार करने की मांग को लेकर मंगलवार को व्यापारी नेता शानू गुप्ता के नेतृत्व में जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने बताया कि गल्ला मण्डी परिसर में फल व सब्जी व्यापारियों को व्यापार के लिए खुले टीन शेड की आवश्यकता है ताकि फल व सब्जी जल्द खराब न हो। ऐसे में फल व सब्जी व्यापारियों को टीन में व्यापार करने दिया जाएग। इस सम्बन्ध में व्यापारियों ने जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल को ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर प्रभारी मंत्री ने फल व सब्जी व्यापारियों की समस्या का जल्द ही निदान करने का भरोसा दिया। इस मौके पर विनोद केशरवानी, शकुंतला गुप्ता, संतोष गुप्ता, राकेश जायसवाल, रवि राज अग्रहरी, मोहम्मद रईस, मोहम्मद राज, गोरेलाल अग्रहरि, महेश गुप्ता, भोले गुप्ता, शम्भू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मूक-बधिर महिला की बेरहमी से पिटाई, 4 आरोपियों पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहां गौंदा मोअज्जम नगर गाँव में मंगलवार दोपहर लिंटर निर्माण को लेकर चल रहे पुराने विवाद के चलते कुछ पड़ोसियों ने एक विकलांग मूक-बधिर महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

पीड़िता सीता मिश्रा ने बताया कि उनका लिंटर निर्माण को लेकर गांव के कुछ लोगों से लंबे समय से न्यायालय में विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते गाँव के रजनीश, विनोद, नान और उमेश चंद्र ने उन पर हमला कर दिया। महिला का आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें अभद्र गालियां देते हुए बुरी तरह से पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी।घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हो रहा है, जिससे इस अमानवीय कृत्य की पुष्टि होती है।रहीमाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि पीड़िता सीता मिश्रा की शिकायत पर चारों नामजद आरोपियों रजनीश, विनोद, नान और उमेश चंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया




है। घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने कहा कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बाइक की टक्कर से साधन सहकारी समिति के चौकीदार की मौत पड़ोसी गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज कोतवाली।** क्षेत्र के कुबना गांव के निकट वर्मा नर्सरी के पास रविवार देर रात करीब नौ बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में साधन सहकारी समिति के एक चौकीदार की मौत हो गई, जबकि उनका पड़ोसी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक,पूरे कुम्हारन मजरे कुबना निवासी भगवती प्रजापति उम्र 55 वर्ष साधन सहकारी समिति टूक में चौकीदारी का काम करते थे। रविवार को वे अपने पड़ोसी सियाराम के साथ राईमऊ मजरे अटरा में एक निमंत्रण से शामिल होकर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे कुबना गांव के पास स्थित नर्सरी मोड़ के पास पहुँचे, उनकी बाइक की टक्कर अचानक एक दूसरी मोटरसाइकिल से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चौकीदार को गंभीर चोटें आई और सीएचसी पहुंचते पहुंचते उनकी मौत हो गई। उनके पड़ोसी सियाराम भी इस दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को अस्पताल पहुँचाया, लेकिन चौकीदार को बचाया नहीं




जा सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई और मामले की जाँच कर रही है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिली है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

# ड्रोन कैमरा और चोरी की अफवाहों पर पुलिस की सतर्क नजर, लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** महाराजगंज तराई जनपद में ड्रोन कैमरा और चोरी की अफवाहों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी ललिया देवेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है। जो जो थाने के अंदर आने वाले ग्राम पंचायत को तीन भागों में बांटा गया है जिसकी दायित्व उप निरीक्षक आदित्य कुमार उप निरीक्षक राममोहन सिंह उप निरीक्षक अर्जुन यादव मुख्य आरक्षी मनोज गुप्ता तेरस राम यादव आरक्षी प्रमोद कुमार सचिन शर्मा पवनेश कुमार नीरज मिश्रा महिला आरक्षी पूजा यादव रानू कुमारी दीपिका सिंह अनीता गुप्ता सपना राज सपना देवी के टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही है

क्षेत्राधिकार ललिया देवेंद्र कुमार ने साफ संदेश दिया है कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखें। नागरिकों से अपील की गई है कि यदि क्षेत्र में कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है तो तुरंत पुलिस को सूचित



करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडे की ओर से गांव-गांव जाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लोगों को समझाया जा रहा है कि ड्रोन कैमरा और चोरी जैसी घटनाओं को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों का कोई आधार नहीं है। कुछ असामाजिक तत्व माहौल खराब करने के लिए इस तरह की बातें फैलाते हैं। ऐसे में आमजन को चाहिए कि वे सोशल मीडिया पर वायरल हो रही अपुष्ट सूचनाओं पर भरोसा न करें और अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहें।

क्षेत्राधिकार ललिया देवेंद्र कुमार एवं थानाध्यक्ष अखिलेश पांडे ने बताया कि पुलिस टीम दिन-रात क्षेत्र में गश्त कर रही है। लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए पैदल मार्च और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। आमजन को चाहिए कि पुलिस का सहयोग करें और समाज में सौहार्द बनाए रखें। प्रधान मोहम्मद उमर कनहरा शिव कुमार मैं नहवा संजय तिवारी राजवापुर तुलाराम रामगढ़ मैटहवा सहित अन्य ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जागरूकता अभियान से लोगों के मन में भरोसा बढ़ा है और क्षेत्र में शांति का माहौल कायम है।

# दबंगों ने घर में घुसकर जमकर की तोड़फोड़ और महिलाओं को भी पीटा, आग लगाने का प्रयास, एक आरोपी हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के शहर कोतवाली क्षेत्र के पूर्णागिरि मोहल्ले में पैसों के लेनदेन को लेकर दबंगों द्वारा घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ और महिलाओं से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंगों ने घर में रखे सामान को तहस-नहस कर दिया और परिवार की महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट भी की पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सोमवार शाम की बताई जा रही है पीड़िता अनुपमा तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि घटना के समय वह और उनकी पुत्री घर पर अकेली थीं तभी मछरेहटा थाना क्षेत्र के कपिल तिवारी अपने एक साथी के साथ घर पहुंचे और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद करने लगे आरोप है कि दोनों आरोपी अवैध असलहा और हथियारों से लैस होकर घर में घुस आए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने अनुपमा तिवारी और उनकी पुत्री के साथ मारपीट की पीड़िता ने बताया कि एक आरोपी ने घर में आग लगाने की नीयत से गैस सिलेंडर का रेगुलेटर खोल दिया जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। हंगामे के दौरान आरोपियों ने घर में रखे जेवर भी उठा लिए और मौके से फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अनूप शुक्ल ने



बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच की जा रही है और अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है!!

# समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए हो राजनीति- रिज़वान अहमद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रेउसा (सीतापुर)** कोई भी समाज तब तक तरक्की नहीं कर सकता जब तक उसकी प्रमुख समस्याओं जैसे निर्धनता, अशिक्षा, जातिवाद, धार्मिक भेदभाव आदि को दूर करने के सकारात्मक प्रयास न किए जाए। राजनीति करने वालों को निजी हितों से ऊपर उठकर सामाजिक हितों को ध्यान में रखना होगा। खुशहाल समाज के बिना हम खुशहाल देश की कल्पना भी नहीं कर सकते। यह बातें जिला कांग्रेस कमेटी-सीतापुर के उपाध्यक्ष/सांसद प्रतिनिधि रिज़वान अहमद ने सेवता विधानसभा क्षेत्र के बसुदहा गांव में आयोजित जन मिलन कार्यक्रम में कही। उन्होंने उपस्थित जनों के मध्य कांग्रेस पार्टी की नीतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि सीतापुर सांसद राकेश राठौर आज जन सामान्य की समस्याओं के समाधान के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक क्षेत्र पंचायत सदस्य अयाज़ ख़ान ने कहा सांसद के द्वारा रिज़वान अहमद को अपना प्रतिनिधि नियुक्त करना हम सभी के मान सम्मान को बढ़ावा देना है।

इस जन मिलन में प्रमुख रूप से पल्लू ख़ान, आलोक रस्तोगी, देश राज निषाद,



इरशाद ख़ान, सुनील सोनी, हफीज़ ख़ान, रमेश मौर्या, तजम्मुल, रूखसार, सुरेश मौर्या, अज्जन ख़ान, मजीद शाह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की हुई मौत, अस्पताल से दवाई लेकर लौटते समय हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के थाना रामकोट क्षेत्र के मिर्जापुर इलाके में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवकुमार पुत्र रामऔतार निवासी मिर्जापुर के रूप में हुई है हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है जानकारी के अनुसार, शिवकुमार मंगलवार को अपने घर से बाइक द्वारा दवा लेने के लिए कस्बे गया था दवा लेकर वापस घर लौटते समय मिर्जापुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से शिवकुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलते ही परिवारजन अस्पताल पहुंचे तो वहां का माहौल गमगीन हो गया परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है बताया जा रहा है कि शिवकुमार मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था उसकी अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना प्रभारी रामकोट सुरेश पटेल ने बताया कि हादसे की सूचना दर्ज कर ली गई है और अज्ञात वाहन की



तलाश की जा रही है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है!!

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन कार्यक्रम हुआ आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगं/रायबरेली-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर खंड महराजगंज में पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम कस्बे के पूरे सुखई स्थित स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से यह पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जो पूरे कस्बे में मुख्य मार्गो से होते हुए कस्बे का भ्रमण किया गया, पथ संचलन रंधवा रोड से पैगंबर नगर होते हुए रुद्र नगर से चंद्रपुर चौराहा से पुनः पुलिस चौकी तिराहे से विद्यालय में कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान संघ का गीत ÷संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो÷...... गाते हुए पथ संचलन का कारवां आगे बढ़ता गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लायक सिंह प्रांत प्रमुख समग्र ग्राम विकास ने अपना उद्बोधन दिया, उन्होंने संघ द्वारा और 100 वर्षों की उपलब्धियां के बारे में स्वयं सेवकों को बताया और इस शताब्दी वर्ष में पांच तत्वों पर कुटुंब प्रबोधन सामाजिक समरसता पर्यावरण संरक्षण स्वदेशी जागरण अभियान और नागरिक अनुशासन तथा नागरिक कर्तव्य का बोध कराते हुए अपने विचार व्यक्त किया। तत्पश्चात पद संचलन प्रारंभ हुआ इस दौरान एक दर्जनों से अधिक समाज के लोगों द्वारा स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर समर बहादुर, लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, प्राचार्य नरेंद्र मिश्र, संजय पाठक प्राचार्य, संघ चालक जगमोहन, खंड कार्यवाही धर्मेंद्र, श्याम प्रकाश वर्मा, अनुराग, राजाराम त्यागी पूर्व विधायक, प्रभात साहू चेयरमैन प्रतिनिधि, अवधेश मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, सुधा अवस्थी, विजय धीमान, विनीत वैश्य, धर्मेंद्र वर्मा, रामजी, मातादीन पासी, सुरेश मोदनवाल, संतोष कुमार मौर्य, सुरेश कुमार, राजेंद्र तहसील प्रचारक, अतुल पांडेय, गजेंद्र तिवारी, योगेंद्र सिंह, अचल मिश्रा, प्रमोद मिश्र, राकेश मिश्रा समेत बड़ी तादाद में स्वयंसेवक मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से बड़ी तादात में पुलिस बल भी मौजूद रहा जो पथ संचलन के आगे पीछे चल रहा था।

# एफ एच मेडिकल कॉलेज में टूण्डला प्रेस क्लब के पत्रकारों का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** एफ.एच मेडिकल कॉलेज में टूण्डला प्रेस क्लब के पत्रकारों का सम्मान किया गया। मंगलवार को एफ.एच मेडिकल कॉलेज में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज ग्रुप की तरफ से शहजाद खान ने टूण्डला प्रेस क्लब के पत्रकारों संरक्षक राजू उपाध्याय, सीपी रावत, राधेश्याम चौहान, अध्यक्ष सोमेंद्र पौनियां, उपाध्यक्ष महेश ठैनुआ, सचिव विवेक शर्मा, महामंत्री रामपाल चौधरी,कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा,मीडिया प्रभारी जाविद अली,महासचिव राष्ट्रदीप जैन,अंकित श्रोतिया, सह सचिव गिरधारी लाल, गुलाब सिंह संगठन मंत्री विमल किशोर बॉबी,उपेंद्र यादव ताहिर सिद्दीकी योगेंद्र सिंह कपिल देव आदि टूण्डला प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों का माला पहना कर



शाल उड़ाकर व शील्ड प्रदान कर जोरदार स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर शहजाद खान ने पत्रकारों की भूमिका उनके योगदान और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में पत्रकारिता का महत्व बढ़ चुका है।

पत्रकार समाज के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करते हैं और समाज के हर मुद्दे को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। पत्रकार समाज का आईना है जो दिन रात विकट परिस्थितियों में काम करते हुए जनता की आवाज बन उनकी समस्याओं को शासन तक पहुंचाते हैं। आज टूंडला प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों का सम्मान करते हुए हमें हर्ष हो रहा है। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने कहा कि समाज को जागरूक करना और सही जानकारी प्रदान करना पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य है। हमें इस सम्मान से और अधिक प्रेरणा मिली है और हम आगे भी अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।सभी पत्रकारों ने इस सम्मान के लिए शहजाद खान का धन्यवाद दिया।

# 4.53 करोड़ रुपये से उच्चीकृत होगा केजीबीवी उतरौला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर/उतरौला।** क्षेत्र की बेटियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। शासन ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय उतरौला के उच्चीकरण के लिए 4.53 करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया है, जिसके बाद निर्माण कार्य में तेजी आएगी। इस योजना से गरीब और दूर-दराज क्षेत्रों की बेटियों को आवासीय सुविधा के साथ बेहतर शिक्षा मिलेगी। इसके साथ 12वीं तक पढ़ाई शुरू होगी। विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय के मानक पर तैयार किया जाएगा, जिससे निर्माण पूरा होने पर आगे की पढ़ाई शुरू हो सके। अभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में कक्षा छह से आठवीं तक आवासीय सुविधा दी जा रही है। उच्चीकरण के बाद केजीबीवी में आधुनिक शिक्षण साधनों, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब और पुस्तकालय जैसी सुविधाएं भी विकसित होगी। वहीं 12वीं तक पढ़ाई से क्षेत्र की बेटियों का शैक्षिक स्तर और आत्मनिर्भरता दोनों बढ़ेंगी।

विद्यालय के उच्चीकृत होने से विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह है। ग्राम पंचायत महुआ की रेखा देवी ने कहा कि अब हमारी बेटियों को दूर नहीं जाना पड़ेगा, यहीं रहकर पढ़ सकेंगी। सुरेश तिवारी ने कहा कि सरकार का यह फैसला गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत है, इससे हमारी बेटियां सुरक्षित माहौल में माध्यमिक स्तर की शिक्षा पा सकेंगी। शबनम बेगम ने कहा कि आवासीय सुविधा मिलने से बेटियों को पढ़ाई में और ध्यान लगाने का मौका मिलेगा। रामकली ने कहा कि अब अभिभावकों को बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बेटियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। केजीबीवी के उच्चीकरण से यहां की छात्राओं को बेहतर शिक्षण वातावरण, भोजनालय, हॉस्टल और स्मार्ट कक्षाओं की सुविधा मिलेगी। राम प्रताप वर्मा, विधायक

# अमेरिकी कूटनीति और सामरिक नीति पर भारत रूस चीन संबंधों का व्यापक विपरीत प्रभाव

भारत, रूस और चीन के बीच संबंधों का इतिहास केवल तीन देशों की कूटनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि विश्व राजनीति की दिशा और गति को प्रभावित करने वाला निर्णायक अध्याय है। इन तीनों देशों के संबंध काफी दूरगामी होंगे एवं अमेरिका तथा नाटो के राजनीतिक कूटनीतिक एवं सामाजिक नीतियों पर विपरीत प्रभाव डालने वाले आवश्यक आधार स्तंभ होंगे। इन तीनों देशों के संबंधों में सहयोग, प्रतिस्पर्धा और संतुलन की त्रयी ने न केवल एशिया बल्कि समूचे विश्व के शक्ति-संतुलन को आकार दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत ने गुटनिरपेक्ष नीति अपनाई, किंतु व्यावहारिक रूप से रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) उसका सबसे विश्वसनीय सहयोगी बना। 1971 में भारत-सोवियत मैत्री संधि ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को गहराई दी। इस संधि के दौरान जब बांग्लादेश मुक्ति संग्राम चल रहा था, तब रूस ने सुरक्षा परिषद में भारत का समर्थन किया और पश्चिमी देशों के दबावों से भारत को राहत दिलाई। रक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान, ऊर्जा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में रूस का योगदान भारत के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हुआ। आज भी भारत की लगभग साठ प्रतिशत रक्षा प्रणाली रूसी तकनीक पर आधारित है, जो इस दीर्घकालीन साझेदारी की मजबूती का प्रमाण है। वहीं, भारत और चीन का संबंध ऐतिहासिक दृष्टि से सांस्कृतिक और व्यापारिक आदान-प्रदान पर टिका रहा है। प्राचीन काल में बौद्ध धर्म, रेशम मार्ग और विद्वानों के आदान-प्रदान ने दोनों सभ्यताओं को जोड़ा। परंतु आधुनिक युग में इन संबंधों ने संघर्ष का भी स्वाद चखा। 1962 के भारत-चीन युद्ध ने दोनों देशों के बीच गहरा अविश्वास पैदा कर दिया, जो दशकों तक बना रहा। इसके बाद सीमा विवाद, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में झड़पों ने इस तनाव को और गहरा किया। तथापि, वैश्विक अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में 2000 के दशक के बाद भारत और चीन ने यह समझना शुरू किया कि परस्पर सहयोग के बिना एशिया का विकास अधूरा रहेगा। शंघाई सहयोग संगठन (SCO) और ब्रिक्स (BRICS) जैसे मंचों ने दोनों देशों को संवाद और आर्थिक सहभागिता का अवसर प्रदान किया। यद्यपि गलवान जैसी घटनाओं ने अविश्वास को पुनर्जीवित किया, फिर भी संवाद की निरंतरता दोनों देशों की रणनीतिक परिपक्वता का प्रमाण है। रूस और चीन के संबंध भी बीते दशक में अत्यंत प्रगाढ़ हुए हैं। शीत युद्ध के बाद अमेरिका की एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था के विरोध में रूस और चीन ने अपनी साझेदारी को मजबूत किया। रूस की रक्षा और ऊर्जा क्षमता तथा चीन की आर्थिक ताकत ने मिलकर एक नई एशियाई धुरी का निर्माण किया है, जिसने अमेरिका को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपनी नीति पर पुनर्विचार करने के लिए विवश किया। भारत के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण किंतु अवसरपूर्ण भी है – एक ओर रूस उसका पारंपरिक मित्र है, वहीं चीन उसका रणनीतिक प्रतिस्पर्धी। ऐसे में भारत को अत्यंत संतुलित कूटनीति अपनानी पड़ती है ताकि वह रूस से अपने गहरे संबंध बनाए रखते हुए चीन से भी संवाद की संभावना खुली रख सके। भारत, रूस और चीन के इस त्रिकोणीय समीकरण का गहरा प्रभाव अमेरिका और पाकिस्तान पर भी पड़ता है। अमेरिका की दृष्टि में भारत एशिया में एक लोकतांत्रिक शक्ति संतुलन का प्रतीक है, जो चीन के विस्तारवाद को रोक सकता है। लेकिन यदि भारत और चीन के संबंध सुधरते हैं, तो अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति का महत्व घट सकता है। दूसरी ओर रूस और भारत की निकटता अमेरिका



के रणनीतिक हितों को सीमित कर सकती है। अमेरिका के लिए यह समीकरण हमेशा दोधारी तलवार रहा है – वह भारत को चीन के विरुद्ध साझेदार के रूप में देखता है, परंतु रूस से भारत की गहरी निकटता उसकी नीति को जटिल बना देती है। इसी कूटनीतिक परिदृश्य में पाकिस्तान की भूमिका भी उल्लेखनीय है। अमेरिका और पाकिस्तान के संबंध सदैव उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। शीतयुद्ध के दौरान पाकिस्तान अमेरिका का रणनीतिक सहयोगी था, परंतु 9/11 के बाद आतंकवाद के मुद्दे पर दोनों देशों के संबंधों में दरारें आई। अब जब भारत रूस और चीन दोनों के साथ सहयोग का दायरा बढ़ा रहा है, तब पाकिस्तान की भौगोलिक और रणनीतिक महत्ता अमेरिका के लिए सीमित हो रही है। यही कारण है कि पाकिस्तान ने चीन के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता दी और चीन-पाक आर्थिक गलियारे (CPEC) जैसे प्रोजेक्टों के माध्यम से चीन की "वन बेल्ट वन रोड" नीति का हिस्सा बन गया। परंतु यह निकटता पाकिस्तान को चीन पर अत्यधिक निर्भर बना रही है, जिससे उसकी स्वायत्त नीति कमजोर होती जा रही है। भविष्य की दृष्टि से देखा जाए तो विश्व राजनीति अब एकध्रुवीय नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय (Multipolar) रूप ले रही है। भारत, रूस और चीन यदि अपने आपसी मतभेदों को परे रखकर सहयोग का सूत्रपात करते हैं, तो यह त्रिकोणीय साझेदारी विश्व शक्ति-संतुलन को नया रूप दे सकती है। यह सहयोग न केवल एशिया की स्थिरता के लिए लाभकारी होगा बल्कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक मंचों पर पश्चिमी प्रभुत्व को संतुलित करने में भी सहायक होगा। भारत के लिए इस परिदृश्य में सबसे आवश्यक है संतुलन और स्वायत्तता की नीति। उसे रूस के साथ ऐतिहासिक विश्वास बनाए रखना है, चीन के साथ शांति और व्यापार की राह खुली रखनी है, तथा अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी को व्यावहारिक दृष्टि से बनाए रखना है। आज भारत के समक्ष यह अवसर है कि वह अपनी कूटनीतिक सूझबूझ, आर्थिक शक्ति, सांस्कृतिक वैचारिकता और सभ्यतागत मूल्यों के माध्यम से विश्व राजनीति में एक ऐसे संयोजक के रूप में उभरे जो प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सह-अस्तित्व की दिशा में विश्व को प्रेरित करे। भारत की यही नीति उसे पश्चिम और पूरब दोनों के बीच एक सेतु के रूप में स्थापित करेगी। इतिहास साक्षी है कि जो राष्ट्र संतुलन, संयम और मूल्यों के साथ आगे बढ़ते हैं, वही लंबे समय तक प्रभावशाली बने रहते हैं। अतः भारत को चाहिए कि वह न तो किसी ध्रुव की ओर झुके, न ही किसी गठबंधन का मोहरा बने, बल्कि अपनी स्वायत्त कूटनीति और सभ्यतागत दृष्टि से विश्व मंच पर शांति, प्रगति और सहयोग का मार्ग प्रशस्त करे। यही भारत-रूस-चीन संबंधों की वास्तविक दिशा है, और यही वह धुरी है जो आने वाले समय में अमेरिका तथा पाकिस्तान दोनों की रणनीतिक सोच को गहराई से प्रभावित करेगी।

**संजीव ठाकुर**

# आसमान की ढाल, देश का गर्व- भारतीय वायु सेना दिवस

**गर्जना, गर्व और गाथा- भारतीय वायु सेना का उत्सव**

आसमान को चीरती गर्जना, बादलों को भेदती उड़ान और सीमाओं पर अटल प्रहरी बनकर खड़े जांबाज़–यह है भारतीय वायु सेना की अमर गाथा। हर साल 8 अक्टूबर को भारतीय वायु सेना दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि साहस, बलिदान और देशभक्ति की उस अनमोल विरासत का उत्सव है, जो हर भारतीय के दिल में गर्व की ज्वाला प्रज्वलित करती है। यह दिन उन नायकों को नमन करने का है, जो अपनी जान जोखिम में डालकर आकाश में उड़ान भरते हैं, ताकि धरती पर हम चैन की साँस ले सकें। 1932 में स्थापित यह वायु सेना आज विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली वायु सेना बन चुकी है–देश की सुरक्षा की रीढ़, शान का प्रतीक और हर भारतीय की आकांक्षाओं का आलम। छोटे से दस्ते से शुरू हुई यह गौरवशाली यात्रा आज विश्वस्तरीय सैन्य शक्ति का पर्याय है। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में वायु सेना ने अपनी रणनीतिक कुशलता और अदम्य साहस से दुश्मनों को धूल चटाई। 1971 के युद्ध में मात्र 13 दिनों में 2,000 से अधिक उड़ानें भरकर, दुश्मन के हवाई ठिकानों को तबाह कर और बांग्लादेश की मुक्ति में निर्णायक भूमिका निभाकर वायु सेना ने इतिहास रचा। 1999 के कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय के दौरान 6,000 मीटर की ऊँचाई पर सटीक हमलों ने दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया, जिससे भारतीय सेना को जमीनी बढ़त मिली। इन युद्धों में पायलटों ने न केवल अपनी तकनीकी महारत दिखाई, बल्कि प्राणों की आहुति देकर देशभक्ति की अमर कहानियाँ लिखीं। युद्ध के मैदानों से इतर, भारतीय वायु सेना मानवीय संकटों में भी देश की ढाल बनी है। 2004 की सुनामी, 2013 की उत्तराखंड बाढ़ और 2020 की कोविड-19 महामारी जैसे कठिन समय में वायु सेना ने राहत और बचाव कार्यों में अपनी तत्परता साबित की। ऑपरेशन राहत (2013) में 20,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकालकर और 3,80,000 किलोग्राम राहत सामग्री पहुँचाकर वायु सेना ने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में फंसे लोगों को जीवनदान दिया। चाहे प्राकृतिक आपदा हो या महामारी, वायु सेना के जवान हर बार सबसे आगे खड़े रहते हैं, जो हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। भारतीय वायु सेना की ताकत इसके आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित जवानों में निहित है। राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29 और स्वदेशी तेजस जैसे लड़ाकू विमान विश्व के सर्वश्रेष्ठ विमानों में शुमार हैं। सी-17 ग्लोबमास्टर, चिनूक हेलीकॉप्टर और ड्रोन जैसे मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) इसकी शक्ति को और बढ़ाते हैं। स्वदेशी तेजस और डीआरडीओ की मिसाइल प्रणालियों के साथ भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी कमांड के साथ वायु सेना चौबीसों घंटे सीमाओं की रक्षा करती है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और वायु सेना प्रशिक्षण अकादमी जैसे संस्थान जवानों में तकनीकी कौशल के साथ-साथ नेतृत्व, अनुशासन और देशभक्ति की भावना का संचार करते हैं। हर साल 8 अक्टूबर को नई दिल्ली के विजय चौक पर गूंजती विमानों की



गर्जना और भव्य परेड भारतीय वायु सेना दिवस की शान को चार चाँद लगाती है। राफेल, सुखोई-30 और स्वदेशी तेजस जैसे विमानों का हवाई प्रदर्शन हर दर्शक को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह न केवल वायु सेना की अजेय शक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि युवाओं में देशसेवा की ज्वाला प्रज्वलित करने वाला प्रेरणा स्रोत भी है। देशभर के वायु सेना अड्डों पर आयोजित कार्यक्रमों में स्कूली बच्चे और नागरिक उत्साह के साथ शिरकत करते हैं, जिससे नई पीढ़ी में वायु सेना के प्रति सम्मान और जोश का संचार होता है। यह उत्सव केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि देश की एकता और गौरव का जीवंत प्रतीक है। आज भारतीय वायु सेना तकनीकी नवाचारों के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार है। साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष युद्ध और ड्रोन तकनीक में इसकी बढ़ती महारत इसे और भी सशक्त बनाती है। ब्रह्मोस और अकाश मिसाइल सिस्टम, स्वदेशी राडार, और ड्रोन-आधारित निगरानी व हमले की क्षमताएँ भारत की रक्षा को अभेद्य बनाती हैं। ड्रोन तकनीक ने सीमा पर निगरानी और त्वरित कार्रवाई को क्रांतिकारी रूप दिया है। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के तहत स्वदेशी हथियारों और तकनीकों का विकास न केवल रक्षा क्षेत्र को मजबूत कर रहा है, बल्कि भारत की आर्थिक और तकनीकी प्रगति में भी योगदान दे रहा है। भारतीय वायु सेना दिवस हमें याद दिलाता है कि देश की सुरक्षा केवल विमानों और हथियारों से नहीं, बल्कि उन नायकों के साहस और समर्पण से बनती है, जो हर पल अपनी जान जोखिम में डालते हैं।

प्रत्येक पायलट, टेक्नीशियन और सैनिक देश की रक्षा में अनमोल रत्न है। उनकी वीरता की कहानियाँ न केवल गर्व से भर देती हैं, बल्कि सिखाती हैं कि साहस और अनुशासन ही सच्ची देशभक्ति की नींव हैं। यह दिन हमें उनके बलिदान को सम्मान देने और उनसे प्रेरणा लेने का अवसर देता है। भारतीय वायु सेना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि देशभक्ति और एकता का जीवंत पाठ है। यह हमें उन नायकों के योगदान को याद दिलाता है, जो आसमान में उड़कर धरती पर हमारी निश्चिंतता सुनिश्चित करते हैं। वायु सेना के जवान न केवल सीमाओं की रक्षा करते हैं, बल्कि हर भारतीय के दिल में गर्व और सम्मान का स्थान रखते हैं। उनके साहस और निष्ठा को नमन करना हमारा कर्तव्य है। यह दिन हमें देश के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी का संदेश देता है, ताकि वायु सेना की यह गौरवशाली विरासत हमेशा अटल रहे।

**प्रो. आरके जैन**

# शतरंज की बिसात पर गरिमा की हार

**विजय की उन्माद में हारा खेल का आदर्श**

खेल की दुनिया में उत्साह और जोश का तालमेल दर्शकों के दिलों को हमेशा मोह लेता है। यह वह मंच है, जहां खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, समर्पण और रणनीति से इतिहास रचते हैं। लेकिन जब यह जोश खेल भावना की पवित्र सीमाओं को लांघ जाता है, तो वह न केवल खेल की मर्यादा को आघात पहुंचाता है, बल्कि उसकी आत्मा को भी गहरी ठेस देता है। हाल ही में, शतरंज जैसे शांत और बौद्धिक खेल में एक ऐसी घटना ने विश्व भर के खेल प्रेमियों को स्तब्ध कर दिया, जिसने इसकी शालीन परंपरा को चुनौती दी। एक जापानी मूल के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा, जो विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं, ने वर्ल्ड चैंपियन गुकेश के खिलाफ बुलेट राउंड में जीत हासिल करने के बाद उनके किंग को दर्शकों की ओर उछाल दिया। यह कृत्य न केवल अप्रत्याशित था, बल्कि शतरंज की उस गरिमामयी विरासत के विपरीत था, जो इसे सदियों से एक विशिष्ट स्थान देती आई है। यह घटना खेल की बदलती भावना का प्रतीक बन गई, जहां जीत का उत्सव अब सम्मान की बजाय तमाशे की ओर बढ़ रहा है। शतरंज, जिसे बुद्धि, धैर्य और शिष्टाचार का प्रतीक माना जाता है, एक ऐसा खेल है जहां खिलाड़ी अपनी चालों से नहीं, बल्कि अपने मस्तिष्क की गहराइयों से एक-दूसरे को चुनौती देते हैं। यह वह मंच है, जहां हर चाल एक कहानी बयां करती है और हर जीत सम्मान का प्रतीक होती है। लेकिन हाल ही में अमेरिका और भारत के बीच आयोजित एक प्रदर्शनी मैच में, इस खेल की शालीनता को ठेस पहुंची।

जापानी ग्रैंडमास्टर ने बुलेट राउंड में वर्ल्ड चैंपियन को चेकमेट करने के बाद उनके किंग को दर्शकों की ओर फेंककर एक ऐसी परंपरा को तोड़ा, जो शतरंज को अन्य खेलों से अलग बनाती है। यह कृत्य महज एक उत्सव नहीं था, बल्कि एक ऐसी हरकत थी, जिसने शतरंज की आत्मा पर सवाल उठाए। यह घटना उस बदलती मानसिकता का दर्पण है, जो आधुनिक खेलों में तेजी से उभर रही है। पहले, हार-जीत को शालीनता से स्वीकार करना एक खिलाड़ी की पहचान थी। लेकिन आज, जीत का जश्न तमाशे और विवादों का रूप ले रहा है। कुछ समय पहले क्रिकेट के मैदान पर भी ऐसी ही एक घटना ने सुर्खियां बटोरीं, जब पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ियों ने इशारेबाजी के जरिए जश्न मनाया, जिसकी व्यापक आलोचना हुई। अब शतरंज जैसे शांत खेल में इस तरह की हरकत ने एक गंभीर सवाल खड़ा किया है- क्या खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए ऐसी हरकतें अपरिहार्य हैं? क्या जीत का उत्सव अब विपक्षी खिलाड़ी का अपमान करने का पर्याय बन गया है? इस प्रदर्शनी मैच में दोनों खिलाड़ियों ने 10 मिनट और 5 मिनट के राउंड में शानदार प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप बाजी ड्रॉ रही। यह रोमांच दर्शकों के उत्साह को चरम पर ले गया। लेकिन बुलेट राउंड में, जापानी ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा ने न केवल वर्ल्ड चैंपियन को हराया, बल्कि उनके किंग को दर्शकों की ओर फेंककर अपनी जीत का जश्न एक अभूतपूर्व अंदाज में मनाया। भले ही कुछ दर्शकों ने इसे रोमांचक माना, लेकिन अधिकांश ने इसे खेल की मर्यादा के खिलाफ ठहराया। स्वयं ग्रैंडमास्टर ने अपनी इस हरकत पर कोई पश्चाताप नहीं जताया। उन्होंने कहा कि किंग को फेंकना उनकी जीत का अंदाज है। लेकिन यह व्यवहार न केवल विपक्षी खिलाड़ी का अपमान करता है, बल्कि उस खेल की परंपरा को भी आघात पहुंचाता है, जो सम्मान और शालीनता का प्रतीक है। खेल भावना का सच्चा अर्थ केवल जीत या हार तक सीमित नहीं है। यह विपक्षी खिलाड़ी के प्रति सम्मान, खेल की मर्यादा को बनाए रखने और अपनी भावनाओं पर नियंत्रण में निहित है। शतरंज जैसे खेल, जो बौद्धिक कौशल के साथ-साथ व्यवहार में गरिमा की अपेक्षा करते हैं, ऐसी घटनाएं उनकी छवि को धूमिल करती हैं। यह घटना भले ही एक प्रदर्शनी मैच का हिस्सा थी, लेकिन इसने शतरंज की उस शांत और बौद्धिक छवि को ठेस पहुंचाई, जो इसे अन्य खेलों से विशिष्ट बनाती है। यह घटना हमें यह चिंतन करने पर विवश करती है कि खेल की लोकप्रियता और उसकी मर्यादा के बीच संतुलन कैसे स्थापित किया जाए। क्या विवाद और तमाशा खेल को और आकर्षक बनाते हैं, या यह उसकी आत्मा को कमजोर करते हैं? शतरंज में हर चाल एक कहानी कहती है, और खिलाड़ियों का दायित्व है कि उनकी हरकतें इस कहानी की गरिमा को बनाए रखें। खेल संगठनों और खिलाड़ियों को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा।

ऐसी घटनाएं न केवल खेल की छवि को धूमिल करती हैं, बल्कि उन युवा खिलाड़ियों के लिए भी गलत उदाहरण प्रस्तुत करती हैं, जो शतरंज को अपनी प्रेरणा मानते हैं। खेल की बदलती भावना आज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह घटना एक चेतावनी है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो शतरंज जैसे खेल अपनी अनूठी पहचान खो सकते हैं। खिलाड़ियों को यह समझना होगा कि उनकी हरकतें न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि को प्रभावित करती हैं, बल्कि उस खेल की साख को भी दांव पर लगाती हैं, जिसे वे जीते हैं। शतरंज को उसकी शालीनता और सम्मान के साथ बनाए रखना प्रत्येक खिलाड़ी की जिम्मेदारी है। यह समय है कि हम खेल की उस आत्मा को पुनर्जनन दें, जो सम्मान, अनुशासन और गरिमा का प्रतीक है।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## वाणी का विवेक व्यवहारिक एवं पारमार्थिक दोनो दृष्टियों से श्रेयष्कर

अभिव्यक्ति की क्षमता जिस रूप में मानव को प्राप्त है, वह अन्य प्राणियों को नहीं है। एकेन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक अनेकानेक प्राणी हैं, पर उनमें वाणी का सामर्थ्य कहाँ है ? सचमुच मानव विशिष्ट पुण्य का पूँज है। मनुष्य सभी की भाषा को समझ लेता है एवं ठीक तरह से बोल लेता है। मनुष्य को यह विवेक सदैव रखना चाहिए कि वह वाणी का दुरुपयोग न करे। जो मनुष्य वाणी का दुरुपयोग करते हैं वे अपना एवं अन्यों का अनिष्ट करते हैं। जो भी बोला जाये वह पूर्ण सोच-समझकर बोला जाये। अनावश्यक बोलने का अर्थ कई तरह की समस्याओं को आमंत्रित करना है। मनुष्य की जिह्वा में ही अमृत है और उसकी जिह्वा में ही विष है। अमृत से परिपूर्ण मधुर वाणी बोलकर मनुष्य हर एक का प्रिय पात्र बनकर प्रचुर रूप से लाभ अर्जित कर लेता है, वहीं जहर से परिपूर्ण कटु एवं अप्रिय वाणी बोलकर हर एक की दृष्टि में तिरष्कृत होकर बहुत बड़ी हानि का शिकार हो जाता है। सम्मान और अपमान वाणी में बसते हैं। सम्मान यदि पाना चाहते हो तो कटु वचनों से सदैव दूर रहो। अनकों बार यह देखा गया है कि परिवार, समाज और राष्ट्र प्रत्येक क्षेत्र में संघर्षों का जन्म ही इसलिए होता है कि वाणी का विवेक नहीं रखा जाता है।

**ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोइ। औरन कौं सीतल करे, आपुहि सीतल होइ।**

वाणी के विवेक से होने वाले संघर्ष टल जाते हैं, वहीं वाणी के अविवेक से बना-बनाया वातारण देखते-ही-देखते बिगड़ जाता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि द्रौपदी ने बोलने में थोड़ा-सा विवेक नहीं रखा और उसके इस एक वाक्य से कि "अंधों के अंधे ही होते हैं" महाभारत का युद्ध छिड़ गया। भगवान महावीर ने इस सम्बन्ध में बहुत ही महत्त्वपूर्ण बात कही है-%काणं काणेत्ति णो वए।% काणे को काणा मत कहो। यद्यपि आप जो कुछ कह रहे हैं, वह सत्य है, पर इस सत्य में माधुर्य नहीं है। सुनने वाले की आत्मा को चोट लगती है और इससे कटुता की अभिवृद्धि होती है। सत्य बोलो, प्रिय बोलो, जो अप्रिय है ऐसे सत्य को कभी भी मत बोलो। जो बात आप मधुरता से कह सकते हैं फिर कटु




बोलकर, वातावरण में जहर घोलकर कलह को हवा देने में क्या अर्थवत्ता है? आज राजनीति में और समाज मे यही हो रहा है। आवश्यक है कि वह वाणी वाचालता से रहित हो तथा किसी के हृदय को उद्विग्न करने वाली न हो। पाप सहित भाषा कभी भी नहीं बोलनी चाहिए। असत्य वचन, तिरष्कारयुक्त वचन, झिड़की भरे वचन, कठोर वचन, शांत हुए कलह को पुनः भड़काने वाले वचन आदि परिहेय, अर्थात् छोड़ने योग्य हैं। हमारे पूर्वजो ने संसूचन किया है कि उतना ही जीवन में सद्?गुणों का और सुख का विस्तार होगा। अनावश्यक बोलने से ऊर्जा का अपव्यय होता है और पुण्य घटता है। अतः जो आवश्यक एवं सार्थक है, हम वही बोलें। सार्थक वचन बोलकर सहज ही पुण्य की अभिवृद्धि की जा सकती है। जिसकी वाणी में मधुरता का समावेश है, वह हर एक स्थान पर आदर प्राप्त करता है एवं उसके सारे कार्य सुगमता से हो जाते हैं। कोयल और कौवा दोनों ही वर्ण की दृष्टि से काले होते हैं। कोयल किसी को अपनी ओर से क्या देती है और कौवा किसी से क्या छीनता है, पर मधुर स्वर से कोयल सभी को प्रभावित कर लेती है एवं कौवे को कर्कश वाणी के कारण हर स्थान पर तिरष्कृत होना पड़ता है। वाणी में माधुर्य का वही स्थान है जो दूध में शक्कर का है। दूध का प्याला भरा हुआ पडा है, दूध पीने के लिए एक घूँट ली, पर तुरत पीने का मजा ही किरकिरा हो गया, कारण उसमें शक्कर डालना भूल गये। दूध में शक्कर नहीं हो तो दूध पीने का मजा नहीं आता है, दूध में शक्कर का होना अनिवार्य है। इसी तरह व्यक्ति की वाणी में यदि मधुरता नहीं है तो वाणी में वह प्रभाव उत्पन्न नहीं होता है जो होना चाहिए।


**तुलसी मीठे वचन तें, सुख उपजत चहुँ ओर। बसीकरन इक मंत्र है, तजि दे वचन कठोर।**

वाणी का माधुर्य कृत्रिम नहीं होना चाहिए। जो लोग हृदय में कपट लेकर केवल वाणी के द्वारा मधुरता का प्रदर्शन करते हैं, वे कुछ पलों के लिए भले ही किसी का मन बहला दें, किन्तु कृत्रिमता आखिर कृत्रिमता है। कृत्रिमता टूटती है और उसके टूटने पर व्यक्ति सामने वाले की नजरों में सदा के लिए गिर जाता है। वाणी में माधुर्य-सहज होना चाहिए। उसमें बनावटीपन कभी भी न हो। जो अपने आपको स्पष्ट वक्ता एवं निर्भीक वक्ता के रूप में प्रस्तुत करते हैं एवं स्पष्टवादिता के नाम पर जब भी, जैसा भी मन में आया, वैसा बोलते रहते हैं। स्पष्टवादिता का अभिप्राय किसी पर व्यंग्य बाण की वर्षा या किसी की अवज्ञा, उपेक्षा अथवा आलोचना नहीं है। क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या एवं किसी के गुप्त रहस्यों को उद्घाटित करने वाली वाणी का प्रयोग निम्नस्तरीय दृष्टिकोण है।वाणी से बोले हुए दुष्ट और कठोर वचन जन्म-जन्मान्तर के वैर और भय का कारण बन जाते हैं। जो विवेकी जन हैं, वे जब भी, जो भी बोलते हैं, पूर्ण रूप से सोच-समझकर बोलते हैं। पृथ्वी पर तीन रत्न हैं। पहला जल, दूसरा अन्न और तीसरा मृदु वचन। इन रत्नों का दुरुपयोग करना दुर्भाग्यपूर्ण है।जो व्यक्ति कटुवचन नहीं बोलता या किसी के कटुवचनों को सुनकर भी पुनः प्रत्युत्तर में कटुवचन नहीं कहता, अपितु उसे सहिष्णुता के साथ सह लेता है, वह सच्चे अर्थों में तपस्वी है। यह सहिष्णुता भी एक तरह से सबसे बड़ा तप है। वाणी का विवेक व्यावहारिक एवं पारमार्थिक-दोनों ही दृष्टियों से श्रेयष्कर है। वाणी-विवेक की व्यावहारिक दृष्टि से यश, प्रतिष्ठा की उपलब्धि और पारमार्थिक दृष्टि से पापकर्मों के बंध से निवृत्ति है। जो भी, जितना भी वाणी का विवेक रखेगा, वह जीवन में उतनी ही भव्यता ग्रहण करेगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# पीओके-गंभीर रणनीतिक भूल होगा भारत में विलय का संकल्प

भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव बढ़ने के साथ ही पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत में शामिल करने की चर्चा एक बार फिर जोर पकड़ रही है। कुछ उच्च-स्तरीय बयानों ने इस मुद्दे को नए सिरे से जीवंत कर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही एक सार्वजनिक सभा में स्पष्ट कहा कि ÷पीओके हमारा है और बिना किसी आक्रामक कार्रवाई के यह भारत का हिस्सा बनेगा।÷ इसी क्रम में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी बीकानेर में पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी कि ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में दिखाया गया संयम अब दोहराया नहीं जाएगा। इस बार हम कुछ ऐसा करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि क्या वह नक्शे में बने रहना चाहता है या नहीं। ये बयान भारतीय जनमानस को भी उद्वेलित कर रहे हैं। भारत का जनमानस आज भी 1948 में की गई उस ऐतिहासिक महाभूल को भुला नहीं पाया है जब पाकिस्तान के कश्मीर पर थोपे गए युद्ध में भारतीय सेना उसे खदेड़ रही थी पर नेहरु सरकार ने सेना को आगे बढ़ने से रोक दिया और भारतीय कश्मीर का एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान के पास रह गया, वही पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके कहलाता है। 1948 से भारतीयों का स्वप्न है कि पीओके को वापस भारत में मिलाया जाए। यह एक भावुक स्वप्न है लेकिन गहन विश्लेषण किया जाए तो स्पष्ट होता है कि आज के दौर में पीओके को सैन्य या कूटनीतिक रूप से वापस लेना भारत के लिए एक गंभीर रणनीतिक भूल साबित होगी। पीओके की जटिल और ख़स्ता आर्थिक परिस्थितियां, जनसांख्यिकीय, भू-राजनीतिक और सैन्य वास्तविकताएं भारत को लंबे समय तक जोखिम में डाल सकती हैं। पीओके की आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि इसे भारत में शामिल करना देश की अर्थव्यवस्था पर एक भारी-भरकम बोझ डाल देगा। पीओके की अर्थव्यवस्था पूरी तरह पाकिस्तान पर निर्भर है। वहाँ की जीडीपी प्रति व्यक्ति मात्र 1,200 डॉलर के आसपास है, जो भारत के राष्ट्रीय औसत (2,500 डॉलर) से भी कम है। भारत का अपना जम्मू-कश्मीर (जेएंडके) ही आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं है। अनुमानित रूप से, पीओके के 55-60 लाख निवासियों के लिए बुनियादी सुविधाओं पर प्रारंभिक निवेश ही 50,000 करोड़



रुपयए से अधिक का होगा। भारत, जो खुद वैश्विक मंदी और महंगाई से जूझ रहा है, इस क्षेत्र को संभालने में असमर्थ साबित होगा। आर्थिक पहलू के अलावा पीओके की जनसांख्यिकीय संरचना भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम है। 2017 की पाकिस्तानी जनगणना के अनुसार, पीओके की जनसंख्या लगभग 55 - 60लाख है। इनमें से 99 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम हैं, जिसमें पश्तून, बाल्टी और कश्मीरी समुदाय प्रमुख हैं। भारत पहले से ही कट्टरपंथी ताकतों से जूझ रहा है–नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और धारा 370 हटाने के बाद साम्प्रदायिक तनाव भी बरकरार हैं। पीओके के निवासियों को भारतीय नागरिकता देने पर वे सीमित संसाधनों वाले जेएंडके से बाहर निकलकर भारत के विभिन्न शहरों में फैल जाएंगे। इससे शहरी डेमोग्राफिक बैलेंस बिगड़ जाएगा और वहाँ साम्प्रदायिक समस्याएं बढ़ेंगी। भारत में विलय के बाद ये समूह कट्टरपंथी राष्ट्र विरोधी संगठनों से जुड़ सकते हैं, जिससे आंतरिक सुरक्षा चुनौतियां बढ़ेंगी। यह न केवल हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण को तेज करेगा, बल्कि क्षेत्रीय असंतुलन को भी जन्म देगा।

जनसांख्यिकीय विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी स्थिति में भारत का जनसंख्या संतुलन 20 वर्षों में 15 प्रतिशत तक बदल सकता है, जो भविष्य में राजनीतिक अस्थिरता और राष्ट्रीय एकता पर संकट का कारण बनेगा। पीओके के भारत मे विलय से सैन्य और सुरक्षा जोखिम भी कम नहीं होंगे। पीओके क्षेत्र ऊबड़-खाबड़ और अशांत पहाड़ी इलाका है। इसका भूभाग अपनी दुर्गम भौगोलिक स्थिति और वर्तमान भू-राजनीतिक हालात के कारण एक गंभीर सुरक्षा चुनौती बना रहेगा। इस क्षेत्र को स्थिर रखने के लिए एक स्थायी और विशाल सुरक्षा तंत्र की आवश्यकता होगी। सैन्य विशेषज्ञों के अनुसार, पीओके को नियंत्रित करने के लिए भारत को अतिरिक्त एक लाख सैनिक तैनात करने पड़ेंगे, जिसका वार्षिक खर्च 30,000 करोड़ रुपए से अधिक होगा। वर्तमान में, भारत की सेना पहले से ही नियंत्रण रेखा पर तीन लाख सैनिकों के साथ व्यस्त है, और पीओके लेने पर यह एक अंतहीन आतंकवाद और युद्धक्षेत्र बन जाएगा। बढ़ा हुआ सैन्य बोझ न केवल बजट को प्रभावित करेगा, बल्कि मानवीय हानि भी बढ़ाएगा। भारत की सैन्य क्षमता को फैलाने से पूर्वी लद्दाख (चीन सीमा) पर ध्यान कम होगा, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक होगा। यह मानने का भी कोई कारण नहीं है कि पीओके की आबादी का एक हिस्सा विलय का विरोध नहीं करेगा। भारतीय सेना और अर्ध-सैन्य बलों को न केवल बाहरी घुसपैठ, बल्कि एक नए आंतरिक विद्रोह का सामना करना पड़ सकता है। पीओके को लेने का सबसे बड़ा जोखिम भू-राजनीतिक है। यह क्षेत्र चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का केंद्र है, जो ग्वादर बंदरगाह से गिलगित तक फैला है। चीन ने यहां 60 बिलियन डॉलर निवेश किया है, और भारत का हस्तक्षेप बीजिंग को उकसाएगा। पीओके लेने के लिए भारत की सैन्य कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय समुदाय आक्रामकता मानेगा। भारत की वर्तमान वैश्विक छवि–जो जी-20 और क्वाड से मजबूत हुई है–को ठेस पहुंचेगी। ज़ाहिर है, पीओके को वापस लेना भावुकता से प्रेरित है।

पीओके का विलय केवल एक क्षेत्रीय विस्तार का मामला नहीं है, बल्कि यह भारत के लिए आर्थिक, सामाजिक और सुरक्षा संबंधी गंभीर जोखिमों से भरा एक जटिल मुद्दा है। इस कदम से देश की अर्थव्यवस्था पर एक नया, लंबे समय तक रहने वाला बोझ पड़ सकता है और देश की सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक,रणनीतिक रूप से भी व्यावहारिक नहीं लगता।

**हरीश शिवनानी**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महर्षि वाल्मीकि ने समानता, न्याय और सत्य के मूल्यों की स्थापना के लिए दिया योगदान - भरत



**आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की हर्षोल्लास से मनाई गई जयंती**

**देवरिया।** आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज में समानता, न्याय और सत्य के मूल्यों की स्थापना के लिए जो योगदान दिया, वह युगों-युगों तक प्रेरणास्रोत रहेगा। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत साहित्य का पितामह कहा जाता है। उन्होंने विश्वप्रसिद्ध महाकाव्य रामायण की रचना कर भारतीय संस्कृति को नई दिशा दी। इस अवसर पर मुकुंद भास्कर मणि, वरूण राय, जयप्रकाश धनगर, सुनील तिवारी, संजीव मिश्रा, चंदू वर्मा, मार्कण्डेय मिश्रा, शिव शंकर सिंह, सत्यप्रकाश मणि, कुलदीप यादव, महेंद्र अंबेडकर, परमानंद प्रसाद, अशोक कुशवाहा, राशिद अंसारी, कमलेश मिश्रा, रीता देवी, इजहार आदि उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता आंदोलन के महान सेनानी रहे रामनरेश कुशवाहा- चंद्रभूषण

**देवरिया।** समाजवादी धारा को देवरिया की धरती पर अमिट और चिरस्थायी बनाने वाले स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद रामनरेश कुशवाहा ने पाखंडवाद और सामंतवाद के खिलाफ मुखर होकर आंदोलन चलाया और सामाजिक न्याय की अवधारणा को जमीन पर उतारने के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष किया। यह विचार समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि रामनरेश कुशवाहा सादगीपूर्ण जीवन जीते हुए बहुजन समाज को समता और समानता के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देते रहे। वे अपने सक्रिय राजनीतिक जीवन में जहां चुटीले अंदाज में अपनी बात रखने की अद्भुत कला रखते थे, वहीं उत्कृष्ट लेखक भी थे। राजनीति में रहकर उन्होंने युवाओं को रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित किया। श्री यादव ने कहा कि रामनरेश कुशवाहा जैसे नेता हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनका संघर्ष और सादगी हम सबके जीवन के लिए मार्गदर्शक है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अयोध्या वर्मा, सुरेश नारायण सिंह, चंद्रभान यादव, सन्तोष मद्धेशिया, गेना यादव, कांता यादव, मोहरम अंसारी, संजय सिंह, भानुप्रताप रावत, उत्तिम यादव, बेलभद्र गोंड आदि ने स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### जी. एस. टी. दरों की कमी के व्यापारिक प्रभाव पर व्यापारी संगमन का आयोजन



**कानपुर।** आज दिनांक 07 अक्टूबर 2025 को विधायक सलिल विश्नोई द्वारा गीतांजली गेस्ट हाउस माल रोड में नेक्स्ट जेन जी.एस.टी. रिफार्म पर व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें व्यापारियों से जी.एस.टी. दरों में बदलावऔर उसके व्यापारिक प्रभाव पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। उ0प्र0 व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा व जी.एस.टी. विशेषज्ञ श्री प्रखर गुप्ता ने दरों के बदलाव से होने वाले फायदों से व्यापारियों को अवगत कराया। सम्मेलन में सलिल विश्नोई सहित भाजपा की पू0 प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, अवधेश सोनकर, वैभव खण्डेलवाल, हर्षित श्रीवास्तव, योगेश पाण्डेय, रमाशंकर अग्रहरि, चन्द्रकान्त द्विवेदी, कानपुर कपड़ा कमेटी के अध्यक्ष श्री अमित दोसर, बर्तन बाजार कमेटी के अध्यक्ष श्री प्रदीप गुप्ता, उत्तर प्रदेश सर्राफा कमेटी महामंत्री कैलाश अग्रवाल सर्राफा कमेटी नयागंज के अध्यक्ष मुकुल वर्मा, कानपुर किराना बाजार राधे बेरीवाल महिला व्यापार मण्डल की अध्यक्ष अनीता सोनी सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों व मण्डल पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## गोरखपुर में दिल दहलाने वाला हादसा- कार की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति और बच्चा गंभीर, स्थानीय लोगों ने दिखाई मानवता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** एक पल का असावधान और तेज रफ्तार ने मंगलवार को 11 बजे दिन में गोरखपुर के गीडा थाना क्षेत्र में जैतपुर बाजार के पास एक परिवार की जिंदगी को तहस-नहस कर दिया। सिकरीगंज थाना क्षेत्र के दुहरा बाजार निवासी जय चंद चौरसिया अपनी पत्नी और छोटे बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर गोरखपुर की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। यह हादसा इतना भयावह था कि बाइक सवार दंपत्ति और उनका मासूम बच्ची सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर की तीव्रता ने बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया, और दंपत्ति सड़क पर घिसटते हुए दूर तक चले गए।

**अफरा-तफरी के बीच बनी मानवता की मिसाल**

हादसे के बाद जैतपुर बाजार में अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर खून बिखरा था, और घायलों की कराह सुनकर हर किसी का दिल दहल गया। लेकिन इस दुखद घड़ी में स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में सवार परिवार ने भागने के बजाय रुककर घायलों की मदद की।




आसपास के लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी और घायल जय चंद, उनकी पत्नी और बच्चे को जिला अस्पताल पहुंचाया। यह एकजुटता उस वक्त की उम्मीद की किरण बनी, जब एक परिवार जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा था।

**कैसे हुआ हादसा?**

संवादाता ह्युर बुदहट अरुण कुमार मिश्रा के मुताबिक, सड़क पर अचानक सामने आए एक वाहन को बचाने की कोशिश में कार नम्बर क्क53 श्ष्ठ 4776 के चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद यह भीषण टक्कर हुई। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई, और जय चंद, उनकी पत्नी और बच्चे को गंभीर चोटें आई। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने बताया कि जय चंद की हालत नाजुक और उनकी पत्नी की हालत खतरे से बाहर है, जबकि बच्चे के सिर में चोटें हैं। तीनों का इलाज गहन निगरानी में जारी है, और डॉक्टर उनकी जान बचाने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं।

**पुलिस की कार्रवाई और स्थानीय लोगों की मांग**

हादसे के बाद गीडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के वक्त कोई स्थानीय पुलिस मौके पर मौजूद नहीं थी, जिससे शुरुआती कार्रवाई में देरी हुई। जैतपुर बाजार के आसपास के निवासियों ने बताया कि यह इलाका हमेशा भीड़भाड़ वाला रहता है। भारी वाहनों का आवागमन और टोल बचाने की होड़ में तेज रफ्तार वाहन आए दिन हादसों का कारण बनते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं और पुलिस गश्त बढ़ाकर वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण किया जाए।

**यातायात सुरक्षा पर सवाल**

यह दर्दनाक हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की अनदेखी की गंभीर समस्या को उजागर करता है। तेज रफ्तार और असावधानी ने एक खुशहाल परिवार को अस्पताल के बिस्तर पर ला दिया। यह घटना हम सभी के लिए एक सबक है कि सड़क पर सावधानी और नियमों का पालन कितना जरूरी है। जय चंद और उनके परिवार के लिए हर कोई दुआ कर रहा है कि वे जल्द स्वस्थ हों। लेकिन यह सवाल अब भी बरकरार है कि आखिर कब तक ऐसी त्रासदियां होती रहेंगी।

## सुपरवाइजर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कंपनी के सुपरवाइजर द्वारा 282 बैग मुर्गीदाना को किसानों के नाम पर धोखाधड़ी तथा बेईमानी से गबन को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज एबिस एक्सपोर्ट इण्डिया प्रा0लि0 शाखा के प्रबन्धक भूपेन्द्र सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 25 अगस्त से 31 अगस्त के बीच कंपनी में सुपरवाइजर बाघराय थाने के कोडराजीत निवासी अजय कुमार यादव पुत्र जयराम दो सौ बयासी बैग मुर्गीदाना किसानों को देने के लिए ले गये। आरोपी द्वारा इसे किसानों को न देकर गबन कर लिया गया। किसानों द्वारा मुर्गीदाना का बैग उन्हें न मिलने पर जानकारी देने पर शाखा में हडकंप मच गया। शाखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुपरवाइजर अजय यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को पुलिस ने किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में महिलाओं एवं बच्चियों को थाना मोहाना पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान मोहाना थाना पुलिस ने ग्राम भगवानपुर टोला डफालीपुर में ग्राम प्रधान,आशा बहू, की उपस्थिति में गाव की महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर जागरूक किया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्वन्धी



अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गई । इस दौरान उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह व महिला आरक्षी अंकिता सिंह , आरक्षी संदीप पासवान, आरक्षी अवनीश राय आदि उपस्थित रहे।

## वाल्मीकि जयंती पर उत्साह, हुआ अखंड रामायण पाठ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद् पडरौना के जलकर भवन परिसर में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनय जायसवाल जी द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन, दीप प्रज्ज्वलन एवं श्री रामचरित मानस ग्रंथ का पूजन कर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी भारतीय संस्कृति के ऐसे महान ऋषि थे जिन्होंने समाज को मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके द्वारा रचित श्रीरामायण न केवल एक ग्रंथ है, बल्कि जीवन का पथ प्रदर्शक है, जो हमें सदाचार, सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठा



का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने समाज के हर वर्ग को समानता का संदेश देते हुए मानवता की अनूठी मिसाल पेश की।

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका परिषद् पडरौना सदैव ऐसे सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आस्था, संस्कार और एकता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल अधिशासी अधिकारी संतराम सरोज अभियंता निर्माण रामबहादुर अशोक गुप्ता महेन्द्र चौधरी दिवाकर मिश्रा अनिल कुमार मृत्युंजय दीक्षित अंकुश तिवारी विनायक पांडेय ईश्वर मिश्रा सुशील तिवारी शकुन्तला देवी शशि देवी प्रियंका गुप्ता रेखा देवी सुशील देवी भोला साह अरुण पांडेय घनश्याम यादव विनय मद्धेशिया अरुण सिंह मनीष सिंह लिपिक वर्ग, कर्मचारीगण, वार्ड प्रतिनिधिगण सहित नगर के संवेदनशील नागरिक, एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। पूरे परिसर में "जय श्री राम" और "महर्षि वाल्मीकि अमर रहें"के उद्घोषों से वातावरण भक्तिमय बन गया। अंत में नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने सभी श्रद्धालुओं को श्री वाल्मीकि जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी से समाज में सद्भाव, सेवा और स्वच्छता का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## ट्रेलर की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत, एक गंभीर - हेल्मेट न पहनना बना जानलेवा साबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर** – गोला थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर सोमवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेलर ने नुआंव गांव के पास दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर तक जा गिरे। संवादाता ग़ोला बाजार बृजनाथ त्रिपाठी के अनुसार, सोमवार की रात करीब आठ बजे शिवपुर निवासी भरत पासवान (30) पुत्र दयाशंकर अपनी बाइक से गोला चौराहे की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे ट्रेलर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रेलर अनियंत्रित होकर दूसरी दिशा में जा रही बाइक से भी जा टकराया, जिस पर




रामनगीना यादव (42) निवासी मऊ बुजुर्ग, थाना बड़हलगंज सवार थे। दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पने लगे। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत घायलों को सीएचसी गोला पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय भरत पासवान ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि रामनगीना यादव का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। मृतक भरत सात भाइयों में तीसरे नंबर पर था और बेंगलुरु में पेंटिंग का काम करता था। चार दिन पहले ही वह घर लौटा था। करीब ढाई वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी और उसका डेढ़ वर्ष का बेटा है। पिता दयाशंकर एक निजी विद्यालय की बस चलाते हैं। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी, जो मायके गई हुई थी, हादसे की खबर सुनते ही बेसुध हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर भरत ने हेल्मेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच जाती। जबकि दूसरा बाइक सवार रामनगीना यादव हेल्मेट लगाए हुए था, जिससे उसकी जान बाल-बाल बच गई। घटना के बाद से क्षेत्र में मातम पसरा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर और उसके चालक को जल्द से जल्द तलाश कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## विवाहिता ने पति और सास पर दहेज उत्पीड़न व घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज कराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** – गोला थाना क्षेत्र के ग्राम भरसरा में रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति और सास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता कंचन पत्नी सूरज ने पुलिस को दी गई तहरीर में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शादी के कुछ ही महीनों में उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। कंचन ने बताया कि उसकी शादी 28 मई 2025 को सूरज पुत्र सुबाष निवासी ग्राम भरसरा, गोला गोरखपुर के साथ हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुई थी। शादी में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार एक मोटरसाइकिल, एक तोले की सोने की अंगूठी और एक लाख रुपये नगद दहेज के रूप में दिए थे। शुरुआती एक महीने तक सब कुछ ठीक



रहा, लेकिन धीरे-धीरे उसके पति और सास का व्यवहार बदल गया।

पीड़िता के अनुसार, पति सूरज और सास ने कम दहेज लाने का ताना देना शुरू कर दिया और आए दिन उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। कंचन ने आरोप लगाया कि बीते 4 अक्टूबर को उसका पति शराब के नशे में घर आया और मामूली बात पर उसे बेरहमी से पीट दिया। इसी दौरान सास ने भी उसका साथ देने के बजाय लात-घूंसों से मारपीट की। किसी तरह वह जान बचाकर घर से निकलकर थाने पहुंची और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी राहुल शुक्ला ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर तत्काल कार्रवाई की गई है। पति सूरज और उसकी मां के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम और घरेलू हिंसा अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पीड़िता को आवश्यक सुरक्षा और कानूनी सहायता भी प्रदान की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कंचन की शादी बड़ी धूमधाम से हुई थी, लेकिन कुछ ही महीनों में उसके जीवन में कलह ने घर कर लिया। मामले के प्रकाश में आने के बाद गांव में चर्चा का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके।

## कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई- दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** शहर में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात में संलिप्त दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर चल रहे अभियान में यह कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में म0उ0नि0 दीपशिखा रंजन व उनकी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान श्रीकेत सिंह उर्फ प्रिन्स सिंह पुत्र विनोद सिंह निवासी उसका, पोस्ट मीरपुर थाना चिलुआताल



गोरखपुर तथा अरुण राजभर पुत्र सुरज राजभर निवासी डोहरिया बाजार, तारनचक थाना चिलुआताल गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 6 अक्टूबर 2025 को अज्ञात चोरों द्वारा एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई थी।

पीड़ित की तहरीर पर थाना कोतवाली में मुकदमा संख्या 0226/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। तत्पश्चात, गहन जांच व सुरागरसी के दौरान पुलिस टीम ने अभियुक्तों को धर दबोचा। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई। पूछताछ में अभियुक्तों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में और भी चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में अब धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है और दोनों को जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है। इस सफलता में म0उ0नि0 दीपशिखा रंजन, का0 अंकित कुमार, का0 मिथिलेश यादव और का0 मनोज कुमार की भूमिका सराहनीय रही। टीम की त्वरित कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि कोतवाली पुलिस चोरी व अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि लगातार सक्रियता और तत्परता से शहर में अपराधियों के हौसले पस्त हो रहे हैं। पुलिस का यह कदम न केवल अपराध नियंत्रण में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि आम जनता में भी सुरक्षा का भाव मजबूत करेगा।

## अंतर-विद्यालय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

**●खेल, कला और संस्कृति के संग दिखेगी प्रतिभा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** सहोदया स्कूल एसोसिएशन देवरिया द्वारा अंतर-विद्यालय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जनपद के विभिन्न सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के सहयोग से संपन्न होगा, जिसमें जिलेभर के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। महोत्सव के दौरान खेल, कला और संस्कृति से जुड़ी विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी, जिनमें चेस, एलोकेशन, खो-खो, कबड्डी,




वॉलीबॉल, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रमुख रहेंगी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम की रूपरेखा सूर्या एकेडमी में आयोजित बैठक में तैयार की गई, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं उप-प्रधानाचार्य शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया और पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। सूर्या एकेडमी की प्रधानाचार्या मोनिका अरोड़ा ने बताया कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सहभागिता जैसे गुणों का विकास होता है, जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। देवरिया सहोदया स्कूल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सेंट जेवियर्स स्कूल सलेमपुर के प्रधानाचार्य वी.के. शुक्ल, सचिव मोनिका अरोड़ा सूर्या एकेडमी, कोषाध्यक्ष मृदुल सिंह नेशनल पब्लिक स्कूल, सपना केजरीवाल स्कॉलर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दिवाकर पांडेय एसबीटी, अरविंद शुक्ला सनबीम सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं उप-प्रधानाचार्य बैठक में मौजूद रहे। यह आयोजन देवरिया में शिक्षा और सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है।

## खेल मैदान निर्माण अधूरा, कैसे निखरेंगी खेल प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर राउत के राजस्व गांव चैनियां में बन रहा खेल मैदान पिछले लगभग दो वर्षो से अधूरा है। करीब बीस लाख रुपये की अधिक की लागत से बन रहे इस खेल मैदान का निर्माण कार्य बजट की कमी के कारण बंद पड़ा है। युवाओं का कहना है कि यदि यह मैदान पूरा हो जाए तो क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अभ्यास और प्रदर्शन के लिए बेहतर मंच मिल सकेगा। वर्तमान में क्षेत्र में ऐसा कोई बड़ा खेल मैदान नहीं है जहाँ युवा खिलाड़ी अपने खेल की तैयारी कर सके ।



युवाओं का कहना है कि ग्राम पंचायत रमवापुर राउत के टोला चैनियां में बन रहे खेल मैदान का निर्माण कार्य पूरा न होने से युवाओं को दौड़, क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल आदि खेलों की तैयारी के लिए सड़कों और खाली मैदानों का सहारा लेना पड़ता है। यदि यह मैदान बनकर तैयार हो जाए तो युवाओं के लिए यह मील का पत्थर साबित होगा।इस मैदान के बनने से युवाओं को अपने खेल कौशल को निखारने और प्रतिभा प्रदर्शन में काफी मदद मिलेगी।बन रहे बृहद खेल मैदान में क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन कोर्ट, रनिंग ट्रैक, बाथरूम व चेंजिंग रूम जैसी सुविधाएं दी जानी हैं। साथ ही रात्रिकालीन अभ्यास के लिए जनरेटर और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी प्रस्तावित है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

खण्ड विकास अधिकारी डॉ. विनोद मणि त्रिपाठी ने बताया कि खेल मैदान की बाउंड्रीवाल पूरा हो चुका है। कुछ मिट्टी भराई और अन्य कार्य बजट के अभाव में रुके है । जैसे ही बजट आएगा शेष कार्य जल्द पूरा करवा लिया जाएगा।

## वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण में मिली नवजात कात्यायनी, 2025-26 में 228 मामले आए सामने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र, शैलेंद्र यादव ने सोमवार, 06 अक्टूबर 2025 को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर (One Stop Center - OSC) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के साथ ही उन्होंने विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर केंद्र में आश्रय लेने वाली महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी।न्यायाधीश शैलेंद्र यादव को निरीक्षण के दौरान केंद्र में कई आश्रित बच्चे मिले, जिनमें एक नवजात भी शामिल है। निरीक्षण के समय 6 दिन की नवजात शिशु मिली, जिसका नामकरण भवन उद्घाटन के दिन सीडीओ जागृति अवस्थी द्वारा किया गया था। अन्य आश्रित बच्चों में 1 माह 4 दिन का बालक सूर्यांश, 5 साल का आर्यन, और 9 साल की एक बालिका आवासित पाई गई। न्यायाधीश ने संबंधित स्टाफ को नवजात शिशुओं, बालक एवं बालिकाओं की देखरेख और खान-पान पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। केंद्र में साफ-सफाई और पंजिका का अवलोकन किया गया, जो संतोषजनक एवं अद्यतन स्थिति में पाई गई। अपर जनपद न्यायाधीश शैलेंद्र यादव ने जानकारी दी कि वर्ष 2025-26 में वन स्टॉप सेंटर में अब तक कुल 228 मामले आए हैं। यह संख्या जिले में महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा और कानूनी सहायता की आवश्यकता को दर्शाती है।

निरीक्षण के दौरान, न्यायाधीश श्री यादव ने वन स्टॉप सेंटर में उपस्थित स्टाफ को महिला एवं बाल अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण अधिनियमों के संबंध में विस्तार से जागरूक किया। इनमें निम्नलिखित प्रमुख कानून शामिल हैं ।नैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम

दहेज प्रतिषेध अधिनियम, मातृत्व लाभ (26 सप्ताह तक), कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) 2012, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956, गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम, न्यायाधीश ने वन स्टॉप सेंटर के स्टाफ को यह भी निर्देश दिया कि वे विभिन्न स्थानों पर मिशन शक्ति फेज़ 5 के अंतर्गत जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को इन अधिकारों के बारे में जागरूक करें। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रबंधक दीपिका सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र, शैलेंद्र यादव द्वारा दी गई।

## पटेल जयंती पर बस्ती आयेंगे जयंत चौधरी, तैयारियों में जुटे पार्टी के पदाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में राष्ट्रीय लोकदल की तैयारी बैठक मंगलवार को राजभवन में जिलाध्यक्ष सर्वेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 30 अक्टूबर को देशराज नारंग इण्टर कालेज के परिसर में लौह पुरूष भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी के आगमन की रूप रेखा पर निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि रालोद पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की नीति, कार्यक्रमों को निरन्तर आगे बढा रही है जिससे किसानों, नौजवानों के जीवन में खुशहाली आये। उन्होने पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि वे अपने स्तर पर 30 अक्टूबर के कार्यक्रम की सफलता में जुट जाय। युवा लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऐश्वर्यराज ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिये तैयारियां तेज कर दी गई है। बड़ी संख्या में युवा लोकदल के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक चौधरी ने कहा कि यह सुखद अवसर है कि पटेल जयंती पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी बस्ती आ रहे हैं। प्रदेश महासचिव अरूणेन्द्र पटेल ने कहा कि सांगठनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मूसलाधार हुई बरसात से धान की फसल हुई बर्बाद



**बरेली/** मूसलाधार बारिश होने से खेतों में खड़ी धान की फसल गिरने के बाद पानी में डूब कर नष्ट हो गई इस समय हुई बरसात किसानों के लिए अकाल बनकर टूटी इस समय किसानों की धान की फसल तैयार होकर घर आने का इंतजार कर रही थी इसी क्रम में इस मूसलाधार बारिश ने धान की फसल को नष्ट कर दिया। जिसके कारण किसानों का बुरा हाल हो गया है किसानों ने अपने परिश्रम से किसी तरह धान की फसल को तैयार किया जिसे दैवीय आपदा के तहत हुई बरसात ने सब कुछ खत्म कर दिया है किसानों के मुंह का निवाला इस बरसात में खत्म हो गया है जिससे किसान भारी संकट में पड़ गया है। इस बरसात से कहीं थोड़ा-थोड़ा नुकसान नहीं हुआ वल्कि हजारों बीघा धान की फसल नष्ट हुई है इससे किसान की कमर टूट गई आखिर वह अब करे भी तो क्या करें इस बाबत एसडीम नवाबगंज उदित पवार से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा किसानों के धान की नष्ट हुई फसल का सर्वे करा कर रिपोर्ट भेजी जाएगी जिससे किसानों को कुछ लाभ मिल सके इसके पूर्ण प्रयास किए जाएंगे।

### गोरखपुर धाम के संत ने किया बरात घर का उद्घाटन



**बरेली/**क्यों लड़िया में स्थित नकटी नारायणपुर मार्ग पर बनाए गए भव्य बारात घर का अखंड पाठ समापन के बाद इस बारात घर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया इसके मुख्य अतिथि गोरखपुर धाम के महंत थे उन्होंने यहां पहुंचकर इस बारात घर का शुभारंभ किया यहां पहुंचने पर लोगों ने उनका भाव स्वागत किया। साथ ही उन्होंने बारात घर के खुलने से लोगों को अपने बच्चों का शादी विवाह करने में करने में लाभ मिलेगा साथ ही उन्होंने बारात घर के संचालक को आघा किया इस बारात घर के अंदर इतना ध्यान रखा जाए यहां पर मीट मछली जैसे सेवन करने बाले को बारात घर उपलब्ध न कराया जाए वह चाहे कितनी भी धनराशि दे शुद्ध शाकाहारी व्यक्ति को किसी भी तरह का संकट उत्पन्न ना हो। इस बरात घर अंदर पूरी तरह सनातन का उपयोग किया जाए उन्होंने जोर देते हुए कहा आज लोग विमुख होते जा रहे हैं जो समाज के लिए खतरा बने हुए हैं यहां पर उपस्थित जितेंद्र कुमार उर्फ कमलू सतीश चंद्र गंगवार सर्वेश कुमार गंगवार मंगली प्रसाद मंगली प्रसाद जगदीश प्रसाद मोहन स्वरूप गंगवार समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे इसके बाद यहां पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

### सुंदर- सुंदर झाकियों के साथ श्री कृष्ण रासलीला मंचन का किया गया आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला छोटी काशी क्षेत्र के गांव कैमहरा में स्थित देवेश्वर नाथ मन्दिर पर दिनांक पांच अक्टूबर से ग्यारह अक्टूबर तक चलने वाली श्री कृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमे त्रतीय दिवस के अवसर पर समय दो से पांच बजे तक की लीला मे ब्रंदावनधाम से पधारे कलाकारो ने दिखाया कि जब कंस को यह मालूम हो जाता है कि उसकी वहन देवकी का आठवां पुत्र उसका काल होगा।तो वह देवकी और व बासुदेव को कारागार मे डाल देता है और देवकी व बासुदेव की सभी सातो संतानो की हत्या कर देता है। इसके साथ ही सुंदर-सुंदर झाकियों के सजीव चित्रण के साथ श्रोताओं ने श्री कृष्ण रासलीला का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियों उपस्थित रहे।

### प्रयागराज में महिला अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, अधिवक्ताओं में आक्रोश



**प्रयागराज।** महिला अधिवक्ता प्रिया प्रजापति पर हुआ जानलेवा हमला, गंभीर हालत में उन्हें एस.आर.एन. हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता हॉस्पिटल पहुंच गए। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने इस हमले पर कड़ी नाराजगी जताई। अशोक सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं पर लगातार हो रहे हमले चिंता का विषय हैं, ऐसे में अधिवक्ता अपनी सुरक्षा को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए पुलिस अधिकारियों से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# दबंगों ने चाकू दिखाकर पीड़िता को जंगल में ले जाकर किया दुराचार, वीडियो हुआ वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** दुष्कर्म पीड़िता ने बताया कि वह एक सप्ताह से बुआ के घर गई थी।29 सितम्बर की रात दुर्गा पूजा देखने गई थी। रास्ते में बाइक से आए अनुज और तीरथ ने रोक लिया और बाइक पर बैठने को कहा। विरोध करने पर उन्होंने चाकू दिखाकर जबरन बाइक पर बैठाकर जंगल की ओर ले गए। वहां पर फोन कर अपने एक और दोस्त को बुला लिया। इसके बाद तीनों ने बारी बारी से दुराचार कर वीडियो भी बनाया और फिर गांव में लाकर छोड़ दिया। वह रोते हुए अपनी बुआ के घर पहुंची, तब परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। नाबालिग किशोरी ने गैंगरेप की घटना को पुलिस से बताया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पीड़िता का कोर्ट में बयान भी कराया गया है। पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी को 8 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। पिता ने कहा कि वह मूलरूप से पुरामुफ्ती के रहने वाले हैं और उनकी बहन एयरपोर्ट इलाके में रहती है।17 वर्षीया बेटी एक सप्ताह पहले अपनी बुआ के घर गई थी। बगल में ही दुर्गा पांडाल लगा था, जहां जाने के लिए बेटी रात 8 बजे तक निकली थी। रास्ते में ही उसे अगवा कर लिया गया और जंगल में ले जाकर तीनों आरोपियों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। भोर में करीब 4 बजे उसे गांव के करीब लाकर छोड़ दिया गया। पिता का कहना है कि गांव में छोड़ने के दौरान आरोपियों ने बेटी को धमकाया भी था और बोले कि किसी को भी सूचित किया, तो तुम्हें गोली मार देंगे। इसी बीच वीडियो भी बना लिया, जिसमें चाकू दिखाकर जबरन कहने को मजबूर कर दिया, कि वह अनुज से ही शादी करेगी। एसीपी धूमनगंज ने बताया कि 3 अक्टुबर को तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता का कोर्ट में बयान भी कराया गया है।

## एफ एच मेडिकल कॉलेज में टूण्डला प्रेस क्लब के पत्रकारों का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला-** एफ.एच मेडिकल कॉलेज में टूण्डला प्रेस क्लब के पत्रकारों का सम्मान किया गया। मंगलवार को एफ.एच मेडिकल कॉलेज में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज ग्रुप की तरफ से शहजाद खान ने टूण्डला प्रेस क्लब के पत्रकारों संरक्षक राजू उपाध्याय, राधेश्याम चौहान, अध्यक्ष सोमेंद्र पौनियां, उपाध्यक्ष महेश ठेनुआ, सचिव विवेक शर्मा, महामंत्री रामपाल चौधरी,कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा,मीडिया प्रभारी जाविद अली, महासचिव राष्ट्रदीप जैन,अंकित श्रोतिया, सह सचिव गिरधारी लाल, संगठन मंत्री विमल किशोर बॉबी,उपेंद्र यादव ताहिर सिद्दीकी योगेंद्र सिंह कपिल देव आदि टूण्डला प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों का माला पहना कर शाल उड़ाकर व शील्ड प्रदान कर जोरदार स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर शहजाद खान ने पत्रकारों की भूमिका उनके योगदान और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में पत्रकारिता का महत्व बढ़ चुका है। पत्रकार समाज के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करते हैं और समाज के हर मुद्दे को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। पत्रकार समाज का आईना है जो दिन रात विकट परिस्थितियों में काम करते हुए जनता की आवाज बन उनकी समस्याओं को शासन तक पहुंचाते हैं। आज टूंडला प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों का सम्मान करते हुए हमें हर्ष हो रहा है। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने कहा कि समाज को जागरूक करना और सही जानकारी प्रदान करना पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य है। हमें इस सम्मान से और अधिक प्रेरणा मिली है और हम आगे भी अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।सभी पत्रकारों ने इस सम्मान के लिए शहजाद खान का धन्यवाद दिया।

## सामुदायिक शौचालय की हालत खराब ग्राम प्रधान व अधिकारी मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेहजम खीरी।** सनिगवां गांव में सामुदायिक शौचालयों की स्थिति बहुत खराब है, जिससे ग्रामीणों को खुले में शौच करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यहां शौचालयों में ताला लगा हुआ है, जबकि यहां पानी की व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद अधिकारी इस मामले में मौन हैं। शौचालयों की देखभाल करने वाले कर्मी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं।ना ही शौचालयों के संचालन के लिए बनाए गए नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।शौचालयों के निर्माण और संचालन में भ्रष्टाचार फैला है जब इसकी जानकारी ग्राम प्रधान से फोन से लेने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा और ब्लॉक पर बैठे ग्राम पंचायत अधिकारी अमीर चंद राणा का तो कारनामा ही अलग है उनको जब भी फोन किया जाता है उनका फोन रिसीव नहीं होता आखिर कैसे मिलेगी किसी समस्या की जानकारी वैसे भी ग्राम पंचायत अधिकारी अमीर चंद्र राणा की ग्राम पंचायत में फैला भ्रष्टाचार गांव वालों से जानकारी मिली है किस समरसेबल चोर ले गए खोल के अगर चोरी की शिकायत है तो फिर ग्राम पंचायत अधिकारी और प्रधान के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई है या नहीं इसकी जानकारी देने में क्यों असमर्थ हैसमस्या के समाधान के लिए-सरकारी हस्तक्षेप सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।जवाबदेही तय करना-शौचालयों की देखभाल करने वाले कर्मियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। ग्रामीणों की भागीदारी-ग्रामीणों को भी इस समस्या के समाधान में भागीदार बनाना चाहिए।

## मिशनशक्ति के तहत पालिका की 16 महिला व 28 पुरुष सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मंगलवार को को नगर पालिका की महिला सफाई मित्रों और सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। शिविर में 16 महिला कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। 28 पुरुष सफाई कर्मियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। डिप्टी सीएम सीएचसी प्रभारी डॉक्टर जितेंद्र श्रीवास्तव के निर्देशन में चिकित्सकों ने आवश्यकता अनुसार मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई। डॉ जितेंद्र श्रीवास्तव ने कि मिशन शक्ति के तहत महिला सफाई मित्रों और कर्मियों की जांच की गई । उन्होंने कहा कि कार्य परिस्थितियों को देखते हुए समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर जरूरी हैं। इस प्रयास से स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ-साथ महिला कर्मियों में जागरूकता और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। डॉ जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि महिला के लिए 30 की उम्र का दशक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। इस दौरान वे करियर, परिवार और अन्य कई जिम्मेदारियों को एक साथ निभा रही होती हैं, लेकिन इस भागदौड़ में अक्सर वे अपनी ही सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं को वे थकान या तनाव मानकर टाल देती हैं।30 की उम्र के बाद शरीर में कई हार्मोनल और अन्य बदलाव शुरू हो जाते हैं, जो भविष्य में गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा सकते हैं।इसलिए, इस उम्र से 'प्रिवेंटिव हेल्थकेयर' यानी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य जांच को अपनाना बेहद जरूरी है। समय पर मेडिकल टेस्ट कराने से किसी भी गंभीर बीमारी को शुरुआती चरण में ही पकड़ा जा सकता है, जिससे इलाज आसान और सफल हो जाता है।

## जारी बाजार में विजयादशमी पर्व की धूम! दस हजार श्रद्धालु उमड़े, जय श्रीराम के नारों से गूंजा पूरा बाजार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** यमुनापार क्षेत्र बारा तहसील अंतर्गत जारी बाजार में सोमवार को विजयादशमी पर्व का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, दोपहर होते-होते पूरा बाजार मेले के रंग में सराबोर नजर आया। करीब दस हजार से अधिक लोगों ने इस ऐतिहासिक मेले में भाग लिया, जहां श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम देखने को मिला।पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक- चौबंद रही। सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने स्वयं मौके पर पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ उपनिरीक्षक विकास सिंह, आकाश कुमार रॉय, दीपक भाटी, कैलाश, सुनील कुमार, अनिल कुमार यति, राजेश कुमार पांडे, कांस्टेबल हिमांशु सिंह और रामानंद सिंह यादव सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने पूरे बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा सुनिश्चित की और किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया। मेले में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती की आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिन्हें बाल कलाकारों ने मॉडिफाई वाहनों पर पूरे बाजार में घुमाया। जगह-जगह पर बने स्टेजों पर डीजे की धुन पर नृत्य और धार्मिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय और रोमांचक बना दिया। बाजार की रौनक अपने चरम पर थी मिष्ठान,चाट-फुल्की, आइसक्रीम, अंडा फ्राई जैसी स्वादिष्ट वस्तुओं की दुकानें सज गईं। महिलाओं और बच्चों की भारी उपस्थिति से बाजार गुलजार रहा। खिलौनों, साड़ियों और श्रृंगार की दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई। शाम के समय जब श्रीराम कमेटी द्वारा लंकादहन की झांकी मुख्य चौराहे पर पहुंची, तो पूरा बाजार "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठा। यह झांकी लगभग आधे घंटे तक प्रदर्शित की गई, जिसमें भक्ति गीतों और भोजपुरी गानों पर कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। व्यापारियों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। हाजी कलेक्शन,गुप्ता कलेक्शन, अग्रहरि वस्त्रालय सहित कई प्रतिष्ठानों ने झांकियों के स्वागत में सहयोग राशि प्रदान की। भव्य लंकादहन, शांति पूर्ण आयोजन और पुलिस की सजगता ने इस बार का विजयादशमी मेला ऐतिहासिक बना दिया।

## त्योहारों पर सुरक्षा के मोर्चे पर लालापुर पुलिस - संदिग्धों की तलाश में सघन चेकिंग अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार ।** तहसील बारा क्षेत्र अंतर्गत लालापुर थाना पुलिस ने त्योहारों के मद्देनज़र क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी अनुभव सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाज़ारों और संवेदनशील इलाकों में बाइक व चारपहिया वाहनों की सघन जांच की। पुलिस ने इस अभियान के दौरान वाहन चालकों के कागजातों की जांच की और बिना हेलमेट, बगैर सीट बेल्ट या संदिग्ध तरीके से घूम रहे लोगों से सख्त पूछताछ की। संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की पहचान करने के लिए पुलिस ने विशेष टीमें गठित की हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था को बनाए रखना है। पुलिस का ध्यान अपराध और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों की पहचान पर भी केंद्रित है। उन्होंने कहा कि मिश्रित आबादी वाले इलाकों में गश्त और चौकसी को और बढ़ा दिया गया है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। नागरिकों से अपील की गई है कि वे क्षेत्र में होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। थानाध्यक्ष अनुभव सिंह ने कहा – ÷शहर की शांति बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस अपना काम पूरी तत्परता से कर रही है, लेकिन नागरिकों का सहयोग भी उतना ही जरूरी है।

# जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप, पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र स्थित बहेरी गांव निवासी रामबाबू यादव ने अपनी ढाई बिस्वा भूमिधरी जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि गांव के कुछ लोगों एवं बाहरी लोगों ने उनकी जमीन पर अवैध निर्माण करना शुरू कर दिया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर सवाल उठाए गए हैं। रामबाबू के मुताबिक, यह जमीन उनके पिता के नाम पर दर्ज है। आरोपियों ने जमीन पर बाउंड्री बनाकर खंभे गाड़ दिए और विरोध करने पर गेट तोड़कर बाउंड्री गिरा दी गई। जिन लोगों पर आरोप लगाए गए हैं,उनमें कृष्ण अवतार यादव, राम अवतार यादव, राजेश यादव, बबुआन यादव निवासी केंचुआ, आशीष कुमार और जनक प्रसाद यादव शामिल हैं। पीड़ित ने बताया कि घटना की सूचना सबसे पहले डायल पुलिस 112 नंबर को दी गई थी, मौके पर पहुंची पुलिस ने काम रुकवा दिया था, लेकिन पुलिस के जाने के बाद ही फिर काम शुरू कर दिया गया। पीड़ित का कहना है कि बार-बार थाने पर तहरीर देकर न्याय की मांग की गई, लेकिन कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। लगभग 20 दिनों पहले भी तहरीर दी गई थी, लेकिन पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। रामबाबू के पास मारपीट करने तथा कब्जे से सम्बंधित वीडियो व अन्य साक्ष्य एकत्रित हैं। रामबाबू यादव ने उच्च अधिकारियों से भी इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग किया है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में तनाव बना हुआ है, और पीड़ित परिवार असुरक्षित महसूस करने लगा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते पुलिस ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं किया, तो विवाद बढ़ भी सकता है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पक्षों में पहले से रंजिश चली आ रही है और अब जमीनी विवाद ने मामले को गम्भीर बना दिया है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच पड़ताल कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है, जिससे गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे।

# 450 करोड़ रुपए की परियोजना पर बाढ़ ने लगाया ब्रेक,275 गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति पर विराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज-यमुनापार।** बारा तहसील क्षेत्र के देवरिया स्थित यमुना नदी पर करीब 450 करोड़ रुपए की लागत से चल रही सतही स्रोत (बोरवेल) योजना फिलहाल ठप पड़ी है। यह महत्वाकांक्षी योजना तहसील क्षेत्र के 275 ग्राम पंचायतों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन मानसून की बाढ़ और नदी के जलस्तर में लगातार उतार-चढ़ाव ने इस प्रोजेक्ट पर रोक लगा दी है। जुलाई 2023 में इस परियोजना की शुरुआत निजी कंपनियों के टेंडर के जरिए की गई थी और इसे जुलाई 2025 तक पूरा कर जलनिगम को सौंपा जाना था जिसमें 2025 का लक्ष्य अब फेल होने के कगार पर है। इस योजना के तहत यमुना नदी से सीधे पानी खींचकर उसे फिल्टर किया जाना था। इसके बाद पंप हाउस,जल शोधन संयंत्र और पाइपलाइनों के जरिए बारा तहसील के गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति करना था। यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित पेयजल से होने वाली बीमारियों को रोकने और ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने के लिए शुरू किया गया था। पिछले दो वर्षों में बाढ़ की वजह से यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से काम रोकना पड़ा था। नतीजा यह हुआ कि बड़े पैमाने पर पाइपलाइन बिछाने और शोधन संयंत्र बनाने की प्रक्रिया अधूरी रह गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस परियोजना को लेकर न तो प्रशासन गंभीर दिख रहा है और न ही जलनिगम। उनका कहना है कि हर बार बाढ़ की वजह बताकर काम रोक दिया जाता है, उसका स्थाई समाधान करने पर गंभीरता नहीं लाई जा रही है। जलनिगम के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि योजना की रफ्तार जरूर धीमी हुई है , लेकिन काम तकनीकी कारणों से ही बाधित है। अब प्रयास किया जा रहा है कि काम को नदी के ऊंचे स्थानों पर शिफ्ट कर दोबारा शुरू किया जाए। एक तरफ सरकार हर घर जल जैसी योजनाओं का प्रचार कर रही है। वहीं दूसरी ओर बारा तहसील की यह परियोजना सरकारी दावों की हकीकत सामने ला रही है। यदि इस योजना को समय रहते गति नहीं दी गई, तो करोड़ों रुपए की लागत व्यर्थ हो जाएगी। साथ ही, लाखों ग्रामीणों के स्वास्थ्य और जीवन पर भी गंभीर असर पड़ेगा।

## एग्री स्टैक सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री में एसडीएम बारा ने दिखाई सख्ती, तीन लेखपालों को नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार।** बारा तहसील क्षेत्र में एग्री स्टैक सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री को लेकर एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम गंभीर हो गई हैं। उन्होंने कार्य की समीक्षा के दौरान कहा कि इस काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे पर भी असंतोष जताया और तीन लेखपालों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। नवागंतुक तहसीलदार बारा रोशनी सोलंकी ने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कृषि विभाग,राजस्व, आपूर्ति, मार्केटिंग इंस्पेक्टर और जनसेवा केंद्र संचालकों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। एसडीएम बारा ने तहसीलदार बारा एवं खण्ड विकास अधिकारियों को भी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने किसानों से अपील किया है कि वे अपने नजदीकी जनसेवा केंद्रों पर जाकर जल्द से जल्द फार्मर रजिस्ट्री कराएं। उन्होंने चेताया कि जो किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराते हैं, उनकी किसान सम्मान निधि बन्द हो जाएगी। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बार-बार केवाईसी कराने से बचेंगे। किसान का सत्यापन आसान हो जाएगा। डिजिटल पहचान पत्र (गोल्डेन कार्ड) मिल जाएगा। किसानों की आजीविका सुधार योजनाओं को लागू करने में मदद मिलेगी। पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ भी मिलता रहेगा।

## जब सरकारी गौशाला से मवेशी गायब, तो भरण-पोषण का पैसा कहां जा रहा?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज यमुनापार ।** जसरा विकासखंड क्षेत्र के देवरिया गांव की बाबा सुजावन देव आदर्श गोशाला में 246 मवेशियों के खर्च 5की डिमांड हुई थी। अगस्त में 244 पशुओं के भूसे-चारे का बजट मांगा गया। इसके बाद सितम्बर में भी 244 मवेशियों के भरण-पोषण की मांग करती हुई रिपोर्ट आई। इससे स्पष्ट है कि गौशाले में 244 या 246 मवेशी होने चाहिए। चार दिन पहले पशु चिकित्सक गौशाले में पहुंचे, तो उन्हें 215 मवेशी मिले। गत दिनों मीडिया टीम ने जांच की, तो पशुओं की संख्या 187 मिली। यानी दोनों बार पशुओं की संख्या कम ही थी। अब सवाल उठता है कि जब मवेशी ही नहीं हैं तो उनके भरण-पोषण का बजट किस बट्टेखाते में जा रहा है। इस गोआश्रय-स्थल में मवेशियों के आंकड़े में यह भिन्नता भरण-पोषण के बजट में हेराफेरी की ओर इशारा करती है। गोशाले में मवेशियों की संख्या कम-ज्यादा होती रहती है, फिर भी इतना अन्तर नहीं आना चाहिए। इस गौशाले के लिए 20 सितम्बर को 244 मवेशियों के भरण-पोषण की मांग ब्लॉक से भेजी गई थी।30 अगस्त को पशु चिकित्सक डॉ एसबी सिंह पहुंचे, तो 29 मवेशी कम मिले थे। पशु चिकित्सक ने गौशाले के गेट के टूटे होने का तर्क दिया। जिससे कुछ मवेशी निकल गए थे। अगले दिन मीडिया टीम पहुंची, तो गोपालकों ने मवेशियों की संख्या 187 बताई, यानी 57 पशु कम मिले। यही नहीं, गोपालकों ने कहीं भी कोई गेट या चहारदीवारी टूटी न होने की बात कही। फिलहाल,पशुपालन विभाग इस मामले में ब्लॉक के अधिकारियों के सिर पर ठीकरा फोड़ रहा है। जबकि,ब्लॉक के अधिकारी चराते समय पशुओं के छूट जाने का तर्क देते हैं। जबकि गौशालाओं को खुले में चराने पर पहले से ही रोक लगाई गई है। यही नहीं,अगर संरक्षित मवेशी छूट गए, तो उन्हें भी खोजने की कवायद क्यों नहीं हुई? मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ शिवनाथ यादव ने बताया कि गौशालाओं की डिमांड ब्लॉक से ही आती है। अकेली पशु चिकित्सक ही नहीं, बल्कि गांव के सचिव भी रिपोर्ट लगाते हैं। उनकी रिपोर्ट के मुताबिक ही भरण-पोषण के बजट की मांग अग्रसारित की जाती है। बीडीओ जसरा सुनील कुमार ने बताया कि देवरिया की गौशाला पहले से ही संवेदनशील है। इन दिनों प्रधान व सचिव के बीच मनमुटाव चल रहा है।अक्सर, मवेशियों को चराने के लिए छोड़ा जाता है, जिससे मवेशी कम हो जाते हैं, फिर भी इस मामले को दिखवाया जाएगा।

## दशहरा और दीपावली के बीच मनाते हैं ढेढ़िया पर्व, बहनें उतारती हैं भाइयों की नजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज यमुनापार।** भाइयों और बहनों का अटूट प्रेम का बंधन, भाइयों के जीवन में मंगलकामना का पर्व ढेढ़िया दशहरा और दीपावली के बीच मनाते हैं। इस पारंपरिक त्यौहार में बहनें अपने भाइयों की मंगलकामना करते हुए छेदवाली मिट्टी की हांडी में दीपक रखकर उनकी बुरी नजरें उतारती हैं। इसके लिए भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं। इस पर्व की मान्यता भगवान श्री राम के 14वें वर्ष के बनवास से जुड़ी है। बनवास के बाद प्रयागराज आगमन पर जब राम सीता और लक्ष्मण की आरती उतारी जा रही थी, तब स्त्रियों को संदेह हुआ कि कहीं शनिदेव भी वनवासियों के पीछे तो नहीं आ गए। शनिदेव के भय से स्त्रियों ने मिट्टी की छेदवाली हांडी में दीपक रखकर भगवान की नजर उतारी थी, तभी से यह प्रथा ढेढ़ीया के रूप में प्रचलित हुई। जिसके बाद से बहनें इसी परंपरा का पालन करते हुए भाइयों के लिए छेदवाली हांडी में दीपक रखकर उनकी नजर उतारती हैं। कई घरों में परिवार की कुशलता के लिए पिता की भी नजर उतारी जाती है। मान्यता है कि बहनें मिट्टी की हांडी में दीपक रखकर भाइयों की नजर उतारती हैं। उसके बाद उसी हांडी में भाई झांककर देखते हैं और बहनों के खुशहाल जीवन को हरा भरा रखने का आशीर्वाद देते हैं। वह भेंट बहनों के लिए आशीर्वाद स्वरूप होता है। इस पर्व का उद्देश्य भाई-बहनों के बीच प्रेम और परिवार की सुरक्षा को बढ़ावा देता है। अब इस लोकपर्व को लोकनृत्य के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इसका लक्ष्य युवा पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति और लोक संगीत से फिर से जोड़ना है।

## संक्षिप्त खबरें

### महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम




**भदोही।** गोपीगंज नगर के भारत भारत इंटरमीडिएट कॉलेज में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि के जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण करके उनके कार्यों और व्यक्तित्व को याद को किया। कार्यक्रम में कॉलेज के अध्यापक विनोद कुमार सिंह ने महर्षि वाल्मीकि के बारे में विस्तार से चर्चा की और उनके कृत्यो के बारे में बताया। इसी तरह शिक्षिका प्रियंका तिवारी ने भी महर्षि वाल्मीकि के बारे में अपनी बातें रखी, प्रियंका तिवारी ने कहा कि वाल्मीकि पहले गलत संगत से लोगों से लूट इत्यादि का कार्य करते लेकिन संतो की संगत से अपने को सुधारे और अपने कार्यो से महर्षि के पद को प्राप्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक शेखर ने भी महर्षि वाल्मीकि के विद्वता पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से बताया। साथ ही सभी उपस्थित अध्यापकों ने भी महर्षि वाल्मीकि के बारे में अपनी-अपनी बात रखी। इस मौके पर माता प्रसाद चौबे, विनोद कुमार सिंह, सलाउद्दीन, राम शेखर, प्रजेश मालवीय, रोहित यादव, सजीवन, जीतेन्द्र, बबलू, राहुल मौर्या, दीपचंद, अनुराग, विशाल सरोज, रिंकू, लीला यादव, बबिता, रेशमा, मनीषा, पुष्पा, प्रियंका, ज्योति, समा, गुलप्सा, अल्फिया, महक, रूचि, सना समेत सभी अध्यापक और अध्यापिका मौजूद रहे।

### आईजी आर.पी. सिंह ने की मिशन शक्ति 5.0 की समीक्षा

**पुलिस अधीक्षकों व क्षेत्राधिकारियों को महिला सुरक्षा व विवेचना निस्तारण पर दिए कड़े निर्देश**



**मीरजापुर।** पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी. सिंह ने मंगलवार को परिक्षेत्रीय कैम्प कार्यालय से गूगल मीट के माध्यम से #MissionShakti 5.0 अभियान के द्वितीय कालखण्ड में की गई कार्यवाही की समीक्षा की। बैठक में परिक्षेत्र के सभी पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी शामिल रहे। आईजी ने मिशन शक्ति अभियान के तहत संचालित सभी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि परिक्षेत्र के प्रत्येक थाने में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र को सक्रिय रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों को आज ही अपने-अपने सर्किल के थानों का भ्रमण कर मिशन शक्ति केन्द्रों की कार्यवाही पूर्ण कराने और प्रत्येक केन्द्र से दो रंगीन फोटो एवं एक वीडियो तत्काल प्रेषित करने के निर्देश दिए।

**महिला अपराधों में सख्त पैरवी का निर्देश**

आईजी आर.पी. सिंह ने कहा कि महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए ताकि अभियुक्तों को शीघ्र दंडित कराया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाए। आईजी ने नए कानून के अनुरूप एसआईडी क्रिएशन की भी समीक्षा की और परिक्षेत्र के सभी जनपदों में शत-प्रतिशत एसआईडी निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु सभी क्षेत्राधिकारियों को अगले छह दिनों के भीतर लक्ष्य पूर्ण करने का टास्क सौंपा गया है।

### प्रयागराज में महिला अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, अधिवक्ताओं में आक्रोश



**प्रयागराज।** महिला अधिवक्ता प्रिया प्रजापति पर हुआ जानलेवा हमला, गंभीर हालत में उन्हें एस.आर.एन. हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता हॉस्पिटल पहुंच गए। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने इस हमले पर कड़ी नाराजगी जताई। अशोक सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं पर लगातार हो रहे हमले चिंता का विषय हैं, ऐसे में अधिवक्ता अपनी सुरक्षा को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए पुलिस अधिकारियों से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# भदोही में दीपमालाओं से दमका वाल्मीकि जयंती पर्व

**● सभी देव मंदिरों में अखंड रामायण पाठ और दीप प्रज्वलन का हुआ भव्य आयोजन**

**मुख्यमंत्री योगी की फ्रयोगी की पातीफ्र से प्रदेशवासियों को मिला प्रेरणादायी संदेश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सोमवार को जनपद के सभी देवालयों में दीप प्रज्वलन और अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। जनपद के प्रमुख राम-सीता, हनुमान एवं वाल्मीकि मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दीपमालाओं से सजे मंदिरों में वाल्मीकि रामायण के अनवरत पाठ के साथ प्रभु श्रीराम के आदर्शों का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की "योगी की पाती" से संदेश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने "योगी की पाती" शीर्षक से जारी अपने संदेश में कहा–

"प्रभु श्रीराम के जीवन मूल्यों से जन-जन को परिचित कराने वाले आदि कवि महर्षि वाल्मीकि का जीवन समस्त समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने श्रीराम के प्रेम, करुणा और मर्यादा के आदर्शों से मानवता का नाता जोड़ा। महर्षि वाल्मीकि जैसे त्रिकालदर्शी महात्मा पूरे समाज के हैं, उनके प्रभु राम सबके हैं, और उनकी रामायण सबके लिए है। उनकी समरसता की धारा समाज में सतत प्रवाहित रहे, यही हमारा संकल्प है।÷

**सीतामढ़ी वाल्मीकि आश्रम बना श्रद्धा का केंद्र**

वाल्मीकि जयंती पर सीतामढ़ी नारेपार स्थित लव-कुश वाल्मीकि आश्रम मंदिर में जिलाधिकारी शैलेष कुमार व मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल सहित जनपद के अनेक अधिकारी, कर्मचारी और श्रद्धालु शामिल हुए।

डीएम ने कहा कि वाल्मीकि रामायण मानवता, समाज और राष्ट्र के मूल्यों की स्थापना का अमर उदाहरण है। उन्होंने बताया कि जनपद भदोही का सीतामढ़ी क्षेत्र राम-जानकी मार्ग और राम वनगमन मार्ग का पावन स्थल है, जहाँ माता सीता ने लव-कुश को जन्म दिया था।

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने बताया कि रामायण की शिक्षाएँ आज भी मानव समाज को दिशा देती हैं। जनपद के सभी मंदिरों में अखंड रामायण पाठ और दीपदान कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

**रामकथा आज भी जनमानस की आत्मा – जिला सूचना अधिकारी**

जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि वाल्मीकि की कृति रामायण भारतीय संस्कृति की आत्मा है। उन्होंने बताया कि वेदों से लेकर पुराणों तक, रामकथा ने मानवता को सत्य, धर्म और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होंने अपने विशेष लेख ÷प्राचीन भारतीय साहित्य में रामकथा का अंकन÷ के माध्यम से बताया कि रामकथा आज भी भारतीय जनमानस में नैतिक प्रकाश पुंज के रूप में विद्यमान है।

**जनपद के प्रमुख मंदिरों में भी हुआ आयोजन**

डीपीआरओ संजय मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद के प्रमुख मंदिरों –

बाबा बड़े शिवधाम (गोपीगंज), चकवा महावीर मंदिर, बाबा हरिहरनाथ मंदिर (ज्ञानपुर), परऊपुर हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर (उगापुर), रामजानकी मंदिर (लक्ष्मणपट्टी) – में भी अखंड रामायण पाठ एवं दीपदान का आयोजन किया गया।

नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों की देखरेख में कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सूचना विभाग द्वारा मंदिरों पर वाल्मीकि रामायण के प्रमुख प्रसंगों एवं शिक्षाओं को प्रदर्शित करने वाले होर्डिंग्स भी लगाए गए, जिनसे श्रद्धालु प्रेरणा प्राप्त करते रहे।

**भक्तिभाव में डूबा रहा जनपद**

लव-कुश इंटर कॉलेज, सीतामढ़ी नारेपार के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सीतामढ़ी मंदिर परिसर और 108 फीट ऊँची हनुमान प्रतिमा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीपदान किया और प्रभु श्रीराम, माता सीता एवं महर्षि वाल्मीकि के चरणों में नमन कर रामायण पाठ में भाग लिया।

## भदोही में हाईवे पर ट्रक और ट्रेलर में टक्कर, ट्रेलर चालक को लगी मामूली चोट

**भदोही।** गोपीगंज थाना क्षेत्र के गेराई हाईवे पर सोमवार की रात में एक ट्रेलर (आर जे 01 जेडी 3978 ) और ट्रक ( एच आर 74 बी 3529) की टक्कर में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें ट्रेलर चालक को मामूली चोट आई है। जबकि ट्रक चालक मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेलर चालक को ईलाज के लिए भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। बताया जाता है कि ट्रक राजस्थान से थ्रेसर लादकर वाराणसी के तरफ जा रहा था और सोमवार की रात में करीब दो बजे एक और ट्रेलर जो टाइल्स लादकर वाराणसी के तरफ जा रहा था। आगे चल रही ट्रेलर को पीछे से आ रही ट्रक ने धक्का मार दिया जिससे ट्रक सड़क के किनारे बने नाले में चला गया और उसपर लदा थ्रेसर भी छतिग्रस्त हो गया जबकि ट्रेलर का अगला हिस्सा काफ़ी छतिग्रस्त हो गया और मौका पाकर ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस इस मामले में आगे की कार्यवाही में जुटी है।

## सफाई कर्मचारी गांव से कूड़ा उठाकर कूड़ेदान में नहीं बल्कि रोड के किनारे कूड़ा डालकर चले जाते हैं

**● इस गंदे कूड़े के रास्ते निकलते हैं यात्री**

**पुरानी हनुमान मंदिर के पास फेंका जाता है कूड़ा एक तरफ सरकार मंदिर को स्वच्छ साफ सुथरा बनाने का वादा कर रही वहीं दूसरी तरफ कूड़ा कचरा फेंक कर मंदिर को दूषित किया जा रहा है**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत देवहट मे सफाई कर्मचारियों के द्वारा कूड़ा उठाकर कूड़ेदान में नहीं बल्कि सड़क के किनारे फेंका जाता है कुड़ा आए दिन इसी तरीके का करते हैं सफाई कर्मचारी काम स्थानिक ग्रामीणों ने बताया कि विकास खंड में सफाई कर्मचारी पेन चलाने के लिए रखे गए हैं ना की सफाई करने के लिए आए दिन सफाई कर्मियों का हकीकत इसी तरीके से देखने को मिलता है कि कहीं कूड़ा इकट्ठा हुआ उसको उठा कर ले जाएंगे रोड के किनारे फेंक कर अपना पल्ला झाड़ लेंगे शिकायत के बाद भी सफाई कर्मियों के ऊपर नहीं पड़ता फर्क कहीं ना कहीं अधिकारियों की मिली भगत देखने को मिल रहा है ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि कई एक बार सफाई कर्मचारियों का शिकायत किया गया मंदिर के बगल में ही रोड पर कूड़ा फेंक दिया जाता है जबकि वहां पुरानी हनुमान जी की मंदिर है इस मंदिर के बगल में कूड़ादान बनाया गया है कूड़ेदान में भी नहीं बल्कि रोड पर ही कचरा फेंक कर दूषित फैलाया जाता है इस दूषित कचरा के रास्ते लोग आवागमन करते हैं ऐसे में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग करना चाहते हैं कि ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए जिससे सही से ग्राम पंचायत का कार्य हो सके। और ग्रामीण सुरक्षित रह सके।

## रोड के किनारे लगा है झाड़ियों का अंबार आए दिन होता रहता है रोड पर घटना दुर्घटना

**● नहीं है किसी अधिकारियों कर्मचारयो का ध्यान ड्रमंडगंज से गड़बड़ा रोड पर झाड़ियो का अंबार**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के सड़कों पर लगा है झाड़ियो का अंबार नहीं है किसी अधिकारियों व कर्मचारियों का झाड़ियो पर ध्यान ड्रमंडगंज से गड़बड़ा रोड पर लगा है झाड़ियो का अंबार रोड के दोनों तरफ झाड़ियो से रोड को झपा हुआ है आए दिन रोड पर होता रहता है घटना दुर्घटना ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया की झाड़ियां में से अचानक जिया जन्तु रोड पर आ जाते हैं तो बाइक वाले उसे बचाने के चक्कर में खुद गिरकर चोटिल हो जाते हैं कहीं सामने से आ रही वाहन के लाइट के रोशनी से गिर जाते हैं कहीं-कहीं तो गाड़ियां सामने से आ रही है दिखती ही नहीं है साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया कि जब मेंन रोड की यह हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों में रोड पर कितना झाड़ियो का अंबार लगा होगा जबकि इसी रोड से प्रतिदिन अधिकारी कर्मचारी ड्यूटी करने जाते हैं लेकिन इस सड़क पर नहीं है किसी कर्मचारी का ध्यान जबकि हलिया ब्लाक को यही रोड जोड़ती है और प्रतिदिन ब्लॉक के कर्मचारियों को इसी रोड से आना जाना होता है लेकिन किसी भी कर्मचारी का नहीं है ध्यान सफाई कर्मचारी अपनी हाजिरी लगाकर ग्राम पंचायत से नेतागिरी करने में मस्त रहते हैं रोड पर झाड़ियां से नहीं मतलब है किसी भी सफाई कर्मचारी को ऐसे में जिला प्रशासन से ग्रामीणों का मांग है कि रोड से झाड़ियो को हटाया जाए और घटना दुर्घटना से यात्रियों को बचाया जाए।

# गैर जनपद स्थानांतरण पर विहान आवासीय विद्यालय के वार्डेन और अधीक्षिका को दी भावभीनी विदाई

**● कार्यालय सहायक श्रमायुक्त ज्ञानपुर में हुआ विदाई समारोह, उत्कृष्ट कार्यों की हुई सराहना**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, ज्ञानपुर भदोही में सोमवार को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित विहान आवासीय विद्यालय (बालक गंगापुर एवं बालिका फत्तूपुर) के वार्डेन/अधीक्षक श्री सुशील कुमार यादव एवं श्रीमती सावित्री देवी के गैर जनपद स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों के उत्कृष्ट कार्यों और विद्यालय में की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

**विद्यालय की गुणवत्ता और अनुशासन की प्रशंसा**

कार्यक्रम में प्रधान सहायक श्री संजय श्रीवास्तव ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि– "आप दोनों ने विद्यालय की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हुए छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने में सराहनीय योगदान दिया है। विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन आपकी कार्यकुशलता को दर्शाता है। मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।"

**सावित्री देवी ने साझा किए अपने अनुभव**

वार्डेन श्रीमती सावित्री देवी ने अपने नौ वर्ष के कार्यकाल की यादें साझा करते हुए श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से विद्यालय ने निरंतर प्रगति की है और छात्राओं के समग्र विकास में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।

**अतिथियों की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम संपन्न**

कार्यक्रम में जिला टास्क फोर्स समिति सदस्य श्री मनोज पाल, समाजसेवी सीमा सिंह, सुमन मिश्रा, वीरेंद्र प्रसाद यादव, दीपक मौर्य, रामविलास बिंद, रविंद्र कुमार, दीपक सोनकर, मनीष कुमार तिवारी (लेखाकार) सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं सम्मानित जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत तिवारी द्वारा किया गया।

# चारो भाईयों का मिलन देख भाव विभोर हुए नगरवासी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार मिर्जापुर।** नगर के टेकौर स्थित भरत मिलाप मंच पर चारो भाईयों के गले मिलते ही प्रभु श्रीराम चन्द्र की जय,के जयकारे से इलाका गुंजायमान हो उठा। श्रीराघवेन्द्र रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे इक्कीस दिवसीय रामलीला मंचन में सोमवार की रात भरत मिलाप लीला का मंचन किया गया। लीला देख नगरवासी भाव विभोर हो गए। गले मिलने के बाद चारो भाई मंच से चारो दिशाओं में घूमकर लीला प्रेमियों को दर्शन दिए। रामलीला मंच के उतरने के बाद रथ पर सवार होकर चारो भाई नगर भ्रमण किए । इस दौरान लीला प्रेमियों ने जगह जगह उनकी आरती उतारी और अपने घर की छतों से पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया। भरत मिलाप लीला में समर्थ वैद्य (राम) अश्विनी दूबे (लक्ष्मण), वाचस्पति त्रिपाठी (भरत), लक्ष्य पुजारी (शत्रुध्न), यश मिश्रा (सीता) व वैकटेश्वर पांडेय (हनुमान) का अभिनय किए।

लीला में एसडीएम राजेश कुमार वर्मा सपत्नीक, पुलिस उपाधीक्षक मंजरी राव, कोतवाल विजय शंकर सिंह, कमेटी संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, महामंत्री संजय साहू, पूर्व अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा बच्ची, आलोक सिंह,पवन जायसवाल, सौरभ पुजारी, करतार सिंह, अमित कुमार गुप्ता, चन्द्र हास गुप्ता, महेन्द्र साहू, विजय बहादुर सिंह, गौरी नाथ दीक्षित, वेंकटेश्वर पांडेय, बृजनंदन कुशवाहा, गोविंद जायसवाल, प्रतीक राव वैद्य, महेंद्र वर्मा, नरेंद्र पांडेय पवन, प्रदीप रस्तोगी, राजेश साहू, सुरेन्द्र सिंह पटेल, आलोक श्रीवास्तव, श्याम सुंदर शाह, पूर्व कोषाध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता, पवन गुप्ता, आदि प्रमुख मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/ बालिकाओं को किया जा रहा जागरुक

**● महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन बनाने हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत "अभिमन्यु मांगलिक" पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में एवं शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

## ऑपरेशन मुस्कान ने परिवार को लौटायी खुशियां

**फ़िरोज़ाबाद–** ऑपरेशन मुस्कान, जिसका मुख्य उद्देश्य है लापता बच्चों को ढूंढकर, उनकी काउंसलिंग कर, उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द करना है। जिसके तहत थाना रामगढ़ में प्राप्त सूचना के आधार पर (काल्पनिक नाम) नदीम पुत्र मुबीन निवासी आकाशवाणी रोड थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 12 वर्ष अपनी बहन मोबिना से खाने पीने को लेकर कहां सुनी हो जाने के कारण नाराज होकर घर छोड़कर चला गया था। जिसकी सूचना पर मिशन शक्ति टीम थाना रामगढ़ के द्वारा चंद घंटो में ही गुमशुदा बालक नदीम उपरोक्त को सकुशल बरामद कर, उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों ने अपने बच्चे को पाकर पुलिस का धन्यवाद करते हुए बताया कि हम बहुत परेशान थे, हमारे बच्चे के नाराज होकर घर छोड़कर चले जाने के कारण हमारे घर में ठीक से खाना भी नहीं बन रहा था। लेकिन आज पुलिस ने हमें हमारे बच्चे को सकुशल वापस लौटाकर, खुशियां लौटा दी हैं। हम उत्तर प्रदेश पुलिस का धन्यवाद करते हैं।

## थाना सुरियावां पुलिस द्वारा नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने का अभियुक्त गिरफ्तार



**भदोही।** दिनांक 07.10.2025 को थाना सुरियावां पर वादिनी द्वारा सूचना दिया गया कि दिनांक 5.10.2025 को वादिनी की पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना की गयी थी। इसके संबंध में प्राप्त सूचना/तहरीर के आधार पर थाना सुरियावां पर मु0अ0 सं0 343/2025 धारा 65(1) बीएनएस 3/4 पॉक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही प्रचलित की गई।

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के विरुद्ध अपराध के संबंध में शीघ्रतम कार्यवाही के निर्देशन में शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में स्थानीय पुलिस टीम द्वारा 16 घण्टे के अन्दर उपरोक्त मुकदमा से संबंधित अभियुक्त अजय कुमार बिंद पुत्र श्याम जी बिंद ग्राम कुसौड़ा थाना सुरियावां जनपद भदोही को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया है। वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन व न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपी को शीघ्र ही दंडित कराया जाएगा।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

अजीत कुमार श्रीवास्तव (थानाध्यक्ष), कां0 राहुल यादव, कां0 महेश यादव, हे0कां0चा0 हैदर अली

# मिशन शक्ति फेज-05: चित्रा भट्ट बनीं शहर कोतवाल, महिलाओं की समस्याओं का किया त्वरित समाधान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** मंगलवार को थाना कोतवाली शहर में उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज-05 के तहत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता चित्रा भट्ट को स्थानीय शहर कोतवाली में 'शहर कोतवाल' नियुक्त किया गया। यह पहल नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लक्ष्य को मजबूत करती है। चित्रा भट्ट ने कोतवाली पहुंची फरियादियों की समस्याएं सुनीं और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मंगलवार को कोतवाली में आयोजित समारोह में चित्रा भट्ट को औपचारिक रूप से दायित्व सौंपा गया। उन्होंने कोतवाली में आए फरियादियों, खासकर महिलाओं की शिकायतें सुनीं और संबंधित कस्बों के दारोगाओं को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दो पारिवारिक विवादों का मौके पर ही समाधान किया, जबकि दो अन्य मामलों को जांच के बाद हल करने का आश्वासन दिया। चित्रा भट्ट ने कहा, "महिलाओं की हर समस्या का समाधान हमारी प्राथमिकता है। मिशन शक्ति हमें एकजुट होकर लिंग-आधारित हिंसा और उत्पीड़न से लड़ने की ताकत देता है।"

समारोह में शहर कोतवाल नीरज पाठक ने चित्रा भट्ट को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। साइबर से महिला इंस्पेक्टर शशि तिवारी और अन्य महिला हेड कांस्टेबलों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। नीरज पाठक ने कहा, "चित्रा जी की नियुक्ति से पुलिस और समाज के बीच संवाद मजबूत होगा।" मिशन शक्ति के तहत कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क स्थापित किया जाएगा, जहां चित्रा भट्ट नियमित रूप से उपस्थित रहेंगी। मिशन शक्ति फेज-05 के तहत पूरे प्रदेश में जागरूकता अभियान चल रहे हैं, जिसमें हेल्पलाइन नंबर (1090, 112, 181) और यूपी पुलिस ऐप की जानकारी दी जा रही है।चित्रा भट्ट की नियुक्ति स्थानीय स्तर पर महिलाओं में आत्मविश्वास जगाएगी और अपराध दर को कम करने में सहायक होगी। यह पहल साबित करती है कि सशक्त नारी ही समाज की प्रगति का आधार है।

# मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत महिला सम्बन्धित अपराध में कार्यवाही करते हुए थाना जमालपुर पुलिस द्वारा

**● घर में घुस कर नाबालिक के साथ छेड़खानी के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार**



**मीरजापुर।** थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर पर मंगलवार को वादी नन्दलाल मौर्या पुत्र स्व0 जवाहिर मौर्या निवासी ग्राम सेमरा थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध घर में घुसकर वादी की नाबालिक पुत्री के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई, । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जमालपुर पर मु0अ0सं0-171/2025 धारा 74,333 बीएनएस व 7/8 डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई थी। ÷सोमेन बर्मा÷ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त महिला सम्बन्धित अपराध की घटना को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी जमालपुर को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को उप-निरीक्षक सुनील राय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त आशीष पाल उर्फ आशु पुत्र बेचन राम पाल निवासी ग्राम सेमरा थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नीबी लोहागरा में भागवत कथा का आयोजन 8 से 16 अक्टूबर तक

**प्रयागराज।** बारा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा नीबी लोहागरा में श्रद्धा और भक्ति का माहौल चरम पर है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित जंगीराम दुबे के वंशजों की ओर से भगवान भागवत कथा, कलश यात्रा और भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। ताकि समाज में आस्था और एकता का संदेश फैल सके। भारतीय किसान संघ के शंकरगढ़ ब्लॉक मंत्री अमिय शंकर दुबे ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन 08 अक्टूबर 2025 से 16 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 08 अक्टूबर (बुधवार) को सुबह 9 बजे कलश यात्रा/शोभा यात्रा के साथ किया जाएगा। इसके बाद 08 से 14 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक भागवत कथा की अमृतवर्षा होगी। 15 अक्टूबर को हवन कार्यक्रम और 16 अक्टूबर को महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। नीबी लोहागरा बाजार स्थित रुक्मिणी भवन में आयोजित यह कथा प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित निर्मल कुमार शुक्ल के ओजस्वी वाणी से संपन्न होगी। इस कथा के मुख्य यजमान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसेवी एवं रण जीत पंडित इंटर कॉलेज लोहागरा तथा जंगीराम स्मारक रामलीला लोहागरा के संस्थापक रहे स्वर्गीय जंगीराम दुबे के पुत्र अमरनाथ दुबे एवं श्रीमती कान्ति दुबे होंगे। यह आयोजन समाज में धर्म, संस्कृति और आदर्शों के संवर्धन का प्रतीक माना जा रहा है।

### रास्ते के विवाद में महिला को जान से मरवाने की धमकी, पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल



**प्रयागराज यमुनापार।** कौंधियारा थाना के जरिहा-अतरी गांव में रास्ते के विवाद को लेकर एक महिला से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता सोनम ने अपने पड़ोसी हरिशंकर और सुनील पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाया है पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोनम के मुताबिक, आरोपी हरिशंकर पुत्र मेवालाल और सुनील पुत्र हरिशंकर अक्सर रास्ते को लेकर झगड़ा करते रहते हैं। वे रास्ते में भैंसों को बांधकर या अन्य तरीकों से आवागमन बाधित करते रहते हैं। यह धंधा काफी दिनों से चल रहा है और आरोपियों द्वारा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। सुबह जब सोनम पशुओं के लिए चारा लेने जा रही थी, तो आरोपियों ने उस पर बाल्टी चोरी करने का आरोप लगाया। इसके बाद उन्होंने सोनम के साथ गाली-गलौज और मारपीट भी किया,और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह विवाद काफी समय से चल रहा है। कई बार बुजुर्गों ने पंचायत भी की, लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं निकला। घटना के बाद गांव में तनाव बढ़ता जा रहा है, और सोनम का परिवार रात में घर से निकलने में भय महसूस करने लगा है। थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मिली है,जांच-पड़ताल कराई जा रही है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है।

### 100 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ-संचलन



**प्रयागराज यमुनापार ।** तहसील बारा अंतर्गत जारी बढ़ैया कला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गढ़ैया कला स्थित चंद्रमुखी गेस्ट हाउस में शस्त्र पूजन कर हुई। जिसमें संघ के स्वयंसेवकों ने पारंपरिक विधि से अपने शस्त्रों की पूजा कर देशभक्ति और अनुशासन का संदेश दिया। शस्त्र पूजन से गढ़ैया कला से गल्ला मंडी तक पथ-संचलन निकाला गया। पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल होकर देशभक्ति के नारों से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों व उपस्थित नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर उत्साहित होकर जबरदस्त स्वागत किया। इस दौरान मयंक जायसवाल, जिला शारीरिक प्रशिक्षण प्रमुख यमुनानगर, अजय जी बौद्धिक शिक्षण प्रमुख यमुनानगर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मयंक जायसवाल ने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज में अनुशासन,एकता और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि संघ सदैव समाज के कल्याण और राष्ट्र निर्माण में योगदान देता रहा है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्रभक्ति के गीत गाया और लोगों को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया।

# सीएम योगी ने सफाई कर्मियों को दिया 'दीपावली गिफ्ट'अब 20 हजार होगा न्यूनतम वेतन, सीधे खाते में आएगी सैलरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो चीफ दया शंकर त्रिपाठी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली पर आउटसोर्स सफाई कर्मियों को बड़ी सौगात दी है. कर्मियों का न्यूनतम वेतन अब 16 से 20 हजार रुपये महीना होगा. इसके अलावा सैलरी भी सीधे उनके खाते में जाएगी. सारी तैयारियां चल रहीं हैं. पोर्टल तैयार हो रहे हैं. वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को सीएम योगी ने यह घोषणा की. उन्होंने 500 सफाई कर्मियों पर फूलों की बारिश की. उन्होंने कर्मचारियों को खुद से खाना भी परोसा।

**सीएम ने सफाई कर्मियों को अंगवस्त्र, सेफ्टी किट और मिठाई देकर सम्मानित भी किया।**

सीएम योगी आदित्यनाथ 2 दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे हैं. पहले दिन सोमवार को उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई कर्मी स्वच्छता मित्र नीलम, रानी देवी, रूपा, नीलम, मालती, प्रियांशु, दीपक कुमार, शतरूद्र, टिंकू, सूरज भारती को अंगवस्त्रम, सेफ्टी किट और मिठाई दी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को कबीरचौरा पिपलानी कटरा के पास स्थित सरोजा पैलेस में पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी के 75 दिवसीय वार्ड प्रवास की समाप्ति पर आयोजित स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में हिस्सा ले रहे थे.।

**'5 लाख तक का निशुल्क इलाज करा सकेंगे सफाई कर्मी'**

सीएम योगी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की जयंती (7 अक्टूबर) पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया है. सीएम ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि सभी आउटसोर्स सफाई कर्मियों का न्यूनतन वेतन



16 से 20 हजार रुपये महीना होगा. सैलरी हर महीने सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी. कोई भी किसी तरह सफाई कर्मियों का शोषण अब नहीं कर सकेगा. सबके स्वास्थ्य की चिंता करने वाले सफाई कर्मियों की चिंता अब सरकार कर रही है. निशुल्क इलाज के लिए सभी स्वच्छता कर्मियों का 5 लाख रुपये का आयुष्मान कार्ड भी बनेगा. स्वच्छता कर्मियों के परिवारों को फ्री इलाज की गारंटी भी मिलेगी।

**'करोड़ों लोगों को मिली शौचालय की सुविधा'**

सीएम योगी ने कहा कि कल शरद पूर्णिमा है. भगवान वाल्मीकि की जयंती हैं. 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री व काशी के सांसद नरेंद्र मोदी, 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय, 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस मनाया गया. करोड़ों लोगों को शौचालय की सुविधा दी गई है. आज दुनिया भारत के लिए अच्छा सोचती है. स्वच्छता से बीमारियां दूर होती हैं. वार्ड भ्रमण के दौरान डॉ. नीलकंठ ने 33000 लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना. यह अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को नियमित रूप से अपने क्षेत्र में मौजूद रहकर आम जनमानस से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को जानना और उसका प्राथमिकता पर समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए. उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को स्वस्थ भारत अभियान बताते हुए इसे समृद्ध एवं सशक्त भारत का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने आउटसोर्स सफाई कर्मियों के न्यूतम वेतन और सीधे उनके खाते में सैलरी भेजने की जो बात कही है वह कर्मियों के लिए काफी अहम है. हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को मिलने वाली सैलरी में हो रहे घपले और तमाम दिक्कतों की जानकारी होने के बाद सीएम के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन किया गया है. इसमें आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्याएं, उनकी सैलरी और अन्य चीजों की निगरानी होगी।

अभी आउटसोर्स सफाई कर्मियों का न्यूनतम वेतन 12 हजार रुपये महीना है. नया सिस्टम लागू होने के बाद यह 16 से 20 हजार रुपये महीना हो जाएगा. अभी तक आउटसोर्सिंग काम कर रहे कर्मियों को एजेंसी के जरिए सैलरी मिलती रही है. फिलहाल माना जा रहा है कि दीपावली के बाद आउटसोर्सिंग निगम के सफाई कर्मचारियों को यह बड़ा तोहफा मिल जाएगा।

## लखीमपुर हिंसा; पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी, बेटे आशीष समेत 4 पर केस

**● दर्ज गवाह ने सुप्रीम कोर्ट से लगाई थी गुहार।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** लखीमपुर खीरी जिले का बहुचर्चित तिकुनिया हिंसा कांड एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है. सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पढ़ुआ थाना पुलिस ने पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी, उनके बेटे आशीष मिश्रा और दो अन्य के खिलाफ गवाह को धमकाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। तिकुनिया हिंसा कांड मामले के प्रमुख गवाह बलजिंदर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर बताया कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है. 15 और 16 अगस्त 2023 को उन्हें गवाही न देने के लिए डराया-धमकाया गया था. धमकियां मिलने के बाद वह इतना भयभीत हो गए कि उन्होंने पंजाब जाकर शरण लेने का निर्णय लिया था. बलजिंदर ने कोर्ट को बताया कि उन्हें अजय मिश्रा टेनी, आशीष मिश्रा, अमनदीप सिंह टेनी के करीबी और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति से जान का खतरा है. सुप्रीम कोर्ट ने इस गवाही को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया. पढ़ुआ थाना प्रभारी ने बताया कि IPC की धारा 195 के तहत गवाह को धमकाना, 506 आपराधिक धमकी और साजिश के तहत केस दर्ज किया गया है. मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है और जल्द ही सभी आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। 3 अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में किसान आंदोलन कर रहे थे. केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बेटे आशीष मिश्र मोनू पर प्रदर्शन कर रहे चार लोगों व एक पत्रकार पर थार चलवाकर हत्या करने का आरोप लगा था. वहीं 3 बीजेपी कार्यकर्ताओं की भी पीट पीटकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में आशीष मिश्र और 12 अन्य आरोपी जेल भेजे गए थे।

## तीनों टोल प्लाजा सहयोगी शैलेश पाण्डेय की हैवानियत का खुलासा

**● फीकी पड़ी दुष्कर्म पीड़िता की आवाज।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** यमुनापार एसीपी बारा रेंज कुंजलता द्वारा दिए गए बयान के बाद दुष्कर्म पीड़िता ने मीडिया को चौंकाने वाली बात बताई है। पीड़िता सोनम (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह प्रयागराज शहर के शिवकुटी थाना क्षेत्र की रहने वाली है और उनके पति गन्ने टोल प्लाजा पर नौकरी करते थे। पीड़िता ने बताया कि जब उसके पति हंडिया टोल प्लाजा पर शैलेश पाण्डेय व बृजेश पांडेय के यहां नौकरी करते थे, तब कमरा भी दिला दिए थे। जिसमें पीड़िता अपने पति के साथ रहती थी। पीड़िता का आरोप है कि जब उसके पति टोल प्लाजा पर नौकरी करने जाते थे तब आरोपी शैलेश पाण्डेय सिरदर्द या फिर कोई न कोई बहाना बनाकर कमरे पर आते थे। इसी बीच एक दिन जब पीड़िता घर में नहा रही थी, अचानक आरोपी ने नहाते समय का वीडियो बना लिया और फिर पीड़िता से कहा कि देखो तुम्हारी वीडियो मेरे पास है, अब मैं जैसा कहूं, यदि वैसा नहीं करती, तो मैं तुम्हारा वीडियो वायरल कर दूंगा, और कहा कि एक बार यदि सम्बन्ध बना लिया तो इस वीडियो को डिलीट कर दूंगा, लेकिन पीड़िता शैलेश पाण्डेय की ब्लैकमेलिंग का शिकार हो गई और इस मामले को शान्त करने के उद्देश्य से उसकी हवश का शिकार बन गई।3 दिन बाद आरोपी फिर मेरे पति की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर कमरे पर आया, और फिर उसी वीडियो की धमकी देकर सम्बन्ध बना लिया। इस दौरान उसने धमकी देकर कहा कि यदि किसी को भी इस बारे में बताया तो तुमको बदनाम कर तुम्हारे पति को जहन्नुम में भेज दूंगा। मेरी मुफलिसी और पति की नौकरी का लाभ उठाकर आरोपी शैलेश पाण्डेय ने कुछ दिनों के अन्तराल में कई बार सम्बन्ध बनाया। जब उसके अत्याचार से पीड़िता आजिज आ गई तो उसने सिविल लाइन थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग किया, लेकिन वहां भी उसका मजाक उड़ाया गया और कोई कार्रवाई नहीं हुई। बार बार थाने का चक्कर लगाने पर कोई कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र दिया। पीड़िता की तहरीर पर मामला बारा थाना क्षेत्र का होने से एसीपी बारा को मामले की जांच-पड़ताल के लिए सौंपा गया। एसीपी बारा कुंजलता ने पीड़िता को अपने कार्यालय बुलाकर गहन पूछताछ कर पीड़िता को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है। जांच पड़ताल पूरी करने पर रिपोर्ट पुलिस आयुक्त को प्रेषित की जाएगी। अब देखना होगा कि इस मामले में पीड़िता को न्याय मिल सकता है या नहीं, या फिर टोल प्लाजा की अवैध कमाई के ठेकेदारों के रसूख पर पीड़िता की आवाज को दबा दिया जाएगा। खैर, अब चाहे जो भी हो अधिकारियों द्वारा पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए क्या किया जाता है, यह तो आने वाला समय ही बता सकता है।बहरहाल, पीड़िता ने यह भी बताया है कि दोनों आरोपियों ने चैलेंज किया है कि अब अगली बार बयान दर्ज कराने से पहले ही तुम दुनिया में रह ही नहीं जाओगी, जिससे महिला व उसका पति काफी डरा-सहमा है। वहीं कुछ सामाजिक संगठनों ने भी इस मामले में पीड़िता का भरपूर सहयोग करने की बात कही है।

## प्रयागराज में गूंजे देशभक्ति के तराने, मुशायरे और कवि सम्मेलन में बहा एकता का जज़्बा

**●अल-हुदा एजुकेशन सोसाइटी और उर्दू अकादमी के संयुक्त आयोजन में कवियों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से एक भव्य मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अल-हुदा एजुकेशन सोसाइटी प्रयागराज द्वारा उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, लखनऊ के सहयोग से हिंदुस्तानी एकेडमी, सिविल लाइंस में आयोजित हुआ। दोपहर 2 बजे आरंभ हुए इस सम्मेलन में प्रदेशभर से आए नामचीन शायरों और कवियों ने अपनी रचनाओं के ज़रिए देशभक्ति, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. सैयद फ़ाज़िल अहसन हाशमी उपस्थित रहे, जबकि मुख्य अतिथियों में



डॉ. नाज़ फ़ातिमा, डॉ. मोनिका शर्मा, जनाब सैय्यद मोहम्मद अहमद और जनाब शफाकत अब्बास पाशा शामिल थे। प्रसिद्ध मंच संचालक नजीब इलाहाबादी ने पूरे मुशायरे का शानदार संचालन किया। मंच पर फर्रुख इलाहाबादी, डॉ. नाज़ फ़ातिमा, मेराज अहमद, डॉ. नीलिमा मिश्रा, महफ़ूज़ फूलपुरी, अशरफ लखनवी और खेज़रदार ग़ाज़ीपुरी जैसे जाने-माने शायरों व कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों ने "गंगा-जमुनी तहज़ीब ही भारत की पहचान है" जैसे भावनात्मक संदेशों से एकता और सौहार्द की मिसाल पेश की। श्रोताओं ने देशभक्ति की गूंजती पंक्तियों पर तालियों की गड़गड़ाहट से कवियों का उत्साह बढ़ाया। यह आयोजन सैय्यद हसन इफ्तिखार आब्दी कन्वेनर और इफ्तिखार आलम खान सह- कन्वेनर के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के साहित्यिक कार्यक्रम न सिर्फ़ शहीदों को श्रद्धांजलि देने का माध्यम हैं, बल्कि समाज में प्रेम, शांति और राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने में भी अत्यंत प्रभावी हैं।

# लखनऊ में सहारा शहर सील, नगर निगम का कब्जा, नोएडा में भी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** लखनऊ में सुब्रत रॉय के आलीशान सहारा शहर को सोमवार को लखनऊ नगर निगम (एलएमसी) ने सील कर लिया और पूरा कब्जा हासिल कर लिया। सुब्रत रॉय का निधन हो चुका है। 170 एकड़ का यह विशाल परिसर, जो कभी बॉलीवुड सितारों, राजनेताओं और क्रिकेटरों का पंसदीदा ठिकाना था, अब नगर निगम के अधीन है। इस कार्रवाई से सहारा इंडिया परिवार के सुनहरे दिनों का एक महत्वपूर्ण अध्याय समाप्त हो गया। नोएडा में भी सुमित रॉय का दफ्तर सील कर दिया गया है। सुमित रॉय सहारा इंडिया चिटफंड और सहारा टीवी के सीईओ हैं। सहारा चिटफंड पर निवेशकों करोड़ों बकाया हैं। कंपनी पर ढेरों मुकदमे हैं। सुब्रत रॉय का पूरा परिवार विदेश में है। परिसर के सभी छह द्वारों को सील कर दिया गया, जिसमें सुब्रत रॉय का शाही निवास, लग्जरी गेस्टहाउस, हेलीपैड, पेट्रोल पंप, थिएटर और सभागार शामिल हैं। कार्रवाई पुलिस और पीएसी के सहयोग से शांतिपूर्ण तरीके से की गई। परिसर के अंदर और बाहर नोटिस बोर्ड लगाए गए हैं, जो एलएमसी के कब्जे को दर्शाते हैं। यहां रहने वाले सहारा इंडिया के कर्मचारियों को व्यक्तिगत सामान निकालने की अनुमति दी गई, उसके बाद उन्हें खाली कर दिया गया। इससे पहले 27 और 28 सितंबर को एलएमसी की संपत्ति विभाग की टीम ने प्रतीकात्मक कब्जा लिया था। यह परिसर गोमती नगर के विपुल खंड क्षेत्र में स्थित है। 1995 में मुलायम सिंह यादव सरकार द्वारा सहारा इंडिया कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 30 वर्ष की लीज पर दिया गया यह भूखंड अब लीज की अवधि समाप्त होने के बाद वापस सरकार के पास आ गया है। एलएमसी का कहना है कि लीज समझौते की शर्तों का उल्लंघन हुआ था, जिस पर कई शिकायतें मिली थीं। एक समिति ने दस्तावेजों और अदालती मामलों की समीक्षा की, जिसके आधार पर यह कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोनल अधिकारी संजय यादव, संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद और एमसी तहसीलदार ने यह अभियान चलाया।

# उत्तर प्रदेश के रायबरेली में दलित की हत्या देश पर 'कलंक'- खड़गे का सरकार पर तीखा प्रहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे भारत के संविधान और सामाजिक न्याय की भावना पर "घोर अपराध" बताया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर एक वक्तव्य जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा, "हमारे देश में एक संविधान है जो हर इंसान को समानता के भाव से पहचानता है। जो रायबरेली में हुआ, वह संविधान, दलित समुदाय और हमारे समाज के प्रति अपराध है। यह देश पर कलंक है।" खड़गे ने कहा कि आज देश में दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों पर हिंसा के मामले चिंताजनक रूप से बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि यह हिंसा सबसे अधिक उन्हीं पर होती है जिनके पास न तो पर्याप्त प्रतिनिधित्व है, न ही हिस्सेदारी। उन्होंने कहा, "चाहे हाथरस और उन्नाव की घटनाएं हों, रायबरेली में हरिओम वाल्मीकि की हत्या, रोहित वेमुला की संस्थागत मौत, मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना या हरियाणा के पहलू खान की हत्या- हर मामला हमारे समाज और सत्ता की बढ़ती संवेदनहीनता को दिखाता है।" कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 2014 के बाद से देश में मॉब लिंचिंग, बुलडोजर अन्याय और भीड़तंत्र जैसी प्रवृत्तियां आम हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रवृत्तियां किसी भी सभ्य समाज की पहचान नहीं हो सकतीं।उन्होंने कहा, "हरिओम के साथ जो हुआ, वह हमारी सामूहिक नैतिकता पर गहरा प्रश्नचिह्न है। मानवता और न्याय की भावना पर हमला है।"



रायबरेली में कुछ दिन पहले दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की संदिग्ध परिस्थितियों में निर्मम हत्या कर दी गई थी।युवक की मौत के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मामले में कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।विपक्षी दलों ने इस घटना को कानून व्यवस्था पर सवाल बताते हुए सरकार से निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को न्याय की मांग की है।

## कफ सिरप कांड- सुप्रीम कोर्ट में PIL दाखिल, CBI जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे राज्यों में कम से कम 14 बच्चों की मौत के मामले ने देश को झकझोर दिया है। अब वकील विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर कर इसकी निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। याचिका में सिरप में मिले जहरीले रसायनों डाइएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी) की बिक्री पर सख्त नियंत्रण की भी मांग उठाई गई है।याचिका के अनुसार, कोल्ड्रिफ कफ सिरप में डीईजी की मात्रा 48.6 फीसद तक पाई गई, जो मानक सीमा से करीब 500 गुना अधिक है। यह रसायन औद्योगिक उपयोग के लिए होता है, लेकिन दवाओं में मिलाने से किडनी फेलियर हो जाता है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में 9, राजस्थान में 2 और अन्य राज्यों में भी मौतें हुईं। केंद्र सरकार ने सिरप पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन जांच में लापरवाही बरती जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। विशाल तिवारी ने कोर्ट से मांग की है कि मामले की जांच राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या सीबीआई के तहत विशेषज्ञ समिति करे। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज इसकी निगरानी करें।

उन्होंने कहा कि सभी राज्यों में दर्ज एफआईआर को एक स्थान पर स्थानांतरित कर एकीकृत जांच की जानी चाहिए। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि विषैले सिरप बनाने वाली कंपनियों के लाइसेंस तुरंत रद्द कर उन्हें बंद किया जाए और उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाया जाए।इसके साथ ही, बाजार से सभी प्रभावित उत्पाद वापस मंगवाने और एक मजबूत ड्रग्स रिकॉल पॉलिसी बनाने की मांग भी की गई है।इसके अलावा, याचिका में पीड़ित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा देने की भी



मांग की गई है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सोमवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान के स्वास्थ्य विभागों के प्रमुख सचिवों को नोटिस जारी किया था।यह नोटिस दोनों राज्यों में कफ सिरप पीने के बाद 12 बच्चों की मौत के मामले में जारी किया गया है। इस घटना को लेकर विपक्षी दलों ने सरकार पर निशाना साधा है, जबकि स्वास्थ्य मंत्री ने जांच का आश्वासन दिया है।जनता और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि दोषियों को बख्शा न जाए और बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार तंत्र के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग का शोषण, मंदिर में बुलाकर मांग भरी, अब रिश्ता तोड़कर भागा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में एक युवक द्वारा पड़ोस की एक नाबालिग किशोरी से शादी करने का भरोसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि युवक काफी समय तक बहकावे में लेकर प्रेमजाल में फंसाए रखा। मौका पाकर उसकी मां की गैरमौजूदगी में घर में आकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मामला काफी गंभीर है और इसी शादी को लेकर पूरे दिन बैठक चलती रही थी, लेकिन कोई मतलब नहीं निकला। नाबालिग किशोरी और परिवार वालों का कहना था कि 18 साल पूरे होने पर युवक से शादी कर दी जाएगी, लेकिन युवक और उसके परिवार वालों ने इस समझौते को नहीं माना और न ही पीड़ित परिवार से बातचीत ही की। नाबालिग किशोरी और परिवार वालों का कहना है कि वे न्याय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने जायेंगे। किसी के बहकावे या दबाव में नहीं आएंगे। पहले डीसीपी यमुनानगर से मिलकर गुहार लगाई जाएगी। पीड़िता ने यह भी बताया कि बीते 23 सितम्बर को आरोपी ने उसे मंदिर में बुलाकर उसकी मांग भर दी, और फिर जबरन उसका शारीरिक शोषण कर लिया। इसके बाद बहाने बनाकर वहां से भाग लिया और फिर उससे पूरी तरह से संबंध तोड़ दिया। काफी समय तक इंतजार करने के बाद पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर अपने परिजनों को पूरी बात बताई। परिजनों ने थाने में तहरीर देकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। इस मामले में जारी चौकी उपनिरीक्षक शिवप्रसाद मौर्य ने बताया कि किशोरी की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू की जा रही है।

## गांवों में उड़ते दिखे ड्रोन की अफवाह पर रात भर दौड़ी पुलिस, लाठी-डंडे लेकर जागते रहे ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** मेजा तहसील क्षेत्र स्थित मांडा क्षेत्र के कई गांवों में बीती रात आसमान में ड्रोन उड़ते देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोग रात भर जागते रहे और लाठी-डंडे लेकर अपने घरों की रखवाली करते रहे। मांडा थाना क्षेत्र स्थित बरहा कला,मसौली,कुर्की, ढोलिया, खवास का पूरा, भारतगंज, राजापुर,जेरा,नरवर, रामनगर, डाही और मोनाई सहित कई गांवों में रात करीब 10 से 11 बजे तक ड्रोन उड़ते दिखाई देता रहा। ड्रोन दिखते ही ग्रामीणों ने चोर-चोर कहकर शोर मचाना शुरू कर दिया,जिससे पूरी बस्ती जग गई। पुलिस ने ग्रामीणों को अफवाहों से बचाने और दूसरों को भी जागरूक करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि ड्रोन नदियों और नहरों के सर्वेक्षण के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं। हालांकि, ग्रामीण रात भर जागते रहे। उनका मानना है कि ड्रोन कैमरों से घरों की रेकी की जा रही है और सुनसान घरों को निशाना बनाया जा सकता है,जिससे दहशत फैली हुई है। इस मामले में डीसीपी यमुनानगर बताया कि ड्रोन कैमरों से चोरी की घटनाएं केवल अफवाह है, कोई चोरी की घटनाएं नहीं हुई हैं। उन्होंने ग्रामीणों को अफवाहों से बचने और दूसरों को जागरूक करने की आवश्यकता बताई। ड्रोन उड़ाने वालों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा अफवाहों को खारिज करने के



बावजूद ग्रामीण भड़क उठे। उनका कहना है कि रात में कौन सा सर्वेक्षण किया जा रहा है, जबकि दिन में ये ड्रोन कैमरे दिखाई नहीं देते। मेजा एसीपी एसपी उपाध्याय ने बताया कि फिलहाल जांच के लिए टीम बनाई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्रोन कैमरे से चोरी की घटनाएं अभी तक सामने नहीं आई है, यह महज एक अफवाह है।

# संक्षिप्त खबरें

## अनुराष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण हेतु सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड** – प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते मंगलवार को 12 से 14 अक्टूबर तक चलने वाले तीन दिवसीय अनुराष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी सेविकाओं को राजशेखर और शैलेन्द्र सोरेन ने प्रशिक्षण प्रदान किया। तीन दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के बालक-बालिकाओं को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी। टीकाकरण को सफल बनाने के लिए प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में 139 पोलियो बूथ तथा 3 ट्रांजिट पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इसकी सघन निगरानी हेतु 32 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। वहीं वैक्सीन वितरण की सुगमता के लिए पूरे प्रखंड में 13 सब-डिपो बनाए गए हैं। अभियान के प्रथम दिवस 12 अक्टूबर को सभी पोलियो बूथों पर तथा 13 और 14 अक्टूबर को डोर-टू-डोर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। सूचना के अनुसार कुल अठारह हजार अड़सठ बालक-बालिकाओं को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## शरद पूर्णिमा पर करोंग्राम में श्रद्धा और भक्ति से संपन्न हुई महालक्ष्मी पूजा



**करों, देवघर, झारखंड**- सोमवार देर रात शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर अनुमंडल के करों प्रखंड के करोंग्राम स्थित दे.दे. टोला, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, आचार्य टोला दुर्गा मंदिर, माँ लक्खी मंदिर, डॉक्टर टोला सहित कई स्थानों पर श्रद्धा और भक्ति के साथ माँ महालक्ष्मी की आराधना की गई। सैकड़ों की संख्या में बंगाली समुदाय की महिलाओं ने अपने-अपने घरों में घट स्थापित कर जागरण और माँ लक्खी की पूजा की। इस अवसर पर पंडित तारकेश्वर आचार्य और उत्तम मुखर्जी ने परंपरागत विधि-विधान के साथ महालक्ष्मी पूजा संपन्न कराई। पूजा के दौरान दुर्वा घास, पान-पत्ता, आलता, सिंदूर, सुपारी, चीनी, पंचगव्य, धान की बाली, तिल, दही, फूल-फल, खीर-चूड़ा, सिंदूर, घी, नारियल आदि सामग्री अर्पित की गई। पूजा के दौरान शंखध्वनि और मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। देर रात तक श्रद्धालु माँ लक्खी की पूजा-अर्चना में तल्लीन रहे और 'लक्खी नामावली' तथा 'माँ लक्खी आविर्भाव कथा' का श्रवण करते रहे। अंत में खीर, फल और चूड़ा का प्रसाद भक्तों के बीच वितरित किया गया।

## केक काटकर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय का जन्म दिन मनाया



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज कांग्रेस के नेताओं ने अपने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का चित्र रखकर जन्मदिन सादगी से मनाते हुए केक कांटा इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी सदस्य संजय तिवारी ने कहा प्रयागराज के कांग्रेस जनों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन मना कर उनके दीर्घायु की कामना की गई। आगामी 2027 के चुनाव में उनके नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बहुमत में ज्यादा से ज्यादा सीट लेकर आए इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन और उनके साथ कंधे से कंधे मिलाकर चलने का संकल्प भी लिया है इस अवसर पर फरहान अहमद विकास तिवारी अधिवक्ता अभ्युदय त्रिपाठी मनोज पासी आयुष नारायण मिश्रा अभय द्विवेदी विकास गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# इलाज के बहाने बुलाया अंदर, फिर मरीज को बाउंसर संग पीटा! डॉक्टर की गुंडागर्दी का वीडियो वायरल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलिया** –जिले से एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जिसने लोगों को हैरान कर दिया। यहां इलाज कराने पहुंचे एक मरीज की डॉक्टर और उसके बाउंसर ने बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।बलिया पर्यटन जानकारी के अनुसार, यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के माल्देपुर स्थित सूरज ईएनटी हॉस्पिटल का है। बताया जा रहा है कि सोमवार को कुछ मरीज अस्पताल में घंटों से डॉक्टर का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच एक मरीज ने रिसेप्शन पर डॉक्टर के आने का समय पूछ लिया, जिस पर उसे डांट दिया गया और चुपचाप बैठने को कहा गया। कुछ देर बाद डॉक्टर पहुंचे और उस मरीज को इलाज के बहाने अपने चैंबर में बुलाया। आरोप है कि इसके बाद डॉक्टर मरीज को बेसमेंट में ले गया, जहां उसने अपने बाउंसर के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान पीड़ित की पत्नी मदद के लिए चिल्लाती रही, लेकिन आरोपी डॉक्टर और बाउंसर नहीं रुके। वहीं, अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों ने बीच-बचाव कर किसी तरह पीड़ित को छुड़ाया। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें डॉक्टर और बाउंसर की करतूतें साफ दिखाई दे रही हैं। पुलिस ने इस मामले में डॉक्टर और उसके कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पीड़ित मरीजों ने 400 रुपये फीस जमा कर कई घंटों से डॉक्टर का इंतजार किया था। फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो और गवाहों के आधार पर पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# बिहार स्टेट शियाँ वक़्फ़ बोर्ड का अध्यक्ष बनने पर इरशाद अली आजाद को बधाई एवं शुभकामनाएं - प्रमोद कुमार पटेल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोपालगंज- पटना-** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव जनाब इरशाद अली आजाद साहब को माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुसंशा पर बिहार सरकार द्वारा बिहार स्टेट शियाँ वफ् बोर्ड का अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति किये जाने पर जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव सह सिवान जदयू जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने श्री आजाद को पुष्प गुच्छे देकर बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दिया है ! श्री पटेल ने चेयरमैंन के पद पर जनाब इरशाद अली आजाद की नियुक्ति पर पार्टी के , राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा , प्रदेश कोषाध्यक्ष सह विधान पार्षद ललन श्राफ् विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गाँधी, मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार , के प्रति आभार व्यक्त किया है ! श्री पटेल ने कहा कि 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 225 सीट जीतकर पुनः बिहार में सरकार बनाएगी, बिहार में एनडीए की लहर है और नीतीश कुमार के विकास के नाम पर बिहार के मतदाता विशेषकर महिलाएं खुलकर एनडीए को वोट देने के लिए तैयार है



! प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार पटेल, पूर्व मंत्री अजीत चौधरी, सहित कई लोगों ने बधाई दिया !

# शरद पूर्णिमा पर सिद्धपीठ पथरोल के संकट मोचन धाम में भजन-कीर्तन व खिचड़ी प्रसाद वितरण का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**पाथरोल, करों, देवघर, झारखंडः**- सिद्ध पीठ पथरोल के कालीधाम स्थित संकट मोचन धाम में सोमवार को अश्विन पूर्णिमा (शरद पूर्णिमा) के अवसर पर भव्य भजन-कीर्तन, हनुमान जी की महाआरती और खीर-खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बताया गया कि संकट मोचन धाम, पथरोल में वर्ष 2002 से प्रत्येक पूर्णिमा के दिन भक्तों के सहयोग से भजन-कीर्तन, महाआरती और खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन निरंतर होता आ रहा है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर भी भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। भजन गायक लालटू पाल ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी पंडित गौतम पाठक ने हनुमान चालीसा का पाठ कर की। नाल पर सुरेन दास और बैंजो पर दिनेश दास तथा जटाशंकर राउत सहित अन्य कलाकारों ने संगीतमय सहयोग दिया। मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने बताया कि यहां हर पूर्णिमा को भक्तों के सहयोग से भजन संध्या व खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है। भक्त अपने स्वेच्छा से सहयोग कर इस परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के माधो मंडल, उपेंद्र रवानी, सुरेंद्र दास, संतोष पांडे, नंदलाल तिवारी, रोशन कुमार, महेंद्र कुमार, पंचू शर्मा, कारू रवानी, राजकिशोर, गुणधार मंडल, सरवन यादव, महेंद्र विश्वकर्मा, कामदेव रवानी, जटाशंकर राउत, कामदेव महतो, गुड़ा पंडित, वरुण बावरी, बलदेव रवानी, रवि रवानी, राजेश रवानी, मनोज यादव, हीरो यादव, उमा रवानी सहित सभी ग्रामवासी सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

# शहीद भगत सिंह की जयंती और पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के पौत्र भगत सिंह का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड**- बरही विधानसभा के पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमाशंकर अकेला यादव के चौपारण स्थित आवास प्रांगण में अमर शहीद भगत सिंह की जयंती बड़े ही श्रद्धा, जोश और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर देशभक्ति का माहौल चारों ओर छाया रहा। वहीं, इसी दिन पूर्व विधायक के पौत्र भगत सिंह का जन्मोत्सव भी बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सुबह से ही चौपारण, बरही, पदमा, चंदवारा और हजारीबाग के लोगों का आना शुरू हो गया था। पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला स्वयं गेट पर खड़े होकर सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण से हुई। पूर्व विधायक के पौत्र भगत सिंह (कुमार भगत सिंह) ने अपने दादा के साथ मिलकर शहीद भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की, फिर केक काटा गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि अमर शहीद भगत सिंह हमारे देश की आजादी के सबसे महान क्रांतिकारियों में से एक थे। उन्होंने अपने बलिदान से पूरे देश को देशभक्ति, साहस और आत्मबल का संदेश दिया। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज हमें उनके विचारों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। जिस प्रकार उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया, उसी तरह हमें भी समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज के इस अवसर पर दोहरी खुशी है–एक ओर शहीद भगत सिंह की जयंती और दूसरी ओर मेरे पौत्र भगत सिंह का जन्मोत्सव। मुझे गर्व है कि मेरे पोते का नाम ऐसे महान क्रांतिकारी के नाम पर रखा गया है। मैं यही कामना करता हूँ कि यह बच्चा भी समाज और देश की सेवा में समर्पित हो। इसके बाद परिवार के सदस्यों और उपस्थित लोगों ने मिलकर केक काटा, मिठाई बांटी, और भगत सिंह के जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम स्थल देशभक्ति के गीतों और नारों से गूंज उठा– "इंकलाब ज़िंदाबाद", "शहीदों को सलाम"। आए हुए हजारों अतिथियों को भोजन करवाया गया। चौपारण, बरही, हजारीबाग और आसपास के विभिन्न पंचायतों से लोग इस समारोह में शामिल हुए। सभी ने पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के पौत्र भगत सिंह को शुभकामनाएं दीं और शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। माहौल पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर रहा और कार्यक्रम का समापन "भारत माता की जय" के जयघोष के साथ हुआ। कार्यक्रम में सिमरिया के पूर्व विधायक योगेन्द्र बैठा, जीप सदस्य रविशंकर अकेला, बीस सुत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, रामफल सिंह, भुवनेश्वर यादव, मनोज सिंह, लव सिंह मिशन सिंह, पूर्व उपप्रमुख प्रीति गुप्ता, ताजपुर मुखिया उषा देवी, चैथी मुखिया गुलाबी यादव, जगदीश यादव, कांग्रेस एसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रेवाली पासवान, अभिमन्यु भगत, महेश केशरी, महेन्द्र साव, बीरबल साव, प्रहलाद सिंह, मंटु यादव, नागेन्द्र कुशवाहा, मनोज यादव, नवीन यादव, संजय यादव, अजय यादव, टुनु बर्नवाल, रमेश सहाय, लालेश साहू, दिगम्बर भुईया, उमेश सिंह, विक्रम सिंह, विकास गुप्ता, डब्ल्यू अंसारी, अहमद अंसारी, बिसुनधारी दांगी, प्रमोद यादव, विकास यादव, भाजपा से बरही के अम्बिका सिंह और गणेश यादव, पदमा 20 सूत्री अध्यक्ष संजय यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।

# आश्विन शरद् पूर्णिमा की मंगलमयी संध्या बेला में भक्ति-भाव से की गई माता लक्ष्मी की पूजा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः**– धन, संपदा, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की अधिष्ठात्री देवी माता लक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना 6 अक्टूबर की संध्या को प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में पूर्ण भक्ति-भाव से की गई। शरद् पूर्णिमा की पुण्य तिथि पर पाकुड़िया प्रखंड के गणपुरा, सागबेरिया, राधानगर, बनो ग्राम, श्रीधरपाड़ा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्रद्धा-भाव से मां लक्ष्मी की उपासना किए जाने की जानकारी मिली है। मान्यता है कि शरद् पूर्णिमा की रात को समृद्धि की अधिष्ठात्री देवी माता लक्ष्मी गांवों में भ्रमण कर भक्तों को ऐश्वर्य प्रदान करती हैं। इस पावन अवसर पर खीर, फल, मिष्ठान्न आदि का भोग लगाकर माता को अर्पित किया गया तथा प्रसाद स्वरूप भक्तों के बीच वितरित किया गया। इसी क्रम में, प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित एकमात्र विद्यालय उषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह प्रमुख त्योहारों में से एक शरद् पूर्णिमा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, विद्यालय के भैया-बहन एवं ग्रामीणजन सम्मिलित हुए। सभी ने संघ के भारत राष्ट्र के प्रति भक्ति, निष्ठा और समर्पण के भाव से ओतप्रोत होकर सहभागिता प्रदर्शित की। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य निलय जी ने शरद् पूर्णिमा की महत्ता एवं इस शुभ रात्रि वेला में खीर की प्रासंगिकता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे शताब्दी वर्ष की विशिष्टताओं को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य एवं आचार्याएँ उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के समापन पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने उल्लासपूर्वक एवं श्रद्धा भाव से गाय के दूध से निर्मित खीर ग्रहण कर तृप्ति प्राप्त की।

# बसरिया में प्रस्तावित प्रखंड कार्यालय का हुआ भव्य उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चौपारण हजारीबाग झारखंडः**- चौपारण प्रखंड के बसरिया पंचायत में इतिहास रच दिया गया। लंबे समय से चल रहे संघर्ष और स्थानीय जनता की एकजुटता के परिणामस्वरूप प्रस्तावित बसरिया प्रखंड कार्यालय का विधिवत उद्घाटन बड़े ही हर्षोल्लास और जनसैलाब की उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम बसरिया प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति द्वारा आयोजित किया गया, जो वर्षों से बसरिया को एक अलग प्रखंड का दर्जा दिलाने की दिशा में सतत संघर्ष कर रही है। इस ऐतिहासिक अवसर पर गांव-गांव से दर्जनों की संख्या में लोग शामिल हुए मंच पर नेताओं और समाजसेवियों ने जनता की भावनाओं को आवाज दी और बसरिया के विकास की नई राह का संकल्प लिया।

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट जनों की उपस्थिति रही**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, समाजसेवी हरिचन्द्र सिंह, स्थानीय मुखिया मंजू देवी, पड़रिया मुखिया पप्पू रजक, JLKM नेता कृष्णा यादव, पूर्व मुखिया नरेश पासवान, जीप प्रतिनिधि सुधीर पासवान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह उद्घाटन केवल एक कार्यालय का नहीं, बल्कि बसरिया क्षेत्र की नई पहचान और आत्मनिर्भरता की शुरुआत है।

**वक्ताओं का संबोधन**

झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा ने कहा बसरिया की यह भूमि संघर्ष की प्रतीक रही है। आज जनता की मेहनत और एकता ने असंभव को संभव कर दिखाया है। वही समाजसेवी हरिचन्द्र सिंह ने कहा यह सिर्फ भवन का उद्घाटन नहीं, बल्कि बसरिया के भविष्य का द्वार खुलने का प्रतीक है , बसरिया आठ पंचायतों का केंद्र है यहाँ सभी सुविधा और संसाधन मिलते है इसलिए बसरिया को नए प्रखंड बनाने के लिए पड़रिया पंचायत के सभी ग्रामवासी बसरिया के साथ चलेंगे। अब प्रखंड की मांग की रोशनी हर घर तक पहुँचेगी। स्थानीय मुखिया मंजू देवी ने कहा की मै मुखिया के तौर पर बेलाही , ब्रह्मामोरिया, रामपुर , भगहर , पड़रिया , सेलहारा, सहित अन्य पंचायत वासियो से अपील करती हूं बसरिया को नए बनाने में सभी का सहयोग की अपेक्षित है। साथ ही प्रखंड बसरिया का यह कार्यालय हमारे बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नई उम्मीद है। लोगों के चेहरों पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी, क्योंकि यह उद्घाटन बसरिया को प्रखंड बनाने के संघर्ष की पहली जीत माना जा रहा है। बसरिया प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि यह सिर्फ आरंभ है। अब लक्ष्य है कि बसरिया को जल्द से जल्द स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा मिले ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाएँ सीधे जनता तक पहुँच सकें। बसरिया अब सिर्फ एक पंचायत नहीं, बल्कि संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक बन चुका है।

# चौपारण में 11-12 अक्टूबर को होगी राज्यस्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता

**● सौ से अधिक खिलाड़ियों की होगी भागीदारी, युवा जोश और फिटनेस का उत्सव बनेगा चौपारण**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड**- आगामी 11 और 12 अक्टूबर को चौपारण के केसरवानी धर्मशाला परिसर में राज्यस्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव में हजारीबाग, रांची, धनबाद, बोकारो, कोडरमा, गिरीडीह, चतरा और गया से सौ से अधिक प्रतिभागी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य चौपारण और आसपास के युवाओं में फिटनेस और खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। ऐसे दौर में जब प्रखंड के कई युवा नशे की लत से जूझ रहे हैं, वहीं कुछ युवा कसरत, अनुशासन और आत्मसंयम के जरिए समाज को नई दिशा दिखा रहे हैं। इनमें से कई खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर चौपारण का नाम रोशन कर चुके हैं। आयोजन को लेकर तैयारी जोरों पर है। स्थानीय बाजारों में पोस्टर और बैनर लगाए जा रहे हैं, और आयोजन स्थल पर तीन स्टेज व डिस्प्ले बोर्ड बनाए जाएंगे, जहां सभी प्रायोजकों और सहयोगियों का नाम प्रदर्शित रहेगा। आयोजकों ने स्थानीय व्यापारियों और समाजसेवियों से इस खेल आयोजन में सहयोग देने की अपील की है। आयोजन समिति के सदस्य अविनाश केसरी, रौशन केसरी, आशीष यादव, सूरज, रीतेश, वैभव और अन्य युवाओं ने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि "फिट चौपारण, हेल्दी चौपारण" का संदेश देने वाला आयोजन है। रांची और हजारीबाग के नामी रेफरी और अनुभवी कोच राजकुमार थापा, विशाल लिफ्टर समेत छह सदस्य इस अवसर पर पहुंचेंगे, जो प्रतियोगिता का संचालन करेंगे और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन भी देंगे। यह आयोजन साबित करेगा कि चौपारण के युवा सिर्फ सपने नहीं देखते, उन्हें पूरा करने का दम भी रखते हैं। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 11 अक्टूबर को डीएसपी अजीत कुमार बिमल करेंगे। उनके साथ इंस्पेक्टर चंद्रशेखर प्रसाद और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी भी उपस्थित रहेंगे। वहीं, 12 अक्टूबर को विधायक मनोज यादव सभी विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। तैयारी अंतिम चरण में है।

# "पवन सिंह का पूर्वांचल में घुसना मुश्किल...", ज्योति को 'बलिया की बेटी' बता सपा ने ऐलान कर दिया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच विवाद में Samajwadi Party कूद पड़ी है. सपा नेता अवलेस सिंह ने ज्योति सिंह की प्रतिष्ठा को भोजपुरी समाज से जोड़कर BJP पर निशाना साधा है भोजपुरी फिल्म अभिनेता और गायक पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह को समाजवादी पार्टी ने बलिया की बेटी बताकर उसे क्षेत्रीय स्वाभिमान से जोड़ दिया है. पति-पत्नी के बीच विवाद में एंट्री लेते हुए सपा के राष्ट्रीय सचिव अविलेश सिंह ने तो ये तक ऐलान कर दिया कि अगर पवन सिंह ज्योति का ऐसे अपमान करते रहेंगे तो उनका पूर्वांचल में घुसना और घूमना मुश्किल कर दिया जाएगा. उन्होंने सलाह भी दी कि ज्योति सिंह बिहार में राष्ट्रीय जनता जल (RJD) जॉइन करें और इंडिया गठबंधन का प्रचार करें. उनका गठबंधन में स्वागत किया जाएगा। अवलेस सिंह बलिया के ही रहने वाले हैं और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं. पहले जनता दल यूनियन (जेडीयू) के नेता थे लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले जब नीतीश कुमार भाजपा गठबंधन के साथ चले गए तो अवलेस सिंह सपा में शामिल हो गए. तब से वह सपा में हैं।

# दो गुटों में हुई मारपीट, चली गोली

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलिया-** चिलकहर। गड़वार थाना क्षेत्र के सिंहाचवर पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को दो गुटों के बीच मारपीट हो गई। इसके बाद फायरिंग में सूरज राजभर 18 वर्ष घायल हो गया। वहीं, मारपीट में अशोक राजभर 18 वर्ष व लखन कुमार 19 वर्ष घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तीन घायलों को पीएचसी चिलकहर पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए लिए अशोक राजभर को वाराणसी रेफर किया। वहीं, मौके पर एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जानकारी कर आरोपियों की खोजबीन में जुट गई सिंहाचवर खुर्द निवासी सूरज राजभर के गुट के लड़कों की दूसरे गुट के लड़कों से चिलकहर चट्टी पर किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर दिया। उसके बाद पेट्रोल पंप पर पहुंचने के बाद दोनों गुट भिड़ गए। इसी बीच फायरिंग हुई। सूरज राजभर को बाएं हाथ में गोली लगी। मारपीट में लखन और अशोक भी घायल हो गए। लोगों ने गोली मारकर भाग रहे एक लड़के को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को लड़के को सौंप दिया। पकड़ा गया युवक नरहीं थाना क्षेत्र के बघौना निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके से दो मोटरसाइकिलों को कब्जे में लिया है। थाना प्रभारी राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। इस बाबत सीओ सदर उस्मान ने बताया कि दो लोगों के हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घायलों का इलाज करवाया जा रहा है, उनकी हालत खतरे से बाहर है।

# मंत्री ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं

**चित्रकूटः** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बीते सोमवार को प्रभारी जिला बांदा से लौटते समय जिला मुख्यालय कर्वी के डाक बंगले में ठहर कर जिले के व्यापारियो की समस्याओ को सुना। व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता की तथा निराकरण के लिए निर्देशित कया। कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारी अपने को पूरी सुरक्षित मानता है। पिछली सरकारों में अवैध वसूली कर व्यापारियों के साथ बदसलूकी की जाती थी, लेकिन अब बेझिझक व्यापार हो रहा है। इस मौके पर प्रकाशचंद्र केशरवानी, अंकित, स्वप्निल अग्रवाल, आशुतोष, प्रणव, शुभम, अंकुर आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विशाल कन्नौजिया बनाए जिला महासचिव



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति एवं समाजवादी मजदूर सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के अनुमोदन से, समाजवादी मजदूर सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक की संस्तुति पर, विशाल कनौजिया पुत्र आशु राम कनौजिया को समाजवादी मजदूर सभा, जौनपुर का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय महासचिव अमित यादव ने विशाल कन्नौजिया को बधाई देते हुए कहा कि– "श्री कनौजिया का संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा और सक्रियता समाजवादी मजदूर सभा को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त व संगठित रूप में कार्य करेगा।" जिला अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने नवमनोनीत महासचिव को क्रांतिकारी शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि वे समाजवादी विचारधारा और आदर्शों को गांव-गांव तक पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाएँगे। इस अवसर पर राम प्रताप बिंद, सीमा खान, रमाशंकर चौहान, सादिक अली, साहब लाल गौतम, आनंद पांडे, अमरेंद्र यादव, तौसीफ सिद्दीकी और मेहंदी लाल, मोहम्मद जावेद आदि लोगों ने नवनियुक्त जिला महासचिव को बधाई दी।

### प्राचीन कृषि पर शोध, आलोक त्रिपाठी बने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी



**जौनपुर,बरसठी।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रांगण में सोमवार को आयोजित 39वें दीक्षांत समारोह में बरसठी क्षेत्र के हरद्वारी गांव निवासी सपा के पूर्व विधायक शचिन्द्रनाथ त्रिपाठी के पुत्र आलोक त्रिपाठी को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि उन्हें प्राचीन इतिहास विषय में किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए दी गई। आलोक त्रिपाठी ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि का उद्भव एवं विकास विषय पर शोध किया है। उनके शोध में तत्कालीन काल की कृषि व्यवस्था, प्रमुख फसलों, औषधीय पेड़ों, सिंचाई, जल प्रबंधन और अनाज भंडारण की पद्धतियों पर गहन अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सहारा से बातचीत में आलोक त्रिपाठी ने कहा, कृषि भारतीय सभ्यता की आत्मा रही है मेरा प्रयास रहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्राचीन कृषि व्यवस्था को ऐतिहासिक दृष्टि से समझा और समाज के समक्ष रखा जा सके। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार सहित उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### सोनभद्र के कोन में मिशन शक्ति के तहत 3 शोहदे गिरफ्तार, मजिस्ट्रेट के समक्ष किया गया पेश

**कोन / सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत सोनभद्र पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा और महिला अपराधों पर लगाम लगाने के लिए अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल मार्गदर्शन में, कोन थाना पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। दौराने चेकिंग, थाना स्थानीय से गठित टीम ने विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल तीन शोहदों को गिरफ्तार किया। इन शोहदों पर महिलाओं या बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ या आपत्तिजनक आचरण करने के आरोप हैं। गिरफ्तार किए गए तीनों शोहदों को धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के तहत पाबंद कराए जाने के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट, ओबरा, सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु चालान किया गया है। इन धाराओं के तहत पुलिस ने यह सुनिश्चित किया है कि भविष्य में वे किसी भी प्रकार की अभद्रता या अपराध में शामिल न हो सकें।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं के प्रति अभद्र व्यवहार करने वाले असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखी जाएगी और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# गुरु-शिष्य संवाद से ही शिक्षा सार्थक- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**●डिजिटल युग में भी इंसान की असली ताकत है मानवीयता: सुनील दत्त**

**29 वें दीक्षांत समारोह में स्नातक एवंस्नातकोत्तर के 79 मेधावियों को मिले 80 स्वर्ण पदक**

**जनसंचार विभाग के रक्षित प्रताप सिंह मिला अतुल माहेश्वरी स्वर्णपदक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर-** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 29 वें दीक्षांत समारोह सोमवार कोमहंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति एवं श्रीराज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले स्नातकएवं स्नातकोत्तर के79 मेधावियों को 80 स्वर्णपदक प्रदान किया। साथ ही 445 शोधार्थियों को पी.एचडी.और दो को डीलिट की उपाधि दीगई । इस वर्ष विभिन्न पाठ्यक्रमों में स्नातक औरपरास्नातक के 80141 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई।कुलाधिपति जी ने दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि सुनीलदत्त को डी.एससी. की मानद उपाधि दी ।कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की माननीयराज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जबविद्यार्थी गुरु के पास बैठकर कक्षा में संवाद करें। इसी को ध्यान में रखते हुए 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य की गई है और इसका कड़ाई से पालन विश्वविद्यालयोंको करना होगा। राज्यपाल ने शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियोंकी शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण भी करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयोंमें रिसर्च गंभीरता के साथ होना चाहिए क्योंकि रिसर्च ही देश और समाज के लिएउपयोगी होता है। इसके लिए शिक्षक और विद्यार्थी दोनों में जज्बा होना जरूरी है।गुजरात में इसरो का उदाहरण देते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जानजा रही है, जिसमें खास तौर से आकाशीय बिजली का खतरा ज्यादारहा। इस बार इससे 85 लोगों की जान चली गई। इस पर गंभीरता केसाथ शोधकिया जा रहा है कि कैसे मानव और जीव की सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारे पास पुरातन ज्ञान हैअसंख्य पांडुलिपियां हैं और आयुर्वेद मेंजिन औषधियों का जिक्र हैं, इस पर काम करने की जरुरत है। प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने इसी पर शोध करने की पहल की है ताकि समाजतक इसका लाभ पहुंच सके। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों के बीच एमओयू करने कामकसद आपसी ज्ञान का आदान-प्रदान कर शोध और नवाचार को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहाकि 21वीं सदी का विद्यार्थी जब कहीं प्रवेश लेता है तो वहसंस्थान की नैक ग्रेडिंग, एनआईआरएफ रैंकिंग और प्लेसमेंट कोध्यान में रखकर प्रवेश लेता है, इसलिए हर विश्वविद्यालय कोअपनी गुणवत्ता पर ध्यान देना जरूरी है, तभी विद्यार्थी उनकेसंस्थान में आएंगे।

दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रिलायंस जियो इन्फोकॉमलिमिटेड के डिवाइसेज एंड सेल्स प्रेसीडेंट श्री सुनीलदत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह स्वयं को इस गौरवपूर्ण अवसरपर उपस्थित पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की कुलपति एवंकुलाधिपति को मंच पर आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दीक्षांत केवलअंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है।

उन्होंने 'जियो की डिजिटल यात्रा' का उल्लेख करते हुए कहा कि कैसेविश्वास, तकनीक और समावेशिता ने भारत को वैश्विक नेतृत्व कीओर अग्रसर किया। उन्होंने कहा कि "जब तकनीक सबके लिए होती है, तो समाज बदलता है।"जियो की कहानी इस बात का प्रमाण है कि मेड इन भारत डिजिटल क्रांति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडियाऔर आत्मनिर्भर भारत के सपनों का साकार रूप है।

श्री दत्त ने भविष्य के लिए सात सिद्धांत साझा किए–बड़ा सोचो,छोटा शुरू करो, तेजी से बढ़ो, निरंतर सीखो, असफलता से डरना छोड़ो, उपयोगकर्ता मत बनो, निर्माता बनों और तकनीक के साथमानवीय बने रहो। असफलता से मत डरो, हर असफलता ने हमें सफलताके करीब पहुंचाया है। उनका मानना है कि पद से अधिक उद्देश्य महत्वपूर्ण है क्योंकिआपकी भूमिका नहीं आपका प्रभाव मायने रखता है। उन्होंने कहा कि अब भारत अनुसरण नहींकरता, बल्कि नेतृत्व करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे साहस, रचनात्मकता और उद्देश्यपूर्ण जीवनसे समाज और देश का गौरव बढ़ाएँ।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जौनपुर की धरती नेसदैव प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों को जन्म दिया है। उन्होंने रोबोट के निर्माता दिनेशपटेल, डीएनए वैज्ञानिक डॉ. लालजी सिंह तथा पंडितरामभद्राचार्य जैसी महान विभूतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ज्ञान और शिक्षा केक्षेत्र में जौनपुर का अपना विशिष्ट स्थान है।

मंत्री श्री उपाध्याय डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों कोसंबोधित करते हुए कहा, ÷आज आपके चेहरे पर जो मुस्कान है,वह आपके माता-पिता के बलिदान और गुरुओं के संघर्ष के बिना संभव नहींथी। 'माता-पिता, गुरु देव 'भवः हमारी संस्कृति का मूल मंत्र है और विद्यार्थियों को इसे सदैव यादरखना चाहिए।"

श्री उपाध्याय ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी डिग्री काउपयोग समाज की सेवा के लिए करें। उन्होंने कहा, "आपजीवन के एक नए अध्याय में प्रवेश कर रहे हैं। यह आपका टर्निंग पॉइंट है। देश औरप्रदेश तेजी से बदल रहे हैं और विकसित भारत की कल्पना को साकार करना छात्रों औरयुवाओं के बिना संभव नहीं है।" मंत्री जी ने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा किभगवान राम, कृष्ण, स्वामी विवेकानंद,चाणक्य, चंद्रगुप्त, स्वामीदयानंद, शिवाजी और राणा प्रताप जैसे महापुरुषों ने अपनाशौर्य युवावस्था में ही विश्व को दिखाया था। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि पिछली शिक्षा नीतियों में इन महापुरुषों को उचित रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया। श्रीउपाध्याय ने कहा, "विकसित भारत बनाने के लिए हमेंआत्मनिर्भर बनना होगा। स्वदेशी को अपनाते हुए हमें सामाजिक सरोकारों से जुड़नाहोगा।"

प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने कहा किशैक्षणिक उपाधियां उनकी मेहनत और लगन का प्रतिफल हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहाकि इन उपाधियों का उपयोग सही दिशा में राष्ट्र निर्माण के लिए किया जाना चाहिए।श्रीमती तिवारी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, "आगे के जीवन में आपको सफलता और असफलता दोनों का सामना करना पड़ेगा। इन्हीं चुनौतियोंके बीच से आपको सफलता का रास्ता खोजना और बनाना होगा।" मंत्री जी ने बेटियोंको विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि वे देश की दशा और दिशा बदलने का सामर्थ्यरखती हैं। उन्होंने बेटियों से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा और योग्यता का उपयोगसमाज और राष्ट्र के उत्थान में करें। श्रीमती तिवारी ने उत्तर प्रदेश में शिक्षाके क्षेत्र में हुए विकास की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश शिक्षा का केंद्र बनगया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार ने कई नए विश्वविद्यालय और कॉलेज स्थापितकिए हैं। उन्होंने गर्व से कहा, "आंगनबाड़ी से लेकरविश्वविद्यालय तक की व्यापक शिक्षा व्यवस्था की सोच केवल हमारी सरकार के पास है।

समारोह में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय नेशैक्षणिक, शोध और नवाचार के क्षेत्रों में उल्लेखनीयउपलब्धियां हासिल की हैं। इस वर्ष समयबद्ध परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, 303 शोधपत्र और 15 पेटेंट प्रकाशित हुए तथास्कोपस पर 15695 साइटेशन और एच- इनडेक्स 56 प्राप्त हुआ। एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 में उत्तरप्रदेश में दूसरा और भारत में 125वां स्थान मिला।



डीएसटी-पर्स और समावेशी उच्च शिक्षा कार्यक्रम के तहत बड़े अनुदान प्राप्त हुए हैं 22 शोध परियोजनाएं संचालित हैं और 9500 शोधग्रंथोंके साथ प्रदेश में चौथा स्थान मिला। खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी राष्ट्रीयस्तर पर कई पुरस्कार हासिल हुए। नई तकनीकी पहल अंतर्गत ईआरपी पोर्टल लागू किया गया,विभिन्न विषयों में नई सीटें जोड़ी गई और प्रवेश में 23 फीसदी वृद्धि हुई। हर विभाग में मेंटर शिक्षक नियुक्त किए गए तथा परिसरमें सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक कदम उठाए गए। कुलपति ने कहा कि इनप्रयासों से विश्वविद्यालय अपने निर्धारित लक्ष्यों को निरंतर प्राप्त करेगा।

**बच्चों को राज्यपाल के हाथों मिला उपहार**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 29 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमतीआनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव में आयोजित खेलप्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले अर्जुन, दिव्या यादवऔर राज चौहान को पुरस्कार दिया ।उच्चतर माध्यमिकविद्यालय जफरपुर के कक्षा 08 के छात्र अर्जुन ने दहेज़ कुप्रथा पर दीक्षांत समारोहमें भाषण दिया। इसके साथ ही जासोपुर, देवकली और जफरपुर केप्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण गीतप्रस्तुत किया गया। कुलाधिपति जी ने राजभवन की तरफ से प्राथमिक विद्यालय कीशिक्षिका एकता गुप्ता को पुस्तकें प्रदान किया. दीक्षांतसमारोह के पूर्व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी ने 9 से 14वर्ष की उम्र की बालिकाओं को जिन्हें पूर्वमें निःशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन कराया गया था प्रमाणपत्र वितरित किया।

**रक्षित प्रताप सिंह को मिला अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक**

विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के एम.ए.जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थी को अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदकदिया जाता है। वर्ष 2025 में एम.ए. जनसंचार विषयमें सर्वोच्च अंक पाने पर रक्षित प्रताप सिंह को यह पदक मिला।

**500 आंगनबाड़ी को मिला किट**

दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जौनपुर औरगाजीपुर जनपद के 10 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए किट प्रदानकिया. दोनों जनपदों के 500 आंगनबाड़ी केंद्रों को यह किटदिया जायेगा. इसमें 100 किट पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वाराएवं 200-200 किट जौनपुर और गाजीपुर जिला प्रशासन द्वाराउपलब्ध कराया गया ।

**बटन दबाते ही डीजी लॉकर में अपलोड हुई डिग्रियां**

दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आईपैड काबटन दबाकर 2024-25 की स्नातक और स्नातकोत्तर की 80,141डिग्रियों को डिजीलॉकर में अपलोड किया गया। विद्यार्थियों को इससेडिजीटल डिग्री आसानी से मिल जाएगी। डिजीलॉकर में उपकुलसचिव अजीत सिंह ने माननीयराज्यपाल के हाथों अपलोड कराया।

**हेलीपैड पर कुलपति समेत अधिकारियों ने किया स्वागत**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के हेलीपैड कुलाधिपति जीका स्वागत कुलपति प्रो. वंदना सिंह, विधायक द्वय रमेश मिश्रएवं रमेश सिंह, पुष्पराज सिंह, जिलाधिकारीडॉ. दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुष्प भेंटकर किया।

**विश्वविद्यालय के शिक्षकों की 6 पुस्तकों एवंगतिमान पत्रिका का हुआ विमोचन**

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशितपुस्तक योग माहात्म्य तथा विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका गतिमान सहित शिक्षकोंऔर शोध छात्रों की कुल छह पुस्तकों का विमोचन दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवंराज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। योग माहात्म्य पुस्तक का संपादन प्रो.मनोज मिश्र और डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया है। सम्पादन मण्डल में डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अन्नू त्यागी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. शशिकांत यादव रहे।

इसी क्रम में डॉ. आलोक गुप्ता की पुस्तक एसेंशियल ऑफ़ इंटेलेक्चुअलप्रॉपर्टी राईट इन इंडिया, डॉ. सोनम झा, डॉ. नूपुर गोयल और डॉ. विकास चौरसिया की पुस्तक न्यू एरा ऑफ़ कम्युनिकेशनटेक्नोलॉजी एंड बेसिक्स, डॉ. आलोक कुमार दास की पुस्तकटेक्स्ट बुक ऑफ़ मेडिकल केमिस्ट्री-1 एंड मेडिसिनल प्रॉपर्टीतथा शोध छात्र रहे डॉ. शिवशंकर की पुस्तक तुलसी काव्य में लोकमंगल एवं समन्वयभावना का भी विमोचन किया गया ।जौनपुर जनपद के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र कीपुस्तक कर्म कुम्भ का भी विमोचन हुआ।

**445 विद्यार्थियों को पीएच.डी. और दो कोमिली डी. लिट. की उपाधि**

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह में इस बार कुल 445 शोधार्थियोंको पीएच.डी. एवं डी.लिट. की उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें 292 पुरुष और 155 महिलाएं शामिल हैं। शोध उपाधियों केसंकायवार वितरण पर नजर डालें तो कला संकाय सबसे आगे है, जहाँ328 शोधार्थियों को उपाधि दी गई । इसके बाद शिक्षा संकाय के 46, विज्ञान संकाय के 28 और कृषि संकाय के 11शोधार्थियों को यह सम्मान मिला । इसी तरह वाणिज्य संकाय से 8,प्रबंध अध्ययन संकाय (पीएच.डी. एवं डी.लिट.) से 10, औषध संकाय से 4, विधि से पांच और इंजीनियरिंग संकायसे 6 तथा अनुप्रयुक्त समाज विज्ञान एवं मानविकी संकाय से 1शोधार्थी उपाधि मिलेगी। डी.लिट. (व्यावसायिक अर्थशास्त्र) की उपाधिएक पुरुष और एक महिला शोधार्थी को मिली ।

**दीक्षांत समारोह में 79 मेधावियों को 80स्वर्ण पदक**

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के आगामी दीक्षांत समारोह में इस बार कुल 79 मेधावियोंको 80 स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इनमें स्नातक औरपरास्नातक दोनों स्तरों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी शामिल हैं। इसमें स्नातक स्तरपर 24 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिला। इसमें 15 छात्राएं और 9 छात्र शामिल हैं। वहीं परास्नातक स्तरपर 55 विद्यार्थियों को 56 स्वर्ण पदकसे नवाजा गया, जिसमें 32 छात्राएंऔर 23 छात्र हैं। दीक्षांत समारोह में एमए जनसंचार मेंसर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर रक्षित प्रताप सिंह को दो मेडल मिला। विश्वविद्यालयकी तरफ से एक स्वर्ण पदक एवं अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक कुलाधिपति के हाथों मिला ।कुल मिलाकर इस बार के दीक्षांत समारोह में 47 छात्राएं और 32 छात्र स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

**दीक्षांत समारोह में 5 शिक्षकों को मिला प्रशस्ति पत्र**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह मेंउत्कृष्ट कार्य करने वाले पाँच शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकोंमें इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संकाय से डॉ. विक्रांत भटेजा, प्रबंधअध्ययन संकाय से प्रो. मानस पांडेय, विज्ञान संकाय से डॉ.सुजीत कुमार, सामाजिक विज्ञान संकाय से डॉ. जानवी श्रीवास्तवतथा विधि संकाय से डॉ. वनिता सिंह शामिल हैं। इन सभी को कुलाधिपति ने प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## रामपुर में भरतमिलाप मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रामपुर (जौनपुर)-** आगामी 11 व 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक भरतमिलाप मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सेवाएं तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, बिजली विभाग के एसडीओ मुरलीधर, नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उपजिलाधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि मेले में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही, अग्निशमन यंत्रों, ट्रैफिक डायवर्जन प्लान और महिला सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाएगी और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। एसडीओ मुरलीधर ने भरोसा दिलाया कि मेले के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जर्जर तारों व खुले कनेक्शन की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने बताया कि सफाई व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था को लेकर नगर पंचायत सक्रिय है। मेला क्षेत्र की नियमित सफाई कराई जाएगी और सभी मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइट्स लगाई जा रही हैं। बैठक में मौजूद सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी सुझाव दिए, जिन्हें प्रशासन ने गंभीरता से लिया और सहयोग का आग्रह किया। रामपुर का भरतमिलाप मेला धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु इस आयोजन में भाग लेते हैं। सुभाष जायसवाल उर्फ हिप्पी जायसवाल राजेश गुप्ता दीपक जायसवाल आनंद जायसवाल विपिन दुबे सुजीत गुप्ता उपस्थित रहे।

## बड़ागांव रामलीला में सीता हरण देखने उमड़ा जनसैलाब- ऐतिहासिक मंचन का उद्घाटन भावी प्रधान उम्मीदवार ने किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर –** जौनपुर के शाहगंज स्थित बड़ागांव में ऐतिहासिक श्री रामलीला मंचन के दौरान सोमवार रात सीता हरण का मंचन देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक उमड़ पड़े। आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग रामलीला प्रांगण पहुंचे। रामलीला मंचन का उद्घाटन बड़ागांव के प्रधान पद के भावी उम्मीदवार मोहम्मद वारिस हाशमी ने फीता काटकर किया। रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रिंस सोनी ने बताया कि बड़ागांव की रामलीला इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें अहम योगदान देने वाले कलाकार इसी गांव के निवासी हैं। यह रामलीला अपने अंदर गंगा-जमुनी तहजीब को दर्शाती है, जो इसे आकर्षण का केंद्र बनाती है। सोमवार रात रामलीला प्रांगण दर्शकों से खचाखच भरा रहा और सभी मंचन के शुभारंभ की प्रतीक्षा कर रहे थे। कार्यक्रम का संचालन उमा मौर्या



ने किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए शाहगंज कोतवाली के उप निरीक्षक मुन्ना शर्मा, मुख्य आरक्षी अनंत कुमार यादव और संतोष यादव तैनात रहे। इस अवसर पर सौरभ अग्रहरि, दिलीप अग्रहरि, संतोष भारती, सागर बिन्द, नागेंद्र बहादुर, विजय अग्रहरी, ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र बिंद, मो सलीम, दुन्ने, शाहबाज, रुस्तम, ज़फ़र, इमरान खान वाटर सप्लायर, समीम हैदर, अनुराग बंटी, रिज़वान हैदर बब्लू, दुलारे हसन,रजि हैदर, संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राजकीय इण्टर कालेज कैम्पस में दिव्य एवं भव्य स्वदेशी मेले का आयोजन 09 से 18 अक्टूबर तक

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि मुख्यमंत्री की अपेक्षानुसार दीपावली महापर्व पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं के क्रय हेतु स्थानीय हस्तशिल्पियों-कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा विभिन्न वस्तुओं की बिक्री, उत्पादों के प्रदर्शन हेतु आयुक्त एवं उ0प्र0 व्यापार प्रोत्साहन प्राधिकरण कानपुर के निर्देशानुसार 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक राजकीय इण्टर कालेज कैम्पस में दिव्य एवं भव्य स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले को रोचक एवं उल्लासपूर्ण बनाये जाने हेतु मेला अवधि में सायं 5 बजे से 7.30 बजे तक स्थानीय कलाकारों के द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराया जायेगा।

## महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा सोनभद्र पहुंचीं, कल करेंगी योजनाओं की समीक्षा और उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा का जनपद सोनभद्र में दो दिवसीय दौरा शुरू हो गया है। प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सदस्य का आगमन मंगलवार, 7 अक्टूबर, 2025 को सायं 5.30 बजे सर्किट हाउस, चुर्क, सोनभद्र में हो चुका है। आगमन के तुरंत बाद, उन्होंने माँ वैष्णो देवी मंदिर, डाला में दर्शन-पूजन भी किया। मा. सदस्य अपने दौरे के दौरान बुधवार, 8 अक्टूबर, 2025 को जिले में महिलाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करेंगी, साथ ही महिला उत्पीड़न के प्रकरणों की जनसुनवाई भी करेंगी। सर्किट हाउस में होगी समीक्षा बैठक और जनसुनवाई मा. सदस्य गीता विश्वकर्मा 8 अक्टूबर को पूर्वान्ह 10:30 बजे सर्किट हाउस सभागार में विभिन्न विभागों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगी। इस बैठक में मुख्य रूप से महिलाओं से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। जिन प्रमुख विभागों की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी, उनमें बाल विकास पुष्टाहार विभाग, महिला कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, तथा मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण विभाग शामिल हैं।समीक्षा बैठक के तुरंत बाद, राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।मध्यान्ह 12:00 बजे, श्रीमती विश्वकर्मा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार थीम के तहत आयोजित पोषण मिशन शक्ति के कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। इसके पश्चात, पूर्वान्ह 1:30 बजे वे ब्लाक प्रमुख सदर श्री अजीत रावत जी के आवास पर जायेंगी। दोपहर में मा. सदस्य द्वारा जिले की महत्वपूर्ण संस्थाओं का सघन निरीक्षण भी किया जाएगा। निरीक्षण सूची में जिला कारागार (महिला बन्दी गृह), जिला चिकित्सालय, वन स्टॉप सेंटर, और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शामिल हैं। ये सभी केंद्र महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े हैं। सभी निरीक्षणों के पूरा होने के बाद, मा. सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा जनपद से अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगी। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल द्वारा जारी की गई है।

## वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण में मिली नवजात कात्यायनी, 2025-26 में 228 मामले आए सामने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र, शैलेंद्र यादव ने सोमवार, 06 अक्टूबर 2025 को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर (One Stop Center - OSC) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के साथ ही उन्होंने विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर केंद्र में आश्रय लेने वाली महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी।न्यायाधीश शैलेंद्र यादव को निरीक्षण के दौरान केंद्र में कई आश्रित बच्चे मिले, जिनमें एक नवजात भी शामिल है। निरीक्षण के समय 6 दिन की नवजात शिशु मिली, जिसका नामकरण भवन उद्घाटन के दिन सीडीओ जागृति अवस्थी द्वारा किया गया था। अन्य आश्रित बच्चों में 1 माह 4 दिन का बालक सूर्यांश, 5 साल का आर्यन, और 9 साल की एक बालिका आवासित पाई गई। न्यायाधीश ने संबंधित स्टाफ को नवजात शिशुओं, बालक एवं बालिकाओं की देखरेख और खान-पान पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। केंद्र में साफ-सफाई और पंजिका का अवलोकन किया गया, जो संतोषजनक एवं अद्यतन स्थिति में पाई गई। अपर जनपद न्यायाधीश शैलेंद्र यादव ने जानकारी दी कि वर्ष 2025-26 में वन स्टॉप सेंटर में अब तक कुल 228 मामले आए हैं। यह संख्या जिले में महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा और कानूनी सहायता की आवश्यकता को दर्शाती है।

निरीक्षण के दौरान, न्यायाधीश श्री यादव ने वन स्टॉप सेंटर में उपस्थित स्टाफ को महिला एवं बाल अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण अधिनियमों के संबंध में विस्तार से जागरूक किया। इनमें निम्नलिखित प्रमुख कानून शामिल हैं।नैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956,घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम

दहेज प्रतिषेध अधिनियम, मातृत्व लाभ (26 सप्ताह तक),कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम,

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) 2012, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956, गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम, न्यायाधीश ने वन स्टॉप सेंटर के स्टाफ को यह भी निर्देश दिया कि वे विभिन्न स्थानों पर मिशन शक्ति फेज़ 5 के अंतर्गत जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को इन अधिकारों के बारे में जागरूक करें। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रबंधक दीपिका सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र, शैलेंद्र यादव द्वारा दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला सुरक्षा के लिए दी हेल्पलाइन की जानकारी



**कानपुर।** थाना साढ़ पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा आज दिनांक 07-10-2025 को कानपुर नगर मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत एंटी रोमियो टीम थाना साढ़ कानपुर द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के विषय में हेल्पलाइन नंबर 101,102,108,112,181, 1076, 1090,1098 आदि के विषय में जानकारी दी गई। UPCOP और सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से प्राप्त होने वाली जन सुविधाओं एवं महिला सशक्तिकरण अभियान और राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के बारे में जागरूक किया गया एवं घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम के बारे में एवं साइबर अपराध की घटनाओं एवं उससे बचाव और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा सभी महिलाओं और बालिकाओं को घर से विद्यालय या बाहर जाते समय व वापस आते समय की उत्पन्न समस्याओं के बारे में पूछा गया और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

### जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अपील

**कानपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत तथा "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार" अभियान के तहत कल दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को जनपद कानपुर नगर में एक विशेष 'एनीमिया मुक्त कानपुर अभियान' का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद की महिलाओं एवं किशोरियों को आयरन की गोलियां निःशुल्क दी जाएंगी ताकि एनीमिया जैसी बीमारी से बचाव हो सके। यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि हर महिला स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर बने।

### आरक्षी प्रशिक्षुओं के लिए अत्याधुनिक नवनिर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन



**कानपुर।** दिनांक 07.10.2025 को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन, कानपुर नगर में प्रशिक्षु आरक्षियों के प्रशिक्षण हेतु निर्मित नवनिर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन किया गया। इस नवनिर्मित बिल्डिंग में प्रशिक्षुओं के लिए आधुनिक स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा प्रदान की गई है, जिससे अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता में वृद्धि की जा सके। उद्घाटन समारोह में पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। इस पहल से प्रशिक्षु आरक्षियों को समर्पित और प्रभावी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

### महाराज पुर क्षेत्र के राजापुर में 512 मीटर सड़क निर्माण की नाप



**कानपुर नगर/**महाराज पुर खंड विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजापुर में विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर एक विकास परियोजना की शुरुआत हुई, इसके तहत लगभग 512 मीटर आरसीसी सड़क और नाली निर्माण के लिए नाप जोख की गई, जिला मंत्री विनय मिश्रा ने स्यम मौके पर पहुंच कर निर्माण स्थल का निरीक्षण किया,और नाप जोख सुनिश्चित की, निरीक्षण के दौरान जिला मंत्री विनय मिश्रा,के साथ सरसौल मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी निषाद,विजय बहादुर सिंह, कैलाश,और गौरव मिश्रा भी मौजूद रहे,यह परियोजना ग्राम पंचायत राजापुर के निवासियों को बेहतर सड़क और स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करेगी, विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर हो रहे इस विकास कार्य से क्षेत्र में आधारभूत संरचना मजबूत होगी, जिला मंत्री विनय मिश्रा ने परियोजना के शीघ्र पूरा होने की उम्मीद जताई है।

# मुख्य न्यायाधीश के कक्ष में उन्माद की प्रदर्शित घटना देश को अस्वीकार नहीं- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के भीतर मुख्य न्यायाधीश के कक्ष में एक आरोपी द्वारा आवाछित एवं उन्माद की प्रदर्शित घटना को निंदनीय ठहराते हुए देश के लिए इसे अस्वीकार्य कहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि 145 करोड़ भारतवासियों के लिए सुप्रीम कोर्ट न्यायिक आस्था एवं श्रद्धा तथा विश्वास का मंदिर है। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश के कक्ष में एक व्यक्ति द्वारा नफरत का खुलेआम उन्माद प्रदर्शित करना चिंताजनक है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि यह घृणित घटना सीधे तौर पर देश के लोकतंत्र, संविधान एवं न्यायपालिका पर गंभीर हमला है। भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा है कि सत्ता के लिए जिस प्रकार से इस समय वह धर्म के नाम पर नफरती सोच का जहर उगल रही है।यही कारण है कि इस बार निशाने पर न्याय का मंदिर और संविधान तथा भारत का लोकतंत्र है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने महात्मा गांधी की हत्या के समय तत्कालीन देश के उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रहे सरदार बल्लभ भाई पटेल के द्वारा की गई टिप्पणी का भी उदाहरण दिया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मुताबिक सरदार पटेल ने उस समय गांधी जी की हत्या की घटना को धर्म के नाम पर नफरती सोच को जिम्मेदार करार दिया था।राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मध्य प्रदेश व राजस्थान में कोलड्रिफ नामक जहरीला कफ सिरप पीने से मासूम बच्चों की मौत को भी दुःखद एवं अत्यन्त चिंताजनक कहा है। उन्होंने कहा कि इस घटना के लिए दोनों प्रदेशों में भाजपा की राज्य सरकारें जिम्मेदार हैं।इस दुःखद हादसे को लेकर पूरे संवेदनशील प्रकरण की न्यायिक जांच कराये जाने की भी मांग उठाई है।उन्होंने कफ सिरप पीने से दर्दनाक मौतों के पीड़ितों के लिए केंद्र सरकार से एक एक करोड़ के मुआवजे एवं पूर्ण निःशुल्क बेहतर इलाज सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान मंगलवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# जनपद में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के माहौल में मनायी गयी आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी की जयन्ती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा के मार्गदर्शन में आदि काव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जयन्ती को जनपद में हर्षोल्लास, श्रद्धा व भव्य रूप से मनाई गई। रामजानकी, हनुमान, वाल्मीकि मंदिरों में दीप प्रज्जवलन तथा माल्यार्पण के साथ ही रामायण पाठ, सुन्दरकाण्ड व भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किये गये। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद 17 विकास खण्डों, 18 नगर पंचायतों व नगर पालिका परिषद बेल्हा व अन्य प्रमुख मन्दिरों में श्रीराम, रामजानकी मन्दिर, शिव मन्दिर, हनुमान व वाल्मीकि मंदिरों में अनवरत रामायण पाठ, भजन और भक्तिमय लोकगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर नगर पालिका परिषद बेल्हा-प्रतापगढ़ द्वारा माँ बेल्हा देवी धाम परिसर में महर्षि वाल्मीकि रामायण पाठ, भजन आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर बाजार वार्ड सभासद प्रतिनिधि रवीन्द्र केसरवानी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि जी के तपस्या, संघर्ष एवं जीवनी के बारे मे लोगो को बताया गया। तत्पश्चात कलाकारो, भजन गायको के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि सुंदरकाण्ड कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन्न किया गया है। कार्यक्रम मे उपजिलाधिकारी सदर, सभासद आशीष जायसवाल, अनिल कुमार सिंह, उदय शंकर मिश्र, विजय बहादुर व संतोष कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर नगरीय निकायों में नगर पंचायत अन्तू के शिव मंदिर, कटरा मेंदनीगंज के शिव मंदिर, प्रतापगढ़ सिटी के रामजानकी मन्दिर, रानीगंज के हनुमान मंदिर, पट्टी के हनुमान मंदिर, लालगंज के चतुर्भुज मंदिर, मानिकपुर के ज्वाला देवी मन्दिर, कुण्डा के शिव मंदिर, सुवंशा के हनुमान मंदिर, ढकवा के रामजानकी मन्दिर, कोहड़ौर के हनुमान मंदिर, पृथ्वीगंज के शिव मंदिर, रामगंज के शिव मंदिर, डेरवा के चौरास मंदिर, कटरा गुलाब सिंह के हनुमान मंदिर, हीरागंज बाजार के राम जानकी मंदिर, गड़वारा के शिव मंदिर व मानधाता के हनुमान मंदिरों में रामायण पाठ, भजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी आदि की सहभागिता रही।

# राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने मनाया 90वा स्थापना दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर ने आज 7 अक्टूबर, 2025 को अपना 90वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 350 बेड वाले नए छात्रावास और केंद्रीकृत मेस के निर्माण की आधारशिला रखी। अपने संबोधन में प्रहलाद जोशी ने संस्थान के गत 90 वर्षों की गौरवशाली यात्रा की सराहना की और शर्करा उद्योग में भविष्य की चुनौतियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर द्वारा किये जा रहे महत्वपूर्ण प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान के युवा प्रौद्योगिकीविदों और अभियंताओं से शर्करा क्षेत्र के सतत विकास के लिए नवाचार और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने संस्थान के पुनर्गठन और पुनर्संरचना, जैव ईंधन पर उत्कृष्टता केंद्र की - स्थापना, टिशू कल्चर प्रयोगशाला, रोग मुक्त और जलवायु अनुकूल गन्ने की किस्मों के विकास और इथेनॉल उत्पादन के लिए वैकल्पिक फीडस्टॉक के रूप में स्वीट सोरगम पर शोध के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के साथ किए गए समझौता ज्ञापन पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की मदद से संस्थान में आरंभ किए जाने वाले एक नए स्नातक और एम.टेक. कार्यक्रम को तैयार करने के लिए संस्थान के प्रयास की भी सराहना की। श्री जोशी ने कहा कि यह बहुत खुशी और गर्व की बात है। कार्यक्रम में सांसद देवेंद्र सिंह 'भोले', लक्ष्मी नारायण चौधरी, गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री, उ.प्र. सरकार, विधायक नीलिमा कटियार, अरुण पाठक, सदस्य, उ.प्र. विधान परिषद और अश्विनी श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव ( शुगर एवं मूवमेंट )भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर की निदेशक प्रो. सीमा परोहा ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# घाटमपुर पावर प्लांट में सिलेंडर गिरने से एक मजदूर की मौके पर मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर/घाटमपुर।** निवेली पावर प्लांट में सोमवार शाम एक हादसे में एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य मजदूर घायल हो गए थे।यह घटना घाटमपुर पावर प्लांट की हैं जो हमीरपुर से चार किमी की दूरी पर स्थित है, हादसे के बाद नाराज कर्मियों ने हमीरपुर जिला अस्पताल के बाहर हंगामा किया, और कंपनी के एच आर हेड के साथ मारपीट भी की,हादसा तब हुआ जब रेलवे साइडिंग पर कोयला खाली करने वाली बैंगन ट्रिपलर मशीन में 400 किलोग्राम बजनी हाइड्रोलिक सिलेंडर लगाया जा रहा था, सिलेंडर को 10 फीट की ऊंचाई पर एक अस्थाई लोहे के



स्ट्रक्चर पर रखकर फिट किया जा रहा था,इसी दौरान वह ढह गया,और सिलेंडर नीचे गिर गया। सिलेंडर की चपेट में आने से फतेहपुर निवासी मजदूर नन्द किशोर की मौके पर मौत हो गई, रायबरेली के शिवसागर, फतेहपुर के शिवचंद्र,और सत्यप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए, शिवसागर को हमीरपुर जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया है, मजदूरों का आरोप है कि सिलेंडर को मशीन के बजाय जुगाड़ से लगाया जा रहा था,घायल और मृतक सभी मजदूर बीजीआर एनर्जी सिस्टम लिमिटेड के लिए ठेके पर काम करने वाली राजीव रंजन कन्सट्रक्शन कंपनी मे कार्यरत थे, मजदूरों ने आरोप लगाया कि पिछले 10 महीनों से उन्हें सेफ्टी सूज और हेलमेट नहीं दिए गए हैं,और एक साल से नए ग्लब्स भी नहीं दिए गए हैं, ठेकेदार द्वारा जल्दी काम पूरा करने के दबाव के कारण यह हादसा हुआ, हादसे के बाद मृतक और घायल लगभग आधा घंटे तक घटनास्थल पर ही पड़े रहे, बाद में हमीरपुर जिला अस्पताल के बाहर इकट्ठा होकर मजदूरों ने पावर प्लांट की मरम्मत का काम देखने वाली कंपनी के एच आर हेड के साथ मारपीट कर दी।

# कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी युवक की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के ककरही पुल और जोगिया के बीच पुलिया के पास मार्ग दुर्घटना में उसका बाजार थाना क्षेत्र के महुलानी निवासी मनीष पाण्डेय (30) पुत्र स्वर्गीय वीरेंद्र पाण्डेय सोमवार को किसी निजी कार्य से बांसी गए थे। देर शाम उन्होंने अपने बड़े भाई आशीष पाण्डेय को फोन कर बताया था कि वे एक घंटे में घर पहुंच जाएंगे। परिवार बेसब्री से उनके लौटने का इंतजार कर रहा था, लेकिन देर रात तक मनीष घर नहीं पहुंचे। चिंतित बड़े भाई आशीष ने जब फोन मिलाया तो दूसरी तरफ से पुलिस ने कॉल रिसीव किया।



पुलिस ने बताया कि मनीष की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी है और हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई है। यह सुनते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। गांव में जैसे ही यह खबर पहुंची, मातम पसर गया। हर किसी की आंखें नम हो गईं। परिवार के लोग इस दर्दनाक हादसे को अब तक समझ नहीं पा रहे हैं। बताया जाता है कि मनीष के पिता का निधन पहले ही हो चुका था। परिवार में अब उनकी मां, बड़े भाई आशीष और भाभी हैं। मनीष पूरे परिवार की उम्मीद थे। दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे और आने वाली 12 अक्टूबर को उन्हें समीक्षा अधिकारी (आरओ) के इंटरव्यू में शामिल होना था। लेकिन उससे पहले ही यह हादसा उनके सपनों और परिवार की उम्मीदों को चकनाचूर कर दिया।मनीष दशहरे के त्योहार पर अपने गांव आया था थानाध्यक्ष मीरा चौहान ने बताया कि पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को खाई से बाहर निकलवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## वाल्मीकि रामायण मानवता का शाश्वत मार्गदर्शन - दिव्या

**देवरिया।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को जनपद में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने रामजानकी मंदिर, देवरिया में पहुंचकर दीप प्रज्वलन किया और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति, आस्था और मानवता की अद्भुत धरोहर है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समानता, न्याय और सत्य के आदर्शों के माध्यम से समाज को एकता और सद्भाव का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। श्रीमती मित्तल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में महर्षि वाल्मीकि से संबंधित मंदिरों एवं स्थलों पर दीपदान एवं अखंड रामायण पाठ 8, 12 अथवा 24 घंटे आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे जनमानस वाल्मीकि रामायण में निहित सामाजिक, मानवीय एवं राष्ट्रीय मूल्यों से जुड़ सकें।

## 30वें दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर समिति के संयोजकों के साथ कुलपति ने की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 30वें दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर आयोजन समिति के संयोजकों के साथ बैठक आयोजित की गई। कुलपति ने नवीन परिसर में चल रहे विकास कार्यों को कार्यदाई संस्थाओं से दीक्षांत समारोह के पहले पूरा करने के लिए निर्देश दिए। परिसर की साफ सफाई, पार्किंग व्यवस्था, मंच संचालन व्यवस्था, प्रदर्शनी आयोजन, मार्कशीट एवं डिग्री डिजिलॉकर पर अपलोड किए जाने के संदर्भ में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। आगामी 13 अक्टूबर को आयोजित दीक्षांत समारोह के पूर्व समिति के सभी संयोजकों से निर्धारित कार्यों को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ला, प्रो. आशुतोष सिन्हा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो नीलम पाठक, प्रो सी के मिश्र, प्रो शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो हिमांशु शेखर सिंह, प्रो फर्रुख जमाल, प्रो सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो अनूप कुमार, प्रो सुरेन्द्र मिश्र, प्रो तुहिना वर्मा, प्रो एस के रायजादा, प्रो विनोद कुमार श्रीवास्तव प्रो शैलेंद्र कुमार, डॉ. विनोद कुमार चौधरी, सहायक अभियंता आरके सिंह, रवि मालवीय, डॉ राजेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब हर्ष का शपथ ग्रहण समारोह 12 अक्टूबर को, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिलाएंगे शपथ

● संतोष भगवन के संयोजन में तीन सदस्यीय समिति गठित, तैयारी हुई तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष ला0 आशुतोष त्रिपाठी की अध्यक्षता में सदर चौराहे के पास स्थित होटल तमसा तट में पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 12 अक्टूबर को कटरा रोड स्थित शिवा पैलेस में लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष तथा शक्ति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।इस समारोह में लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. अर्पण धर दुबे मुख्य अतिथि तथा उप मंडलाध्यक्ष प्रथम पदाधिकारियों को शपथ दिलाएंगे। उप मंडलाध्यक्ष द्वितीय नवीन सदस्यों को दीक्षा देंगे। पूर्व मंडलाध्यक्ष सौरभ कांत श्रीवास्तव मुख्य वक्ता ने कार्यक्रम में आने की अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। समारोह को भव्य रूप देने के लिए, लायंस क्लब हर्ष के प्रशासक ला0 संतोष भगवन के संयोजन में एक तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। इसमें ला0 कुंवर बहादुर सिंह और ला0 राजेश बहादुर पाल व क्षितिज श्रीवास्तव सदस्य नामित किए गए हैं।बैठक का संचालन करते हुए सचिव ला0 आर.बी. सिंह ने सत्र 2025-26 के दौरान अब तक संपन्न हुए सेवा कार्यों की जानकारी दी।

वहीं कोषाध्यक्ष अशोक प्रताप सिंह ने अनुरोध किया कि जिन सदस्यों का बकाया शेष है, वे 12 अक्टूबर से पूर्व अवश्य जमा करें, जिससे समारोह को पूर्ण भव्यता से सम्पन्न कराया जा सके। बैठक में संस्थापक सदस्य ला0 सतीश शर्मा, वरिष्ठ सदस्य ला0 सी.एस. मिश्र, ला0 लाल जी चौरसिया, ला0 रामेश्वर पांडे, ला0 कुंवर बहादुर सिंह, ला0 आलोक सिंह, ला0 अश्वनी सिंह, ला0 राजेश बहादुर पाल, ला0 अनिल पांडे, ला0 दिनेश प्रताप सिंह, ला0 पवन भगवन, ला0 कृष्ण प्रताप सिंह, ला0 हरिशंकर सिंह हैप्पी, ला0 डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव और ला0 सुभाष सोनी, लाल जी त्रिपाठी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे और बहुमूल्य सुझाव दिए।इस अवसर पर ला0 लाल जी चौरसिया, ला0 के.पी. सिंह, ला0 हरिशंकर सिंह हैप्पी, ला0 पवन भगवन और ला0 डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव को उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।अंत में प्रशासक ला0 संतोष भगवन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लायंस क्लब हर्ष तथा शक्ति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से शपथ ग्रहण समारोह में सपरिवार उपस्थित होने का अनुरोध किया।

## शराब की कम्पोजिट दुकान पर बवाल, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** देशी शराब की कम्पोजिट दुकान पर उधारी शराब मांगने को लेकर सोमवार की रात उपद्रवियों ने जमकर बवाल काटा। पुलिस ने घटना में सेल्समैन की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं चारों आरोपियों को रात में ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मंगलवार को इन आरोपियों का शांतिभंग को लेकर एसडीएम कोर्ट के लिए चालान किया गया। लालगंज कोतवाली के तिनमोहिड़िया बाजार में सरकारी शराब की कंपोजिट दुकान है। दुकान पर देशी शराब के साथ बीयर की बिक्री हुआ करती है। सोमवार की रात करीब पौने नौ बजे दो बाइकों से चार युवक दुकान पर पहुंचे। युवकों में से एक ने सेल्समैन से उधार शराब मांगी। सेल्समैन के मना किया तब इनमें से एक आरोपी ने लाइसेंसी पिस्टल निकाल लिया। इसके बाद आरोपियों ने दुकान के अंदर लगे सीसी टीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। सेल्समैन के शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गये। घटना के बाद दुकान के सेल्समैन प्रयागराज जिले के हण्डिया थाना के बरौत निवासी ओमप्रकाश ओझा पुत्र विजयशंकर ने पुलिस को तहरीर दी।

# आईआईटी कानपुर से प्रशिक्षित शिक्षक अब बच्चों को सिखाएंगे कोडिंग और एआई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।**जनपद के चार विज्ञान शिक्षकों को आईआईटी कानपुर में कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया था। इनसे बच्चे कोडिंग और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस सीखेंगे। इनमें पट्टी ब्लाक से कौशलेंद्र प्रताप सिंह,मंगरौरा से भूपेन्द्र, मांधाता से रमेश कुमार और शिवगढ़ से सुरेंद्र कुमार गौतम शामिल रहे।03 अक्टूबर से 07 अक्टूबर तक हुए इस पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में इन अध्यापकों को एआई और कंप्यूटर कोडिंग का प्रशिक्षण दिया गया। आईआईटी कानपुर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुसंधान और तकनीकी नवाचार के लिए विश्व में जाना जाता है, बेसिक के टीचर्स के लिए इस संस्थान में कुछ सीखना अपने आप में ही एक गर्व की बात थी।आईआईटी कानपुर में विभिन्न कंप्यूटर एक्सपर्ट और राज्य शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के मार्गदर्शन में इन शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। इनके विद्यालय को यूपी कोड मिशन से जोड़ने का प्रयास किया गया है। ये प्रशिक्षित शिक्षक अब अपने विद्यालय के बच्चों को कंप्यूटर कोडिंग और एआई में निपुण बनाएंगे। ऑफलाइन मोड के बाद अब यह प्रशिक्षण सात सप्ताह के लिए ऑनलाइन सीधे विद्यालय से जुड़ेगा। जिसमें ये शिक्षक आनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगें और प्राथमिक विद्यालयों और उच्च प्राथमिक विद्यालयो मे डिजिटल लिटरेसी का शुभारंभ करेंगे।यह प्रशिक्षण मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी की ग्रामीण परिवेश से आने वाले बच्चो मे डिजिटल लिटरेसी बढ़ाने संबंधी महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है।

# बेहतर उत्पादन के लिए किसान धान की फसल को कीट पतंगों से बचाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** खेतों में धान की फसल लहलहा रही है तथा कुछ जगहों पर धान फूटने की स्थिति में है। मौसम अनुकूल न होने के कारण धान की फसल पर विभिन्न प्रकार के रोग और कीट प्रकोप देखने को मिल रहे हैं, जिससे पैदावार प्रभावित हो सकती है। धान की फसल को किट पतंगों व रोगों से बचाव करके किसान अच्छी उपज पा सकते है। यह सलाह उसका बाजार कस्बा में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी विरेंद्र कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि धान की फसल में झुलसा रोग के लक्षण पत्तियों पर नाव के आकार के धब्बों के रूप में दिखते हैं। इससे बचाव के लिए किसान ट्राईफ्लोक्सीस्ट्रोबीन, टेबुकोनाजोल, ट्राइसाइक्लाजोल एवं हेक्साकोनाजोल का छिड़काव करें। इसी प्रकार शीथ ब्लाइट रोग होने पर हैक्साकोनाजोल का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। वहीं जीवाणु जनित झुलसा रोग के प्रकोप पर खेत से अतिरिक्त पानी निकालकर 3-4 दिन तक खुला रखने एवं प्रति हेक्टेयर 25 किलो पोटाश डालने के साथ कासुगेमाइसीन, कॉपर ऑक्सीक्लोराइड, स्ट्रेप्टोसाइक्लिन या प्लान्टोमाइसिन का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। कीट नियंत्रण के लिए तनाछेदक कीट की निगरानी हेतु फेरोमेन ट्रैप का उपयोग करें। भूरा फुदका कीट के प्रकोप की स्थिति में पाईमेट्रोजीन एवं डिनोटेफेरान का छिड़काव प्रभावी रहेगा। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर इन उपायों को अपनाकर धान की फसल को सुरक्षित कर बेहतर उत्पादन लें सकते हैं।

# रिश्तेदारी आये युवक की मौत को लेकर परिवार पर हत्या की आशंका, केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रिश्तेदारी आये गैर जिले के युवक की गोली लगने से मौत को लेकर पुलिस ने सोमवार की रात हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे नोती गांव में दो अक्टूबर को पड़ोसी जिले कौशाम्बी के मंझनपुर थाना के वमनपुरवा मजरे ऊनो निवासी शौर्य पाण्डेय पुत्र स्व0 सूर्यप्रकाश पाण्डेय नंदलाल तिवारी के घर आया था। मृतक का नंदलाल के यहां रिश्ता था। तीन अक्टूबर की भोर में मृतक शौर्य को नंदलाल के घर लाइसेंसी बंदूक से गोली लग गयी। रिश्तेदार आननफानन में उसे इलाज के लिए प्रयागराज के सिविल लाइन स्थित वत्सल हास्पिटल ले गये। घटना की रात ही अस्पताल में शौर्य की मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतक शौर्य के चाचा रामअभिलाष पाण्डेय पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद ने पुलिस को मंगलवार को तहरीर सौंपी है। तहरीर में कहा गया है कि घटना की सुबह करीब आठ बजे उसके भतीजे शौर्य की बारह बोर लाइसेंसी से गोली लगी। दौरान इलाज उसकी मौत हो गयी। तहरीर में मृतक के चाचा ने घरवालों के द्वारा बंदूक का प्रयोग कर भतीजे की हत्या किये जाने की आशंका जतायी गयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटना को लेकर हत्या का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि हत्या का केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही घटना की जांच कर दोषियों को चिन्हित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आज़ाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष बने कैलाश अहिरवार, युवाओं में दौड़ी खुशी की लहर



**शहडोल-** भीम आर्मी से संबद्ध आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने शहडोल जिले के लिए अपने नए संगठनात्मक ढांचे की घोषणा की है। पार्टी ने कैलाश अहिरवार को शहडोल जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह पिछले कई सालों से समाज कल्याण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय है। कैलाश कुमार अहिरवार की नियुक्ति के बाद जिलेभर के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

आज़ाद समाज पार्टी ने बहुत कम समय में ही देशभर में अपनी मज़बूत पहचान बनाई है। यह पार्टी दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और गरीब तबकों की आवाज बनकर उभरी है। संगठन विस्तार के साथ आगामी स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनावों में पार्टी अपनी स्थिति और मजबूती को और बढ़ाने की तैयारी में है। गौरतलब है कि आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनावों में देश के विभिन्न राज्यों में अपने प्रत्याशी उतारे थे। भले ही पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी, लेकिन उसके प्रदर्शन को उत्साहजनक माना गया। पार्टी का चुनाव चिन्ह "केटली" है, और यह संगठन देश में एक नए राजनीतिक विकल्प के रूप में उभर रहा है।

### 44,547 उज्ज्वला लाभार्थियों की सब्सिडी पर संकट



**बलरामपुर।** दीपावली पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त गैस सिलिंडर देने की घोषणा की गई है। वहीं जिले में आधार प्रमाणित न होने की वजह से 44,547 लाभार्थियों को मुफ्त सिलिंडर नहीं मिलेगा। विभाग छूटे लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण कराने में जुटा है लेकिन, तय समय तक प्रमाणीकरण पूरा हो पाना आसान नहीं है। जनपद में उज्ज्वला योजना के कुल 2,22,737 लाभार्थी हैं। इन्हें दीपावली पर मुफ्त सिलिंडर की सौगात दी जानी है। जिले में 20 प्रतिशत (44,547 लाभार्थियों) का आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पाया है। दीपावली से पहले यदि उनका आधार प्रमाणित नहीं हुआ तो उन्हें सब्सिडी का पैसा नहीं मिल पाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने बताया कि ऐसे लाभार्थी जिनके आधार प्रमाणित नहीं हैं, उन्हें पहले अपनी गैस एजेंसी से संपर्क कर आधार प्रमाणित कराना होगा। इसके बाद वह भी इस योजना के हकदार होंगे। गैस एजेंसी संचालकों को शत-प्रतिशत लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण कराने का निर्देश दिया गया है।

**खाते में आएगी सब्सिडी**

उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को बुकिंग कराने के बाद नकद भुगतान करके 14.2 किग्रा का सिलिंडर लेना होगा। इसके बाद तीन-चार दिन में कंपनी की तरफ से 100 प्रतिशत सब्सिडी का पैसा लाभार्थी के बैंक खाते में भेजा जाएगा।

### फल व सब्जी व्यापारियों ने सौंपा प्रभारी मंत्री को ज्ञापन

**चित्रकूट:** गल्ला मण्डी परिसर के फल व सब्जी व्यापारियों ने खुले टीन शेड में व्यापार करने की मांग को लेकर मंगलवार को व्यापारी नेता शानू गुप्ता के नेतृत्व में जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने बताया कि गल्ला मण्डी परिसर में फल व सब्जी व्यापारियों को व्यापार के लिए खुले टीन शेड की आवश्यकता है ताकि फल व सब्जी जल्द खराब न हो। ऐसे में फल व सब्जी व्यापारियों को टीन में व्यापार करने दिया जाए। इस सम्बन्ध में व्यापारियों ने जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल को ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर प्रभारी मंत्री ने फल व सब्जी व्यापारियों की समस्या का जल्द ही निदान करने का भरोसा दिया।

इस मौके पर विनोद केशरवानी, शकुंतला गुप्ता, संतोष गुप्ता, राकेश जायसवाल, रवि राज अग्रहरी, मोहम्मद ईस, मोहम्मद राज, गोरेलाल अग्रहरि, महेश गुप्ता, भोले गुप्ता, शम्भू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# रूस ने 3000 KM तहलका मचाने वाला फाइटर जेट दुनिया के सामने पेश किया, खासियत जानें

● राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन की उपस्थिति में MAKS 2021 में पहली बार प्रदर्शित किए गए इस विमान ने अभी तक अपनी पहली उड़ान नहीं भरी है।

हालाँकि, नई छवि, बताती है कि Su-75 का फील्ड परीक्षण जल्द ही शुरू हो सकता है।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रूस के यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (UAC) द्वारा हाल ही में जारी की गई तस्वीर में उसके निर्माणाधीन सुखोई Su-75 चेकमेट पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर ने वैश्विक रक्षा हलकों में उत्साह पैदा कर दिया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उपस्थिति में MAKS 2021 में पहली बार प्रदर्शित किए गए इस विमान ने अभी तक अपनी पहली उड़ान नहीं भरी है।

हालाँकि, नई छवि, बताती है कि Su-75 का फील्ड परीक्षण जल्द ही शुरू हो सकता है। 3 अक्टूबर, 2025 को UAC द्वारा अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट की गई तस्वीर ने विमान की तत्परता के बारे में अटकलों को तेज कर दिया है। एक तकनीशियन Su-75 के पास एक नारंगी व्हील चॉक पकड़े हुए दिखाई दे रहा है।

**विकास में देरी, प्रगति लेकिन जारी**

यूएसी पोस्ट ने विमान के वर्तमान परीक्षण चरण की पुष्टि नहीं की, लेकिन संकेत दिए कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के दबाव के बावजूद रूस का रक्षा उद्योग आगे बढ़ रहा है। Su-75 अपनी पहली उड़ान की कई समय-सीमाओं से चूक गया है, शुरुआत में 2022 के लिए वादा किया गया था, बाद में इसे 2023 और 2024 में बदल दिया गया। अब डेवलपर्स को उम्मीद है कि यह जेट 2025 के अंत से पहले उड़ान भर लेगा।

**रूस ने Su-75 फाइटर की तस्वीर जारी की**

तस्वीर में Su-75 पर वही चेकर्ड पेंट स्कीम दिखाई दे रही है, जो रूस के पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट Su-57 पर इस्तेमाल किया गया है। यानि पहली नजर में दोनों विमानों में अंतर निकालना मुश्किल होगा। अब तक Su-75 को सिर्फ मॉडल या मॉक-अप फॉर्म में ही देखा गया था, लेकिन यह तस्वीर वास्तविक प्रोटोटाइप की पहली झलक मानी जा रही है। जानकारों के मुताबिक, यह रूस की एविएशन इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा संकेत है कि "चेकमेट" प्रोजेक्ट अब प्रोटोटाइप टेस्टिंग स्टेज में दाखिल हो चुका है।

**Su-75 के अनोखे टेल डिज़ाइन पर ध्यान केंद्रित**

अपने साथ वाले पोस्ट में, यूएसी ने विमानन में टेल डिज़ाइन के महत्व का वर्णन किया। बयान में कहा गया है, "यह उड़ान के दौरान विमान की स्थिरता, नियंत्रणीयता और संतुलन के लिए जिम्मेदार है। विमानन के 120 साल के इतिहास में, सर्वोत्तम डिज़ाइन की तलाश में कई डिज़ाइन प्रस्तावित किए गए हैं। यह पता चला है कि प्रत्येक विमान प्रकार का अपना आदर्श होता है। स्टील्थ विमानों के चलन पर प्रकाश डालते हुए, यूएसी ने कहा, "वी-फिन आधुनिक पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमानों में एक आम विशेषता है। जाहिर है, यह डिज़ाइन अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में भी जारी रहेगा।

# बालाजी चावल मिल्स प्राइवेट लिमिटेड बस्ती के निदेशक ऋषि अग्रवाल ने किया एफ आई आर

● छापेमारी में अन्नपूर्ति ब्रांड चावल के नाम पर 10,931 बोरियां बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में वैभव राइस मिल द्वारा ट्रेडमार्क का दुरुपयोग कर अधोमानक चावल बेचने का आरोपसंवाद सूत्र, सिंदुरियाः सिंदुरिया क्षेत्र में सोमवार को मंडी निरीक्षक निचलौल श्यामनंदन साहनी और सिंदुरिया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कंचनपुर कुईया स्थित वैभव लक्ष्मी सर्टिक्स राइस मील पर छापेमारी की गई। इस छापे के दौरान टीम ने अन्नपूर्ति ब्रांड नाम से पैक की गई 10,931 चावल की बोरिया बरामद कीं।

प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि इन बोरियों में अधोमानक गुणवत्ता का चावल भरकर अन्नपूर्ति ब्रांड की नकली पैकिंग में बेचा जा रहा था।इस मामले में सिंदुरिया पुलिस ने राइस मील के प्रोपराइटर और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। अन्नपूर्ति ब्रांड के स्वामी ऋषि अग्रवाल, जो मे. बाला जी चावल मिल्स प्रा. लि. के निदेशक हैं, ने सिंदुरिया थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया किराइसमील में छापेमारी के दौरान बरामद बोरियों को जब्त करते अधिकारी जागरण वैभव लक्ष्मी सर्टिक्स राइस मील प्रा. लि. के संचालक उनके ब्रांड की कूटरचना और भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी का अन्नपूर्ति ब्रांड ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 के अंतर्गत विधिवत पंजीकृत है और इसकी आपूर्ति प्रदेश के कई जनपदों में की जाती है। ऋषि अग्रवाल ने कहा कि कंचनपुर कुईया के राइस मील संचालक और उनके सहयोगी सड़े-गले चावल को अन्नपूर्ति ब्रांड की बोरियों में पैक कर बाजार में बेच रहे हैं। यह न केवल उपभोक्ताओं को धोखा देने का मामला है, बल्कि इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। इस फर्जीवाड़े से उनकी कंपनी को लाखों रुपये की आर्थिक क्षति पहुंची है।

सिंदुरिया थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि अन्नपूर्ति ब्रांड के स्वामी की तहरीर पर वैभव लक्ष्मी सर्टिक्स राइस मील के प्रोपराइटर और मील के अज्ञात कर्मियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## डीएम की अध्यक्षता में 10 दिवसीय स्वदेशी मेले की तैयारियों की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** देश को विकसित राष्ट्र बनाए जाने हेतु देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के स्वदेशी उत्पादों को अपनाए जाने के आह्वान एवं प्रदेश को विकसित बनाए जाने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन के क्रम में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु शासन के दिशानिर्देश पर जनपद 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला का आयोजन बड़ा परेड ग्राउंड में होगा। स्वदेशी मेला की तैयारियों के संबंध में बैठक डीएम श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। स्थानीय उत्पादों की खरीदारी के लिए बड़ा प्लेटफार्म, जिले में बने स्थानीय उत्पाद होंगे मेले की रौनक डीएम ने कहा की जिले में निर्मित स्थानीय उत्पादों एवं स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी के स्वदेशी मेला बड़ा प्लेटफार्म होगा, उन्होंने स्वदेशी मेले में स्थानीय उत्पादों एवं स्वदेशी उत्पादों की बिक्री हेतु 50 स्टॉल लगाए जाने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी मेले में जिले में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी, दीपावली की खरीदे जाने वाले उत्पाद भी मेले में होंगे, मेले में थारू जनजाति द्वारा निर्मित उत्पाद विशेष रौनक होंगे। स्वदेशी मेले में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। बड़ा परेड ग्राउंड में 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक लगेगा स्वदेशी मेला स्वदेशी मेले को भव्य रूप आयोजित किए जाने को डीएम ने बड़ा परेड ग्राउंड का भौतिक निरीक्षण किया, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें। उन्होंने स्वदेशी मेले हेतु स्टॉल एवं स्टेज के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम बलरामपुर सदर, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, टीम ने दिया नारी सुरक्षा का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** महाराजगंज तराई पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे के मार्गदर्शन में क्षेत्र अधिकारी ललिया देवेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडे के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में जागरूक किया। टीम में आदित्य कुमार, औम प्रकाश प्रजापति, तरसा राम मौर्य, प्रमोद कुमार, पवन कुमार, नीरज मिश्रा, पूजा यादव, अनीता गुप्ता, सपना राज और सपना देवी शामिल रहे। सभी सदस्यों ने जनसमुदाय को मिशन शक्ति के विभिन्न पहलुओं – जैसे महिला हेल्पलाइन 1090, घरेलू हिंसा से सुरक्षा के उपाय, साइबर सुरक्षा, और आत्मरक्षा प्रशिक्षण – की जानकारी दी। टीम ने विद्यालयों एवं ग्राम समुदायों में पहुंचकर लोगों को महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना विकसित करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि "नारी सशक्त होगी तो समाज सशक्त होगा।" कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने के संकल्प लिया।

## संस्कृत रामायण के रचयिता सन्त वाल्मिक जयंती पर समता समानता संस्कार सम्मेलन

● अन्याय अहित अहिंसा अभिमान से विकास के रास्ते रुक जायेंगे

वाल्मिक के सिद्धांतो पर चलकर देश अग्रणी भूमिका के लिए अग्रसर होगा

चीफ जस्टिस पर जूता उछालना संविधान पर हमला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के कार्यकताओं सभी फ्रंटल संगठनों पीडीए मिशन वार्ड अध्यक्षों का संस्कृत रामायण के रचयिता संत वाल्मीकि जयंती पर वृहद समता समानता, संस्कार सम्मेलन दिन में 3 बजे सपा हाल नवीन मार्केट में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरम्भ हुआ। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। कार्यक्रम संयोजक शिवकुमार बाल्मिक थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए, अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि संत वाल्मिक ने संस्कृत में रामायण लिखकर एक इतिहास कायम किया है हमें उनके सिद्धांतों पर समाज को विकसित करना है लेकिन कुछ लोग अन्याय, अहित,अहिंसा,अभियान का बीज बो कर समाज का नुकसान कर रहे हैं। हमें संत वाल्मिक ने जो संकल्प दिया उसे आगे बढ़कर राष्ट्र मजबूत करना है। अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि रायबरेली में वाल्मीकि समाज के एक लड़के को पीट पीट कर मार डाला ऐसी घटनाओं से प्रदेश में दहशत का माहौल है भाजपा सरकार संस्कार भूल गयी है कुछ वह अन्याय, जुल्म पर आंख मूंदे है जिसे सपा निन्दा करती और तय करती है कि भाजपा ने पीडीए के साथ अन्याय बंद नही किया तो सपा सड़को पर आन्दोलन की तैयारी आरंभ करेगा। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह,कुलदीप यादव ,सत्यनारायण गहरवार, आनंद शुक्ला, महेन्द्र सिंह, रजत मिश्रा, सुनील बाजपेई,शिवकुमार बाल्मिक,इंद्रदेव सिंह, के के मिश्रा, शेषनाथ यादव, प्रवीण मिश्रा, प्रीतम सिंह, अनिल कुमार, राजेंद्र सोनकर, रोहित सेठ,बालेंदर यादव,पुष्पेंद्र सिंह, राजू पहलवान आदि लोग मौजूद रहे।

# आत्म निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत टूण्डला विधानसभा का सम्मेलन बेनीवाल गार्डन में सम्पन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला –** भारतीय जनता पार्टी जिला फ़िरोज़ाबाद द्वारा आत्म निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत टूण्डला विधानसभा का सम्मेलन बेनीवाल गार्डन टूण्डला में जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन दीपक चौधरी व आकाश शर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा. दुर्विजय सिंह शाक्य क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा ब्रज क्षेत्र ने प्रबुद्धजनों, व्यापारियों, पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनानें दिशा में तस्क की दरें कम होने से, नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे लघु एवं कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा, उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना होगा। हम सभी प्रदेशवासी भारत में बने सामान का ही उपयोग करें, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिले। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' स्वदेशी के जिस मॉडल पर आधारित होगा, वही 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' की संकल्पना को पूरा करेगा, स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "आत्मनिर्भर भारत" के आह्वान ने बीते पाँच वर्षों में हर भारतीय के मन में नया आत्मविश्वास जगाया है। आत्मनिर्भर भारत केवल एक अभियान नहीं, बल्कि किसानों, कारीगरों, उद्यमियों और स्टार्ट-अप्स की शक्ति को पहचानने और अपनाने का संकल्प है। आइए, हम सभी गर्व से स्वदेशी उत्पादों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएँ और स्थानीय उद्योगों को नई ऊँचाई दें। जब हर घर स्वदेशी बनेगा, तभी भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर और अधिक दमक उठेगा। हमारा संकल्प है, हमारा मंत्र है- 'आत्मनिर्भर भारत'... भारत को आत्मनिर्भर बनाना ही होगा, हर वो प्रोडक्ट जो हम भारत में बना सकते हैं, वो हमें भारत में ही बनाना है। तस्क की दरों में कमी से व्यापारियों को सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार व्यापारियों के हित में निरंतर प्रयासरत है, जिससे व्यापारिक माहौल और भी सहज हो रहा है। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे ग्राहकों को भी इसके बारे में जागरूक करें। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर बल देते हुए उसके सामाजिक और आर्थिक लाभों को विस्तार से बताया।तस्क बचत उत्सव में कम टैक्स, ज्यादा तरक्की! कृषि उपकरणों पर घटे तस्क से किसानों को मिलेगी राहत, जिससे वे आधुनिक तरीकों को अपनाकर उपज बढ़ा सकें और खेती को और मजबूत बना सकें। यह पहल कृषि को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।तस्क 2.0 ने जीवनरक्षक दवाओं, स्वास्थ्य उपकरण एवं स्वास्थ्य बीमा को सस्ता करके देश के आम नागरिक को राहत पहुँचायी है। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व प्रेमपाल सिंह धनगर विधायक टूंडला ने सम्बोधित करते हुऐ कहा कि Ne&t Gen GST रिफॉर्म का लाभ प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के साथ ही महंगाई को न्यूनतम स्तर पर लाने में सहायक सिद्ध होगा। आज देश में हर ओर से एक ही आवाज आ रही है- 'घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार' !स्वदेशी अब केवल एक नारा नहीं है, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वदेशी की अवधारणा को विराट और व्यापक स्वरूप प्राप्त हुआ है। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान-2025 के अंतर्गत 'आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी संकल्प' को सफल बनाने के जिले व मण्डल स्तर पर अभियान टोली की संरचना की। स्वदेशी का मतलब- जो भारत में निर्मित हो, जिसमें भारत के श्रमिकों का पसीना लगा हो एवं जिसके निर्माण में भारत की युवा शक्ति की प्रतिभा लगी हो। इस दौरान अतुल प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, मोहन देव शंखवार पूर्व विधायक, भंवर सिंह ठेकेदार चेयरमैन, सुशील चक, सतीश बघेल, राजेश चौहान ने सम्बोधित किया। बंसत लाल साहू जैन, डॉ अमित गुप्ता, दिनेश गुप्ता, शिवशंकर शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, नरेश बघेल, मुकेश धामा, धर्मेंद्र सिंह, मनप्रीत कौर, विनोद प्रताप सिंह बिन्नू, देवेंद्र बेनीवाल, महावीर बघेल, पुष्पेन्द्र पाल सिंह, अजीत जुरैल, ब्रजवीर सिंह, आजाद जैन गुड्डू दीक्षित, जुबिन भारद्वाज, जसवीर यादव, नरेन्द्र सिंह, संजय चक, धर्मेंद्र तेनगुरिया सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य ने की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चित्रकूट:** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता में मंगलवार को मानवाधिकार एवं समावेशी विकास की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आयोग के सदस्य ने समाज कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के पास्को एक्ट से संबंधित मामलों में मुआवजा की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित लोगों की जानकारी ली। वृद्धा पेंशन लाभान्वित लोगों की जानकारी लेते हुए कहा कि कोई भी वृद्ध छूटने न पाए। कहा कि क्षेत्रों में जगह-जगह कैंप लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। इसके अलावा उन्होंने बच्चों, महिलाओं आदि से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी लेते हुए लाभार्थियों के बारे में पूछा तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा जिलाधिकारी के माध्यम से इसका सर्वे कराने को कहा। उन्होंने ट्रांसजेंडर कल्याण योजना के संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी को चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद कर्वी के संबंध में सफाई कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली। जिला दिव्यांग अधिकारी से दिव्यांगों को वितरण किए जाने वाले सहायक उपकरणों की जानकारी ली तथा दिव्यांगों को योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली के कनेक्शन, नल कनेक्शन व उनमें चलने वाले स्कूलों के जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सहायक श्रम आयुक्त से संचालित क्रेशर व कार्य करने वाले नाबालिग बच्चों की जानकारी लेते हुए कहा कि कार्य स्थल पर बच्चों के कार्य करते हुए पाए जाने पर ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराए। पुलिस ने कहा कि पास्को एक्ट में एक फर्मेट बनाकर सूचना मेल करें। जेल अधीक्षक से कहा कि जेल में निरुद्ध 75 साल से अधिक के लोगों व दिव्यांगों का आयुष्मान कार्ड बनवाएं। साथ ही जुर्माने व जमानत के अभाव में जेल में निरुद्ध बंदियों की जानकारी लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने आयोग के सदस्य को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मऊ एसडीएम ने किया खाद वितरण समितियों का निरीक्षण

**चित्रकूट:** मऊ तहसील क्षेत्र में खाद वितरण में अनियमितताओं की शिकायतें मिलने के बाद उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने रामनगर सोसायटी का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही खाद वितरण की व्यवस्था में सुधार कराया। इसके साथ ही एसडीएम ने बरगढ़ एवं खण्डेहा समिति का भी निरीक्षण किया। रामनगर समिति में खाद वितरण पर अनियमितताएं की शिकायत मिलने पर मंगलवार को उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने मौके पर पहुंचकर समिति का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वयं किसानों की लाइने लगवाई। जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग लाइने लगवाई गई। एसडीएम ने समिति संचालक को फटकार लगाते हुए सही तरीके से खाद वितरण करने और हिसाब-किताब दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी ने बरगढ़ और खण्डेहा स्थित समितियों का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद का वितरण पारदर्शी तरीके से किया जाए, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग लाइने लगवाए। कहा कि इसमें किसी भी प्रकार के दलालों को शामिल न किया जाए। चेतावनी दी कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया या दलालों को वितरण प्रक्रिया में शामिल किया गया, तो संबंधित समिति केंद्र के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया कि जनपद में पर्याप्त खाद की आपूर्ति है और सभी किसानों को नियमानुसार खाद दी जाए। एसडीएम ने तीनों केंद्रों के संचालकों को किसानों के साथ अच्छा व्यवहार करने और लाइन के अनुसार सभी को खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।